खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 09°C

लखनऊ, मंगलवार 9 दिसम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 34 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 17 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं: योगी पेज 2



टी-20 में जीत के साथ आगाज करने उतरेगी टीम इंडिया खेल टाइम्स



हरित हाइड्रोजन की ओर बढ़ते कदम सम्पादकीय



क्रिप्टो घोटालेबाजों पर ईडी ने कसा शिकंजा पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर में पारा 5.7 डिग्री, 10 साल का रिकॉर्ड टूटा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में शीतलहर का असर जारी है। पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में रविवार को न्यूनतम तापमान तीन से सात डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश में बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। मप्र के ज्यादातर शहरों में रविवार को पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर सहित कई जिलों में शीतलहर चली। इंदौर में सर्दी का 10 साल का रिकार्ड टूट गया। यहां रविवार रात को 5.7 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। इससे पहले 24 दिसम्बर 2015 को इंदौर में सबसे कम तापमान 7डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था। यूपी के 20 जिलों में सोमवार को इस सीजन का पहली बार घना कोहरा देखने को मिला। पीलीभीत, लखीमपुर खीरी समेत कई जिलों में विजिबिलिटी इतनी कम हो गई कि सड़कों पर 10 मीटर दूर भी कुछ नजर नहीं आ रहा था। अयोध्या सबसे ठंडा शहर रहा। यहां पारा 5.5डिग्री सेल्सियस डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### गोवा नाइट क्लब हादसा: अग्निकांड में पांचवीं गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** गोवा के एक नाइट क्लब में भीषण आग लगने की घटना के मामले में दिल्ली से एक गिरफ्तारी हुई है। इस अग्निकांड में 25 लोगों की जान चली गई थी। राज्य पुलिस ने दिल्ली से नाइट क्लब के एक कर्मचारी को हिरासत में लिया है। यह गिरफ्तारी मामले की जांच में एक नया मोड़ ला सकती है। सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान भरत कोहली के रूप में हुई है, जो दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके का निवासी है। कोहली पर नाइटक्लब के दैनिक संचालन की देखरेख की जिम्मेदारी थी। उसकी संलिप्तता नाइटक्लब के एक प्रबंधक से पूछताछ के दौरान सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। कोहली को आगे की पूछताछ के लिए गोवा ले जाया जाएगा। यह आग शनिवार रात को उत्तरी गोवा के अरापोरा में स्थित बिर्च बाय रोमियो लेन नामक नाइट क्लब में लगी थी। दुखद बात यह है कि आग की चपेट में आने वालों में अधिकांश नाइट क्लब के कर्मचारी ही थे।

### बाबरी जैसी मस्जिद के लिए 11 पेटी चंदा मिला

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने 6 दिसम्बर को बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखी। बाबरी विध्वंस की 33वीं बरसी पर इस मस्जिद की आधारशिला रखी गई। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। अब इस मस्जिद के लिए जुटाए चंदे का एक वीडियो सामने आया है। हुमायूं कबीर ने फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें कुछ लोग नोट गिनते नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि शिलान्यास समारोह में 11 पेटी चंदा इकट्ठा हुआ, जिसे गिनने के लिए 30 लोग और नोट गिनने की मशीन लगानी पड़ी। विधायक हुमायूं कबीर ने रविवार को घोषणा की कि वह फरवरी में 1 लाख लोगों से कुरान का पाठ करवाएंगे।

# वंदे मातरम पर कांग्रेस ने किया विश्वासघात: मोदी

## कहा: कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे के लिए झुकी और मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेके

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मोहम्मद अली जिन्ना ने पंद्रह अक्टूबर 1937 को लखनऊ में वंदे मातरम के विरोध का नारा किया था बुलंद

■ तब कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा था

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर वंदे मातरम के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि तुष्टीकरण की राजनीति के दबाव में कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे के लिए झुकी और मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए।

श्री मोदी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोकसभा में सोमवार को चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि वंदे मातरम के प्रति मुस्लिम लीग की विरोध की राजनीति तेज होती जा रही थी। मोहम्मद अली जिन्ना ने पंद्रह अक्टूबर 1937 को लखनऊ में वंदे मातरम के विरोध का नारा बुलंद किया तब कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। जवाहर लाल नेहरू ने ऐसे समय मुस्लिम लीग को जवाब देने और कांग्रेस की वंदे मातरम में निष्ठा को प्रकट करने के बजाय वंदे मातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि विरोध के पांच दिन बाद बीस अक्टूबर को जवाहर लाल नेहरू ने सुभाष चंद्र बोस को चिट्ठी लिखी और इसमें उन्होंने जिन्ना की भावना से अपनी सहमति जताई, जिसमें कहा गया कि यह गीत मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस को जो पत्र लिखा गया उसमें जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि मैंने वंदे मातरम का बैकग्राउंड पढ़ा है और मुझे लगता है इससे मुस्लिम भड़केंगे। इसके बाद कांग्रेस की तरफ से बयान आया कि 26 अक्टूबर से कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक में वंदे मातरम की समीक्षा होगी। इससे पूरा देश हैरान था। पूरे देश में इसके विरोध में प्रभात फेरियां निकाली। दुर्भाग्य है कि कांग्रेस ने वंदे मातरम पर समझौता कर लिया। वंदे मातरम के टुकड़े कर दिए।। कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के दबाव में कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे के लिए झुकी, इसलिए कांग्रेस को एक दिन भारत के बंटवारे के लिए झुकना पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से कांग्रेस की नीतियां आज भी वैसे ही हैं। आज भी कांग्रेस और उनके सहयोगी वंदे मातरम पर विवाद खड़ा करने की कोशिश करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि वंदेमातरम पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की भावना क्या थी वह भी सदन के समक्ष रखना चाहता हूं। उस समय दक्षिण अफ्रीका से इंडियन ओपिनियन नाम की एक पत्रिका निकलती थी, जिसमें दो दिसम्बर 1905 में महात्मा गांधी ने लिखा था यह गीत वंदेमातरम जिसे बंकिम चंद्र ने रचा है, पूरे बंगाल में अत्यंत लोकप्रिय हो गया है। स्वदेशी आदोलन के पक्ष में विशाल सभाएं हुई जहां लाखों लोगों ने ये गीत गाया। उन्होंने लिखा कि यह गीत इतना लोकप्रिय हो गया जैसे ये हमारा राष्ट्रीय गान बन गया है। यह अन्य राष्ट्रों की गीतों से मधुर है। यह भारत को मां के रूप में देखता है और उसकी स्तुति करता है। उन्होंने कहा कि जो वंदे मातरम महात्मा गांधी को राष्ट्रीय गान के रूप में दिखता –**शेष पृष्ठ दो पर**

# आसाराम केस: सुप्रीम कोर्ट ने पीड़िता की याचिका की खारिज

## अंतरिम चिकित्सा जमानत नहीं होगी रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अदालत ने कहा: हाईकोर्ट तीन माह में निपटाए लंबित अपील**



**नई दिल्ली।** आसाराम बापू से जुड़े बहुचर्चित यौन-शोषण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें मिली अंतरिम चिकित्सा जमानत को रद्द करने से इन्कार कर दिया है। सोमवार को दिए गए आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने शिकायतकर्ता की याचिका खारिज करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा दी गई राहत में हस्तक्षेप करने से साफ मना कर दिया।

हालांकि अदालत ने यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की कि वर्ष 2018 से लंबित आपराधिक अपील का शीघ्र निस्तारण आवश्यक है और राजस्थान हाई कोर्ट से इसे तीन माह के भीतर निपटाने के लिए कहा है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने की। पीठ ने स्पष्ट किया कि वर्तमान परिस्थितियों में हाईकोर्ट द्वारा दी गई चिकित्सा जमानत को रद्द करने का कोई आधार नहीं बनता, लेकिन मामले की लंबित स्थिति निश्चित रूप से चिंता का विषय है। शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि आईपीसी और पोक्सो अधिनियम के तहत गंभीर आरोपों में दोषसिद्ध व्यक्ति को इस तरह से बार-बार अंतरिम राहत देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आसाराम ने जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया है और चिकित्सा जमानत की अवधि के दौरान सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लिया। साथ ही यह भी तर्क रखा गया कि आसाराम ऐसी 'वनस्पतिक अवस्था' में नहीं हैं, जैसा कि हाईकोर्ट के आदेशों में दर्शाया गया था। आसाराम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने पक्ष रखा। वहीं राजस्थान राज्य की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा और अधिवक्ता सोनाली गौर उपस्थित रहे। राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने शिकायतकर्ता की आपत्तियों का समर्थन करते हुए अपील की असामान्य देरी और पूर्व में ज़मानत शर्तों के उल्लंघन की ओर भी अदालत का ध्यान आकर्षित किया।

### भारत विरोधी पोस्ट के आरोपी प्रोफेसर को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया पर 'भारत विरोधी और अभद्र बयान' पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार असम के गोसाईगांव महाविद्यालय के निलंबित प्रोफेसर जोयनाल आबेदीन को सोमवार को जमानत दे दी। श्री आबेदीन को जमानत देते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह भी साफ कर दिया कि जमानत के आदेश को उन्हें नौकरी पर वापस रखने का आधार नहीं माना जाना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आबेदीन छह महीने से हिरासत में हैं और मुकदमे में काफी समय लगने की संभावना है, क्योंकि अभियोजन पक्ष को अभी भी चार गवाहों से पूछताछ करनी है। उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया कि इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए उन्हें जमानत बांड जमा करने की शर्त पर रिहा किया जाए।

# इंडिगो उड़ान संकट 'गंभीर' पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से किया इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इंडिगो एयरलाइंस की ओर से बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द किए जाने और देरी के कारण देश भर में उत्पन्न यात्री संकट पर सोमवार को चिंता व्यक्त की, लेकिन इसमें तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की मांग वाली याचिका पर तुरंत सुनवाई करने से इन्कार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की खंडपीठ ने अपनी टिप्पणी में कहा कि लाखों यात्री हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं और इस व्यवधान के कारण कई लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा होगा। न्यायालय ने यह देखते हुए तत्काल सुनवाई से इन्कार कर दिया कि केंद्र सरकार ने पहले ही इस संकट का संज्ञान ले लिया है और वह इस पर कार्रवाई कर रही है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है। लाखों लोग हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। हम जानते हैं कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और अन्य कठिनाइयां हो सकती हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने समय पर कार्रवाई की है और इस मुद्दे का संज्ञान लिया है। इस मामले को लेकर शीघ्र सुनवाई के लिए दायर याचिका में दावा किया गया कि एयरलाइन में परिचालन संसाधनों की कमी, विशेष रूप से गंभीर पायलट संकट और नए 'फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन' (एफडीटीएल) मानदंडों को लागू करने में कठिनाइयों के कारण, यात्रियों को पर्याप्त सूचना दिए बिना बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द की जा रही हैं।

### इंडिगो संकट: 7वें दिन 500+ फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की उड़ान सेवाएं सोमवार को भी पटरी पर नहीं लौट सकीं हैं। दिल्ली, श्रीनगर, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद एयरपोर्ट से अब तक 500 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं। एक दिन पहले भी एयरलाइन ने 650 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी थीं। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि हालात रोज बेहतर हो रहे हैं। 10 दिसम्बर तक ऑपरेशन नार्मल होने की उम्मीद है। वहीं इंडिगो ने दावा किया कि उसने पूरा नेटवर्क रीस्टोर कर लिया है। फ्लाइट आपरेशंस 91 फीसदी आन टाइम चल रहा है जो कि रविवार से 75 फीसदी ज्यादा है। उधर, राज्यसभा में सिविल एविएशन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो संकट उसके क्रू रोस्टरिंग और इंटरनल प्लानिंग सिस्टम में समस्याओं के कारण हुआ। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतें हुईं। हम इसे हल्के में नहीं लेंगे। जांच जारी है।



नई दिल्ली: इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों का सामान जमा हो गया।

### जापान में भूकंप के तेज झटके 7.6 रही तीव्रता सुनामी का अलर्ट

**टोक्यो।** जापान के उत्तर-पूर्वी तट पर 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। भूकंप का केंद्र आओमोरी प्रांत के तट से 80 किमी दूर, 50 किमी की गहराई पर था। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा है कि भूकंप आओमोरी और होक्काइडो के तट पर आया, उत्तर-पूर्वी तट पर तीन मीटर ऊंची सुनामी आ सकती है। अभी किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। पैसिफिक सुनामी वार्निंग सेंटर ने चेतावनी जारी की है कि भूकंप के बाद उत्पन्न खतरनाक सुनामी लहरें जापान और रूस के तटों को प्रभावित कर सकती हैं, इसके अलावा भूकंप के केंद्र से 1,000 किमी के दायरे में आने वाले किसी भी क्षेत्र में विनाशकारी लहरों का खतरा बना हुआ है।

# जितने साल से मोदी पीएम, उतने साल नेहरू जेल में रहे: प्रियंका

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: वंदे मातरम केवल भावना नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई की ताकत और नैतिकता का प्रतीक है

**नई दिल्ली।** केरल की वायनाड सीट से चुनकर लोकसभा पहुंचीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी वंदे मातरम पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि संसद में इस समय ये चर्चा इसलिए कराई गई, क्योंकि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं।

प्रियंका गांधी ने संसद में आगे कहा कि वंदे मातरम केवल भावना नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई की ताकत और नैतिकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस गीत ने ब्रिटिश साम्राज्य को भी झुकने पर मजबूर किया था। प्रियंका ने कहा कि वंदे मातरम नाम लेते ही स्वतंत्रता संग्राम की यादें और उसका साहस सामने आ जाता है। उन्होंने आगे कहा कि 1930 के दशक में सांप्रदायिक की राजनीति उभरी तब ये गीत विवादित होने लगा। उन्होंने आगे कहा कि 1937 में नेताजी कोलकाता में कांग्रेस अधिवेशन का आयोजन कर रहे थे। 20 अक्टूबर का लेटर उन्होंने सुनाया, लेकिन इससे पहले उन्होंने नेहरू को एक चिट्ठी लिखी थी, इसका पीएम मोदी ने जिक्र नहीं किया। प्रियंका गांधी ने कहा कि हम देश के लिए हैं, आप चुनाव के लिए हैं। 17 अक्टूबर को चिट्ठी के जवाब में नेहरू ने 20 अक्टूबर की चिट्ठी में लिखा कि मैंने तय किया है कि मैं 25 अक्टूबर को कोलकाता आऊंगा, टैगोर से मिलूंगा। 28 अक्टूबर को कांग्रेस ने वंदे मातरम् को राष्ट्रगीत घोषित किया। इस कार्यसमिति की बैठक में सभी महापुरुष मौजूद थे। सभी इस प्रस्ताव से खुश थे। सहमत थे। संसद में वंदे मातरम पर हो रही बहस के बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सवाल उठाया कि आखिर इसकी जरूरत क्या थी। उन्होंने कहा कि यह गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा रहा है और 75 साल से आज़ाद भारत में जनता के दिलों में बसता आया है। प्रियंका ने पूछा कि आज इस पर बहस कर सरकार क्या साबित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष को जनता की जिम्मेदारियों पर ध्यान देना चाहिए, न कि ऐसे मुद्दों पर विवाद खड़ा करना चाहिए। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा में वंदे मातरम पर चल रही बहस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संविधान सभा द्वारा स्वीकृत वंदे मातरम के स्वरूप पर सवाल उठाना रवींद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, मौलाना आजाद और भीमराव आंबेडकर जैसे महान नेताओं का अपमान है। प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री 12 साल से देश चला रहे हैं, और यह वही अवधि है जितने साल पंडित नेहरू ने आज़ादी की लड़ाई में जेल में बिताए थे।

# राजधानी दिल्ली की हवा बेहद खराब

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बीते 24 घंटे में छह अंक बढ़कर 314 पहुंचा एक्यूआई

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में हवा की दिशा बदलने से प्रदूषण बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। ऐसे में सोमवार सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई।

वहीं, आसमान में स्मॉग की हल्की चादर भी दिखाई दी। इसके चलते दृश्यता भी कम रही। इस दौरान लोग मास्क पहने नजर आए। साथ ही, सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 314 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें रविवार की तुलना में छह सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई। एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 330 दर्ज किया गया, यह बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 309, ग्रेटर नोएडा में 302 और गुरुग्राम में 278 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी मानहानि केस में मंगलवार को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व रायबरेली सांसद राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले की सुनवाई सोमवार को सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में हुई। इस दौरान राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने गवाह राम चंद्र दुबे से जिरह की। कोर्ट शेष बयान दर्ज करने के लिए मंगलवार को फिर सुनवाई करेगी। यह मामला वर्ष 2018 का है। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। हनुमानगंज निवासी मिश्रा ने आरोप लगाया था कि 2018 के कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में पांच साल तक अदालती कार्यवाही चली है। राहुल गांधी के पेश न होने पर दिसम्बर 2023 में तत्कालीन जज ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। फरवरी 2024 में राहुल गांधी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत दी थी।

### प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में दो गिरफ्तार

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले की कोतवाली पुलिस ने कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की अवैध खरीद-फरोख्त के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कोतवाली थाने में पहले से दर्ज मुकदमों में धारा 26 डी एनडीपीएस एक्ट तथा धारा 61(2), 318(2), 340(2) बीएनएस और धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत शुभम जायसवाल, भोला प्रसाद एवं अन्य के विरुद्ध चल रहे मामले में दोनों आरोपियों को कोतवाली परिसर से पूछताछ के बाद रविवार देर शाम गिरफ्तार किया गया।

### एसआईआर को उप्र में लेकर राजनीतिक माहौल गरम

# घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ अवैध घुसपैठियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों के नाम लिखा मार्मिक पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एसआईआर को लेकर गरम राजनीतिक माहौल के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के के नाम चिट्ठी लिखकर सावधान रहने की अपील की है और साथ ही कहा है कि घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं दिया जा सकता।

योगी ने एक्स पर प्रदेशवासियों को संबोधित पत्र जारी करते हुए कहा कि न्यायालय की हालिया टिप्पणी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं दिया जा सकता। सरकारी संसाधनों पर पहला अधिकार प्रदेश के नागरिकों का है, न कि अवैध रूप से रह रहे लोगों का। उत्तर प्रदेश की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सुचारु कानून-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए सभी नगर निकायों को सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों पर अनधिकृत कब्जे की सफाई आवश्यक है और योजनाओं से मिलने वाले लाभ केवल प्रदेश के नागरिकों को ही दिए जाएंगे। घुसपैठियों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। चिन्हित व्यक्तियों को डिटेंशन केंद्रों में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इसके लिए प्रत्येक मंडल में विशेष केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। योगी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे सतर्क रहें और किसी भी व्यक्ति को घर या व्यावसायिक प्रतिष्ठान में नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि सुरक्षा ही समृद्धि का आधार है। पत्र के अंत में मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए सरकार हर आवश्यक कदम उठा रही है।

### घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई से सपा को परेशानी क्यों: केशव



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार प्रदेश में घुसपैठ रोकने और अवैध तत्वों पर सख्त कार्रवाई कर रही है, लेकिन समाजवादी पार्टी को इससे परेशानी क्यों हो रही है। मौर्य ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि यदि पुलिस, प्रशासन और भाजपा घुसपैठियों के खिलाफ काम कर रहे हैं, तो समाजवादी पार्टी को दर्द क्यों हो रहा है। उनका इनसे क्या रिश्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सपा सरकार के समय ही घुसपैठियों को सूची में शामिल कर संरक्षण देने का काम किया गया। सपा के शासनकाल में आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने के प्रयास भी किए गए थे, जो प्रदेश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ था। उपमुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव के हालिया बयानों को निराधार और भ्रम फैलाने वाला करार देते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार देश के संसाधनों को मजबूत कर रही है, जबकि अखिलेश यादव केवल दुष्प्रचार में लगे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बिहार चुनाव में प्रचार करने गए अखिलेश यादव को उम्मीद थी कि उसके बाद उन्हें यूपी की मुख्यमंत्री कुर्सी का सपना और करीब नजर आएगा, लेकिन बिहार का परिणाम आते ही उनका सपना चकनाचूर हो गया है। इसी बौखलाहट में वे लगातार उल्टे-सीधे बयान दे रहे हैं और आगे भी देते रहेंगे। केशव प्रसाद मौर्य ने दावा किया कि 2047 तक समाजवादी पार्टी और इसकी नेतृत्वकारी राजनीति का भविष्य अंधकारमय होने वाला है।

## एसआईआर को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रख रही भाजपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ सीएम ने विधायकों एसआईआर अभ्यास में जुटने को कहा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की 11 दिसम्बर की बढ़ी हुई अंतिम तिथि नजदीक आने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने पूरे राज्य में अपनी संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने बूथ स्तर से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक सभी इकाइयों को सत्यापन प्रक्रिया को 'सर्वोच्च प्राथमिकता' देने के निर्देश दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायकों से स्पष्ट कहा है कि वे कम से कम एक सप्ताह तक सभी गैर-जरूरी कार्यक्रमों को किनारे रखकर पूरी तरह एसआईआर अभ्यास में जुट जाएं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसी भी कीमत पर 'घुसपैठिए' और 'गैर-कानूनी मतदाता' मतदाता सूची में न बने रहें। पार्टी इकाइयों से ऐसे नामों को तुरंत चिन्हित कर हटाने के लिए कहा गया है। पिछले हफ्ते पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिग में योगी ने कहा था कि जब विपक्ष इस प्रक्रिया का विरोध कर रहा था, उसी समय उसके कार्यकर्ता जमीन पर सक्रिय होकर नए नाम जुड़वा रहे थे और 'लाखों फर्जी वोटर' पकड़े गए थे। बीते दिनों राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष के साथ हुई बैठक में भी एसआईआर प्रमुख मुद्दा रहा। फील्ड सुपरविजन को मजबूत करने के लिए दोनों उपमुख्यमंत्रियों को 25-25 जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा मंत्रियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी विशेष क्षेत्रों की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि सत्यापन में शत प्रतिशत सटीकता सुनिश्चित की जा सके। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और अन्य वरिष्ठ नेता अमेठी, रायबरेली जैसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जलों में लगातार दौरे कर रहे हैं और जिला इकाइयों के साथ बैठकें कर प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। भाजपा ने अपने पन्ना प्रमुखों और बूथ स्तर की टीमों को सक्रिय कर दिया है। इन्हें घर-घर संपर्क अभियान चलाने, हटाने के लिए चिह्नित वोटरों की मदद करने तथा पुनरीक्षण के दौरान फैलने वाली गलत सूचनाओं का जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं।

## भाजपा खोखले प्रतीकवाद में लिप्तः महबूबा मुफ्ती



**श्रीनगर।** लोकसभा में वंदे मातरम पर विशेष चर्चा शुरू होने के बाद जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि वह खोखले प्रतीकवाद में लिप्त है।

नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर बहस की शुरुआत की। महबूबा ने सवाल किया कि इस तरह के राजनीतिक नाटक से बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी और लाखों भारतीयों को प्रभावित करने वाली अन्य गंभीर मुद्दों का समाधान कैसे होगा। एक्स पर एक पोस्ट में महबूबा ने कहा कि संसद 150 साल पुराने वंदे मातरम पर बहस में व्यस्त है, जबकि इंडिगो यात्री फंसे हुए हैं और जवाब के लिए बेताब हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को परेशान करने वाले संकटों का समाधान करने के बजाय, भाजपा खोखले प्रतीकवाद में लिप्त प्रतीत होती है। महबूबा मुफ्ती देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो का जिक्र कर रही थीं, जिसने दो दिसम्बर से सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी हैं, जिससे हजारों यात्री भारत भर के हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। पीडीपी प्रमुख ने पूछा कि यह राजनीतिक नाटक कैसे नौकरियां उत्पन्न करेगा, बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करेगा या लाखों भारतीयों के वास्तविक समस्याओं से निपटेगा?

# अखिलेश ने सत्ता पक्ष को कठघरे में खड़ा किया

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कहा: बताएं उनकी विचारधारा के लोगों ने कब वंदे मातरम का गायन किया

समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि जिस विचारधारा के लोगों ने स्वतंत्रता आंदोलन में कभी भाग नहीं लिया, उसी विचारधारा के लोग आज 'वंदे मातरम' और आजादी के आंदोलन को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं।

यादव ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर लोक सभा में चर्चा में शामिल होते हुए कहा कि सत्ता पक्ष के लोग आज हर उस अच्छी चीज को अपना लेना चाहते हैं, जिसमें उनकी दूर-दूर तक सहभागिता भी नहीं रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने देश तोड़ने का काम किया, वैसी ही विचारधारा के लोग आज फिर समाज में दरार पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने को प्रखर 'राष्ट्रवादी' कहते हैं, दरअसल वे लोग 'राष्ट्रविवादी' हैं। ऐसे लोग आए दिन तरह-तरह के विवादों को जन्म देते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम ऐसा गीत है, जिसने लाखों लोगों को जागरुक किया, उन्हें नई ऊर्जा दी, ताकत दी। उनके जोश से अंग्रेज घबराने लगे और वंदेमातरम का गायन करने वाले विद्यार्थियों तक को देशद्रोही करार देकर जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम गायन मात्र के लिए नहीं है, इसकी भावना को अपनाया भी जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग आज वंदे मातरम को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं, वे बताएं कि आजादी से पहले उनकी विचारधारा से जुड़े लोगों ने कब वंदे मातरम गाया। वे बताएं कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर उन्होंने कब से अपने कार्यक्रमों या चुनावी सभाओं में लगानी शुरू की। जब सपा और बहुजन समाज पार्टी ने मिलकर उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को पराजित किया, तब से भाजपा ने संविधान निर्माता के चित्र लगाने शुरू किए। यादव ने कहा कि आज की बात करें, तो सत्ता पक्ष बताए कि इंडिगो की उड़ानें कब तक नियमित होंगी। उप्र में 26 हजार स्कूल बंद कर दिए गए, इसका जवाब कौन देगा। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम की मूल भावना देशप्रेम और भाईचारा को अपनाकर ही देश की बेहतर सेवा की जा सकेगी।

### पान मसाला से संबंधित विधेयक को प्रवर समिति में भेजा जाए: विपक्ष

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने सरकार पर पान मसाला पर उपकर लगाने के प्रावधान वाले विधेयक 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025' को हड़बड़ी में पारित कराने का आरोप लगाते हुए इसे संघीय व्यवस्था पर प्रहार बताया तथा विधेयक को विस्तृत अध्ययन के लिए प्रवर समिति में भेजे जाने की मांग की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में शुक्रवार को पारित इस विधेयक को सोमवार को राज्यसभा में पेश किया। कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने विधेयक पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है और उसे इसके लिए पैसे की व्यवस्था करने पर भी एतराज नहीं है, लेकिन ऐसा लगता है कि सरकार इस विधेयक को बिना तैयारी के हड़बड़ी में लेकर आई है। उन्होंने कहा कि विधेयक का मसौदा स्पष्ट नहीं है और न ही सरकार की मंशा स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि सरकार का कहना है कि यह उपकर उत्पादन क्षमता पर लगाया जाएगा।



सेंसेक्स 85102.69
निफ्टी 25960.55



सोना रु. 128550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 189906
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में भारी गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.68 अंक (0.71 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,102.69 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 225.90 अंक यानी 0.86 प्रतिशत गिरकर 25,960.55 अंक पर आ गया। शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली देखी गई। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.71 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 सूचकांक 2.61 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में रियलिटी सेक्टर का सूचकांक करीब 3.5 प्रतिशत टूट गया। सार्वजनिक बैंकों के सूचकांक में भी लगभग 2.8 फीसदी की गिरावट रही। रसायन, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्वास्थ्य, फार्मा, ऑटो और एफएमसीजी समूहों के सूचकांक भी एक से दो प्रतिशत के बीच गिरे। सेंसेक्स में बीईएल का शेयर करीब पांच प्रतिशत लुढ़क गया। इटरनल, ट्रेंट, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस में दो से ढाई फीसदी के बीच गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर में भी डेढ़ फीसदी के अधिक टूटे। एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, एनटीपीसी, एलएंडटी, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एलएंडटी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी एक फीसदी से अधिक टूटे। वहीं टेक महिंद्रा का शेयर 1.4 प्रतिशत के करीब चढ़ा।

### बीएसई ने इंडिगो से मांगा स्पष्टीकरण, शेयर आठ प्रतिशत लुढ़का

**मुंबई।** शेयर बाजार बीएसई ने विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा विमान सेवा कंपनी इंडिगो को कारण बताओ नोटिस की खबरों के संबंध में एयरलाइंस से स्पष्टीकरण मांगा है। बीएसई ने सोमवार को बताया कि एक वेबसाइट की खबर का लिक देते हुए कहा कि इसमें कहा गया है कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एलबर्स को कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए और समय दिया है तथा इसमें विफल रहने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## इंडिगो संकट का होटल कारोबार पर पड़ा बुरा असर

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट के कारण पिछले एक हफ्ते में देश के प्रमुख शहरों में होटल उद्योग को सबसे जडादा नुकसान हुआ है और मौजूदा अनिश्चितताओं के कारण लोगों में हवाई यात्रा को लेकर भरोसा कम हुआ है। होटल कारोबार से जुड़े लोगों ने इस तरह के विचार व्यक्त किए हैं।

नाइल हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के क्लस्टर महाप्रबंधक मनुज बहल ने कहा कि पिछले एक हफ्ते में कारोबार को बहुत बड़ा झटका लगा है। होटलों की बुकिंग में 20 प्रतिशत से जडादा की गिरावट आई है। लोग होटल इसलिए बुक नहीं कर रहे हैं, क्योंकि हवाई यात्रा को लेकर उनका भरोसा कम हुआ है। गौरतलब है कि नाइल हॉस्पिटैलिटी ग्रुप उत्तर भारत में शादी समारोह के लिए एक लोकप्रिय स्थल उदयपुर में हॉवर्ड जॉनसन और रमाडा एनकोर होटल चलाता है। राष्ट्रीय राजधानी के होटलों का हाल भी अलग नहीं है। होटलों में सिर्फ निजी बुकिग ही रद्द नहीं हो रही, बल्कि कारोबारी समारोह और सम्मेलन रद्द हो गए हो गए हैं, क्योंकि इनमें शामिल होने वाले लोग यात्रा नहीं कर पा रहे हैं।

लुटियंस दिल्ली में स्थित ली मेरिडियन की उपाध्यक्ष एवं महाबंधक मीना भाटिया ने कहा कि हालात को संभालना थोड़ा मुश्किल हो गया है, क्योंकि यह देश में सबसे ज्यादा यात्रा करने वाले समय में हुआ है। वहीं नई दिल्ली के द सूर्या होटल के उपाध्यक्ष संचालन गिरीश बिद्रा ने कहा कि हमें दिक्कतें हुईं, क्योंकि जिन मेहमानों को चेक आउट करके जाना था, वे जा नहीं पाए और जिन्होंने कमरे बुक किए थे, वे यात्रा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि जैसे ही हवाई टिकटों के दाम बहुत ज्यादा बढ़ गए, जिन मेहमानों को चेक आउट करना था, उन्होंने कुछ और दिनों तक वहीं रुकने का फैसला किया।

## चावल, चीनी, दालें मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के अलावा चीनी और दालों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं टूट गया। वहीं खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 127 रुपये बढ़कर 3,858.67 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं चार रुपये सस्ता हुआ और 2,858.82 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका।

आटा 23 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल-दलहनों में बढ़त रही। तुअर दाल 205 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। मसूर दाल की कीमत 167 रुपये और चना दाल की 133 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंग दाल में 115 रुपये और उड़द दाल में 36 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 58 रिंगिट फिसलकर 4,094 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.72 प्रतिशत गिरकर में 51.32 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 76 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल 71 रुपये और सूरजमुखी तेल 66 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट में रहा। वनस्पति 112 रुपये और मूंगफली तेल 70 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल की औसत 31 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 107 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 16 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**वंदे मातरम...**

था। यह गीत इतना महान था, तो पिछली सदी में इसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों हुआ। इसके साथ विश्वासघात क्यों हुआ। कौन सी ताकत थी जिसकी इच्छा पूज्य बापू पर भी भारी पड़ गई और वंदे मातरम को विवादों में घसीट दिया। हमें उन परिस्थितियों को नई पीढ़ी को बताना जरूर है, आखिर क्यों वंदे मातरम के साथ विश्वासघात किया गया। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम ने देश को हिम्मत दी थी। बंगाल की गलियों से निकली आवाज देश की आवाज बन गई थी।


उन्होंने कहा कि हमारे जांबाजों सपूत बिना किसी डर के फांसी के तख्ते पर चढ़ते थे और आखिरी समय में वंदेमातरम का उद्घोष करते थे। उन्होंने कहा कि अनगिनत वीर सपूतों ने जुल्म सहा, लेकिन एक ही नारा था एक भारत श्रेष्ठ भारत। उन्होंने कहा कि मास्टर सूर्यसेन को जब फांसी दी गई तब उन्होंने अपने साथियों को एक पत्र लिखा था, जिसमें एक ही गूंज थी वंदे मातरम। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में कोई एक ऐसा भाव गीत नहीं हो सकता है, जो सदियों तक प्रेरित करता हो, लेकिन वंदेमातरम आज भी हमें प्रेरित कर रहा है। इसमें हमारी स्वतंत्रता, बलिदान, ऊर्जा, समर्पण और त्याग का मंत्र था। इस गीत की लोकप्रियता ने उसी कालखंड में वंदे मातरम की रिकॉर्डिंग दुनिया में पहुंचा दिया। उस समय लंदन के इंडिया हाउस में वीर सावरकर ने यह गीत गाया। उसी समय विपिन चंद्र पाल ने अखबार निकला, जिसका नाम भी वंदेमातरम रखा।

डगर डगर पर अंग्रेजों का नींद हराम करने के लिए वंदेमातरम काफी था। मैडम भीकाजी कामा ने भी वंदेमातरम अखबार निकाला। वंदेमातरम ने भारत को स्वाबलंबन का रास्ता दिखाया। उस समय माचिस की डिबिया से लेकर जहाज पर वंदेमातरम लिखा जाता था। यह स्वदेशी का मंत्र बन गया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती ने वंदे मातरम को तमिल में लिखा था। उनके कई गीतों में वंदेमातरम की श्रद्धा नजर आती है। भारत का ध्वजगीत भी श्री भारती ने ही लिखा था। उन्होंने कहा कि जब संकटों का कालखंड होता है, तभी पता चलता है हम कितने सशक्त है।

1947 के बाद देश की चुनौतियां बदली लेकिन देश की जीवटता वही रहा। जब भी संकट आया भारत वंदेमातरम के साथ आगे बढा। एक जमाना था जब देश में खाद्य का संकट आया तब किसानों ने अन्न से भर दिया। कोराना संकट में भी यह भाव से देश खड़ा हुआ और आगे बढ़ गया। वंदेमातरम हमारे लिए सिर्फ स्मरण के लिए नहीं बल्कि उर्जा बन जाए। हम लोगों के ऊपर वंदे मातरम का कर्ज है। भारत के पास हर चुनौतियों को पार करने की ताकत है। यह हमारे लिए प्रेरणा है। हम आत्म निर्भर भारत का सपना लेकर चल रहे है।

## पांच से अधिक बार वाहन लापरवाही से चलाया, तो बीमा प्रीमियम में होगी वृद्धि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सरकार कड़े कदम उठाने जा रही है।

इस दिशा में परिवहन विभाग ने सरकार को प्रस्ताव दिए हैं कि पांच से अधिक चालान वाले वाहन धारक के बीमा प्रीमियम में वृद्धि की जाए, ताकि लोग ट्रैफिक नियमों का पालन अधिक जिम्मेदारी से करें। वहीं बीमा कंपनियों ने योजना पर सैद्धांतिक सहमति व्यक्त कर दी है। बीमा दावों का सेटलमेंट भी डिजिटल और तेज होगा, जिससे हादसे में घायल व्यक्तियों को तत्काल मुआवजा व उपचार सहायता मिल सकेगी। उत्तर प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से ई-चालान व्यवस्था को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। परिवहन विभाग ने एनआईसी के सहयोग से पहले चरण में प्रदेश के 17 जिलों में ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले चालानों को ई-चालान पोर्टल पर एकीकृत किया गया है। शेष जिलों में भी यह प्रक्रिया शीघ्र लागू की जाएगी। प्रदेश सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं की पहचान, नियंत्रण और प्रवर्तन प्रक्रिया को डिजिटल और सुचारु बनाना है। वाहन और चालक संबंधी सभी जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होने से ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित करने में आसानी होगी तथा बार-बार उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा सकेगी। साथ ही इस व्यवस्था से चालानों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग संभव होगी तथा लंबित चालानों के निस्तारण में तेजी आएगी। इसके अलावा बिना बीमा और अवैध रूप से चलने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करना आसान हो जाएगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, सरकार वाहन और सारथी एप, ई-डार, आईआरएडी और ई-चालान पोर्टलों को एक एआई आधारित प्लेटफॉर्म पर जोड़ने का कार्य कर रही है। इस प्रणाली से दुर्घटना डेटा संग्रह और विश्लेषण रीयल-टाइम में होगा।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# लखनऊ में इंजीनियर की हत्या का रहस्य गहराया

## लिव-इन में रह रही महिला ने खुद पुलिस को फोन करके दी सूचना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी में एक महिला द्वारा अपने लिव-इन पार्टनर की हत्या किए जाने का मामला अब और उलझता जा रहा है। तेरह साल बड़ी यह महिला दो जवान बेटियों के साथ इंजीनियर युवक सूर्य प्रताप के साथ थाना बीबीडी क सालारपुर गांव में किराए के मकान में रह रही थी। सोमवार सुबह महिला रत्ना ने खुद पुलिस को फोन करके वारदात की सूचना दी।

बताया कि उसने अपने प्रेमी की रात में गला काटकर हत्या कर दी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो कमरे में शव पड़ा था, और महिला व उसकी दोनों बेटियां वहीं मौजूद मिलीं। हत्या किस विवाद को लेकर हुई, इस पर अब तक कोई खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस का कहना है कि प्रारम्भिक पूछताछ में महिला ने बातचीत से बचने की कोशिश की है और विवाद का कारण बताने से इनकार किया है। पुलिस का यह भी कहना है कि वह आसपास के लोगों और परिचितों से जानकारी जुटा रही है, ताकि यह पता चल सके कि ऐसा कौन-सा कारण था जिसने हत्या जैसी घटना को अंजाम तक पहुंचा दिया। सूत्रों से भी अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि विवाद किस बात को लेकर था। बताया जाता है कि घटना के समय महिला की दोनों बेटियां भी वहीं थीं और प्रारम्भिक जानकारी में यह बात सामने आई है कि उन्होंने भी मां का साथ देने का प्रयास किया था। न तो उन्होंने भागने का प्रयास किया और न ही घटना को छुपाने की कोई कोशिश की। बल्कि सुबह स्वयं महिला ने ही पुलिस को फोन किया, जिससे पूरा मामला उजागर हुआ। हत्या का कारण अभी भी एक पहेली बना हुआ है। पड़ोसियों तथा पुलिस को भी किसी बड़े विवाद की पूर्व जानकारी नहीं थी। पुलिस का कहना है कि महिला मौन है और किसी गहरे कारण की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। जांच टीम फोरेंसिक साक्ष्यों, मोबाइल डेटा और आपसी रिश्तों की पृष्ठभूमि को खंगाल रही है, ताकि यह जाना जा सके कि आखिर ऐसा कौन-सा तनाव था जिसने हत्या की नौबत पैदा कर दी।

### सराय माधव गांव में खाना बनाते समय प्रेसर कुकर फटा, महिला घायल, अस्पताल में भर्ती

**इन्हौना/अमेठी।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत सराय माधव गांव में सोमवार को सुबह खाना बनाते समय अचानक प्रेसर कुकर फट गया जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई घायल अवस्था में उसे सूर्या हास्पिटल में भर्ती कराया गया है सराय माधव गांव के राम सरन प्रजापति, राजेश कुमार मिश्रा, हनोमान रावत, संतबली आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि टनकू कोरी की पत्नी राजवती अपने घर के आंगन में खाना बना रही थी कि अचानक प्रेसर कुकर फट गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गयी जिसे औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर स्थित सूर्या हास्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां घायल महिला का इलाज चल रहा है। पूर्व प्रधान चंद्र भान सिंह ने बताया कि प्रेसर कुकर का विस्फोट इतना था धमाके के साथ कुकर काफी दूर पर जा गिरा गनीमत रही कि अन्य किसी को चोट नहीं लगी।

### राजकीय महिला पॉलीटेक्निक में रोजगार मेले का आयोजन 17 को

**अमेठी।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, अमेठी एवं राजकीय महिला पालिटेक्निक, अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में 17 दिसंबर 2025 को पूर्वान्ह 10:30 बजे से एक दिवसीय नि:शुल्क पिंक रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेला का आयोजन राजकीय महिला पालिटेक्निक, अमेठी परिसर में किया जा रहा है। रोजगार मेले में लगभग 10 प्रतिष्ठित निजी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनमें चयन हेतु 12वीं उत्तीर्ण, स्नातक, आईटीआई एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक महिला अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी तवरहंतेंदहंउ.नच.हवअ.पद पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर अपनी योग्यता के अनुसार उपलब्ध कंपनियों में आवे. दन कर सकती हैं। रोजगार मेला पूर्णतरू नि:शुल्क है। प्रतिभाग करने की इच्छुक महिला अभ्यर्थियों को फोटो एवं बायोडाटा के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होना आवश्यक है।

# हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के 27 बटालियन पीएसी मार्ग पर देर रात करीब 12 बजे हुआ। यहां 11 बटालियन आयुध भंडार के सामने सड़क पर लगे बैरियर से तेज रफ्तार बाइक टकरा गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बैरियर से टकराने के बाद करीब 10 फिट दूर जाकर गिरी। आसपास मौजूद लोगों ने हादसा होते ही पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। हादसे में बाइक पर सवार हसीमुद्दीन पुत्र रिजवान अहमद निवासी करसेवरा थाना तालगांव और मनीराम पुत्र मैकू निवासी पलिया कला थाना रामपुर कला जनपद सीतापुर उम्र करीब 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची चौकी इंचार्ज स्वाति चतुर्वेदी ने हमराही के साथ 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, मृतक हसीमुद्दीन और मनीराम के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां मातम पसरा रहा। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया हादसा तेज रफ्तार और बैरियर से टकराने के कारण हुआ है। वही आशंका व्यक्त की जा रही है दोनों व्यक्ति शराब के नशे में थे। फिलहाल पुलिस की मामले की जांच की जा रही है।

### बगैर कार्य कराए निकाल लिए गए लाखों रुपये

**सीतापुर-शाह टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त श्रम मनरेगा अधिकारी जनपद सीतापुर को एनसीपी के प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह ने पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि जहां देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह और जिलाअधिकारी सीतापुर भ्रष्टाचार मुक्त जिला और प्रदेश बनाना चाहते हैं। वहीं विकास खण्ड ऐलिया के तकनीकी सहायक मनरेगा और पंचायत मित्र द्वारा बड़ी गड़बड़ी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि तकनीकी सहायक मनरेगा और पंचायत मित्र द्वारा ग्राम पंचायत ढोरहा में बगैर कार्य करायें 196560 रूपयों का भुगतान कराया गया है। साथ ही अन्य डिमांड भी लगा रखा है। लेकिन एक भी मनरेगा श्रमिकों द्वारा कार्य नहीं किया गया है। जिसकी फोन जीपीएस कैमरे से खिंची तस्वीरे साक्ष्य के तौर पर संलग्न हैं। अब सोचने का विषय है कि या यह जिलाअधिकारी और आपके आदेश को खुली चुनौती देने का कार्य न समझा जाये। कहीं न कहीं कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा की संलिप्तता भी कहीं जा सकती है। भुगतान हों गया और कार्य के विषय में जानकारी भी नहीं लिया गया है और दूसरा डिमांड भी लग गया। उन्होंने मांग की है कि ग्राम पंचायत ढोरहा में करायें गये कार्य की अस्थलीय जांच कराया जाये और दोषी अधिकारी और कर्मचारी से घोटाला की गई धनराशि की वसूली कराया जाये। मनरेगा एसओपी के तहत एफआईआर कराकर कठोर कार्यवाही किया जाये। भी कृति कार्यवाही से उन्हें भी अवगत कराया जाये।

# असमी लोगों को बांग्लादेशी बताने पर कांग्रेस की आपत्ति, मेयर मांगे माफी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ में रह रहे असम मूल के लोगों को बांग्लादेशी और रोहिंग्या बताने के मामले पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने कहा कि असम भारत का अभिन्न हिस्सा है, इसलिए असम के लोग देश में कहीं भी रह सकते हैं।

उन्होंने मांग की कि मेयर सुषमा खरकवाल असमी बोलने वालों पर लगाए गए आरोपों के लिए उनसे माफ़ी मांगें और उनसे छीने गए ठेले तुरंत वापस किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि असमी भाषी लोगों को यूपी से भगाने जैसी कार्रवाई होती है, तो इसका प्रतिकूल असर असम में भी पड़ेगा और उल्फ़ा जैसे अतिवादी संगठन पुनः हिंसा भड़का सकते हैं। ऐसी स्थिति के लिए भाजपा जिम्मेदार होगी। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष डा. शहज़ाद आलम ने बताया कि कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने फूलबाग स्थित बस्ती का निरीक्षण कर पाया कि वहां रह रहे लोग असम के बारपेटा और गोलपाड़ा जिलों के वैध नागरिक हैं। उनके पास आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, एनआरसी व आरएनआरसी दस्तावेज़ सहित सभी प्रमाण मौजूद हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार उन्हें जबरन बांग्लादेशी और रोहिंग्या बताकर परेशान कर रही है। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जिलेख्रजिले में डिटेंशन सेंटर बनाए जाने की घोषणा के बाद मेयर सुषमा खरकवाल पर दबाव बढ़ा है और वे बंगला भाषी लोगों को विदेशी साबित करने की कोशिश में भारतीय नागरिकों को ही निशाना बना रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसी नफ़रती राजनीति को सफल नहीं होने देगी। 18 वर्ष से लखनऊ में सफाई कर्मी का काम कर रहे इम्तियाज़ ने बताया कि मेयर के साथ आए पुलिसकर्मी ताला तोड़कर उनका ठेला ले गए, जो उनके परिवार का एकमात्र सहारा था। पंद्रह वर्षों से रह रहे अलीमुद्दीन ने बताया कि उन्हें पंद्रह दिन में लखनऊ छोड़ने की धमकी दी गई, जबकि वे शहर में किराए पर वैध रूप से रह रहे हैं। पीड़ितों ने मीडिया के समक्ष अपने सभी पहचान पत्र और दस्तावेज़ भी प्रस्तुत किए। प्रेस कान्फ्रेंस में नावेद नकवी, मनीष जायसवाल, अख्तर मलिक, शाहनवाज़ खान, मसूद अहमद, हम्माम वहीद, सैयद जाहिद, नोमन अहमद, काशिफ़ सिद्दीकी और अहमद रज़ा आदि उपस्थित रहे।

### अवैध प्लाटिंग पर गरजा बुलडोजर

**सीतापुर।** जिलाधिकारी की सख्ती के बाद तहसील प्रशासन तुरंत हरकत में आया और खैराबाद में बड़े पैमाने पर हो रही अवैध प्लाटिंग पर कड़ा एक्शन लिया गया। जिलाधिकारी के इस आदेश के बाद अवैध रूप से प्लाटिंग करने वाले लोगों में हड़कंप बचा हुआ है। सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर स्थित विष्णुनगर की तारा सिटी में प्रशासन की टीम तीन बुलडोजर के साथ पहुंची। जिसके बाद टीम ने बुलडोजरों की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। बताया गया कि यह प्लाटिंग लगभग 40 बीघा जमीन पर की जा रही थी, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य करीब 56 करोड़ रुपये है। यह कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि प्लाटिंग के लिए नियमानुसार नक्शा पास नहीं कराया गया था और निर्माण में मानकों का घोर उल्लंघन किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से बनाए गए निर्माण और बाउंड्री वाल को ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य में भी अवैध निर्माण और प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# अपहृत दो बच्चों को पुलिस ने किया बरामद

## पंजाब से बरामद हुए दोनों बच्चे

शाह टाइम्स संवाददाता



**सीतापुर।** विगत 8.05.2024 को विनोद कुमार पुत्र दीनानाथ निवासी ग्राम निगोहा थाना हरगांव ने पुलिस को बताया कि उनके 5 वर्षीय पुत्र छोटू को उनके भाई संजय पुत्र दीनानाथ की कथित पत्नी खुशबू (जिसे पूर्व से ही एक 3 वर्षीय पुत्री थी) अपने साथ कहीं ले गयी थी।

खूशबू का संजय से विवाह संतोष कुमार पुत्र मोल्हे निवासी मझिगवां थाना तालगांव, मुजफ्फर हुसैन उर्फ गुड्डू प्रधान पुत्र मुन्नू निवासी ग्रम रिछौना थाना हरगांव, शान्ती पत्नी सोहन निवासी बहाद. ुरपुर थाना खैराबाद द्वारा कराया गया था। खुशबू मेरे पुत्र छोटू को कहीं ले गयी है। जिसकी काफी तलाश की गई परन्तु नहीं मिला है। सूचना के आधार पर थाना हरगांव पर पर मु0अ0सं0 256/2024 धारा 363/368/504/506/120 बी भादवि बनाम संतोष कुमार पुत्र मोल्हे निवासी मझिगवां थाना तालगांव, मुजफ्फर हुसैन उर्फ गुड्डू प्रधान पुत्र मुन्नू निवासी ग्रम रिछौना थाना हरगांव, शान्ती पत्नी सोहन निवासी बहादुरपुर थाना खैराबाद, खुशबू पत्नी संजय पंजीकृत किया गया। बच्चों को बरामदगी के लिये पुलिस की कई टीमें चेन्नई (तमिलनाडू), नेपाल बॉर्डर, महाराज गंज, लखनऊ, सिद्धार्थनगर, अमृतसर (पंजाब) आदि स्थानों पर गई। किन्तु अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं हुई। तत्पश्चात साक्ष्यों के आधार पर दिनांक 3.12. 2025 को हस्व आदेश पुलिस महा. निरीक्षक लखनऊ रेंज लखनऊ के आदेश के अनुपालन में बाद अनुम. ति पुलिस टीम पंजाब के जिला जालन्धर ग्राम दयालपुर पहुंचे। जहां पर रामलखन के घर के बाहर एक लड़का, एक लड़की स्कूल की ड्रेस में दिखाई पड़े। मय हमराही महिला आरक्षी के साथ बच्चों के पास जाकर बच्चों से नाम पूछा गया तो लड़के ने अपना नाम प्रिन्स उर्फ छोटू पुत्र विनोद, निवासी निगोहा थाना हरगांव जिला सीतापुर बताया और पूंछने पर बता रहा है कि मैं खुशबू मम्मी के साथ, और बहन रागिनी के साथ यहां आया था। मेरी मम्मी खुशबू की तबियत खराब थी और उनको बुखार आया था, बुखार से ही मर गयी थी। जब मेरी मम्मी खुशबू मरी थी पापा रामलखन व समवारी पुत्र राम भरोसे निवासी ग्राम दयालपुर जिला जालंधर, थाना करतारपुर पंजाब भी साथ में शमशान में जलाने गये थे व गांव के भी कई लोग थे और मेरी बहन रागि. नी भी थी। शमशान के पास ही थी। पापा ने हमारी व रागिनी की फोटो शमशान के पास खीची थी। मौके पर ही राम लखन पुत्र इतवारी निवासी ग्राम दघ्याल पुर थाना करतार पुर जिला जालंधर पंजाब मूल पता गांव तनाजा थाना फूलबेहड जिला लखीमपुर खीरी से पूछताछ किया तो बताया कि मैं लखीमपुर से इधर आकर दिहाड़ी मजदूरी का काम करते है। लगभग 17-18 महीने पहले मैं धीरपुर जिला जालंधर पंजाब में दिहाड़ी का काम शाम को लौटते समय धीरपुर रोड पर बीमार हालत में बुखार से पीड़ित थी, मिली और उसके साथ में दो बच्चे थे जो काफी दयनीय स्थिति में थे। और उसने कहा कि हमको घर वाला छोड़ दिया, मुझे रख लो मैं तुम्हारी रोटी पानी बनाऊंगी, तो में उसको घर पर ले आया। मैंने उसकी बीमारी को ठीक कराने के लिये सरकारी अस्पताल जालंधर से पहले सिविल अस्पताल में दाखिला कराया था। वहां से रेफर करने के बाद सरकारी अस्पताल जालंधर से फिर घर पर ले आये थे। इसका काफी ईलाज करवाया और लगभग 15 दिन बाद उसकी रात में 3 बजे मृत्यु हो गयी थी। उसको टी. बी. की बीमारी थी। इसका काफी इलाज करवाया मैंने उससे काफी व कई बार घर व परिवार के बारे में पूंछा तो उसने खाली बताया कि वह नेपाल की रहने वाली है। मैंने यूपी के व नेपाल के कई बन्दों से पूंछ ताछ किया था। लेकिन मुझे बच्चों के बारे में जानकारी नहीं हो पायी थी। उसके मृत्यु के बाद उसका दाह संस्कार समवारी पुत्र रामभरोसे आर/ओ दयाल पुर थाना करतार पुर जिला जालंधर पंजाब, व गांव के कुछ लोग भी गये थे। मानवता के नाते उसके बच्चों का दाखिला सरकारी प्राइमरी स्कूल मनार में करवाया था। बालक प्रिन्स उर्फ छोटू व रागिनी की करीब 1 वर्ष 11 माह बाद बरामदगी की सूचना जैसे परिवारीजनो व अन्य लोगों को चली तो परिवारिजन व हरगांव के लोगो में खुशी की लहर दौड गयी। पूरे क्षेत्र में लोगों द्वारा पुलिस के कार्यो की भूरि-भूरि- प्रशंसा की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना एएचटी पुलिस टीम के उत्कृष्ठ कार्य हेतु 20,000/- रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन बढ़ाया गया।

# उप्र अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की प्रथम बैठक आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास हेतु उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन कर दिया है। प्राधिकरण में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य कार्यपालक अधिकारी सहित कुल सात नामित सदस्यों को शामिल किया गया है।

प्राधिकरण की प्रथम बैठक नौ दिसम्बर को परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित की जाएगी। बैठक का प्रथम सत्र प्रातः साढ़े दस बजे से शुरू होगा, जिसमें सभी स्टेकहोल्डरों के साथ विचार- विमर्श किया जाएगा। इसके पश्चात औपचारिक बैठक में प्राधिकरण के कार्य, नीतिगत दिशा और आगामी रोडमैप पर चर्चा प्रस्तावित है। बैठक में अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव परिवहन अर्चना अग्रवाल, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान, प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन अनिल गर्ग, प्रमुख सचिव वन एवं पर्यावरण अनिल कुमार, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति अमृत अभिजात, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष सुनील पालीवाल तथा कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी लोकनाथ बेहरा एवं संजय कुमार भी भाग लेंगे। इसके साथ ही मुख्य अभियंता अरुण कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल प्रबंधक लखनऊ रजनीश कुमार श्रीवास्तव सहित विभिन्न मंडलों के मंडलायुक्त, परिवहन आयुक्त किंजल सिंह, यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीपक कुमार, उपशा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# योगी सरकार की आबकारी नीति से एथेनॉल उत्पादन में बढ़ोतरी, निवेश प्रस्तावों में तेजी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एथेनाल उत्पादन और आबकारी क्षेत्र में निवेश के संबंध में मिले आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष बीस-पच्चीस में प्रदेश में एथेनाल उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है। आबकारी विभाग के उपलब्ध कराए गए विवरण के मुताबिक नवम्बर तक एक सौ 41. 8 करोड़ लीटर एथेनाल का उत्पादन दर्ज किया गया है।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि उत्पादन और बिक्री में आई वृद्धि से प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर एथेनाल आपूर्ति वाले प्रमुख राज्यों में शामिल हुआ है। उनके अनुसार प्रदेश के भीतर एक सौ पांच दशमलव दो पांच करोड़ लीटर तथा प्रदेश के बाहर चालीस दशमलव नौ छह करोड़ लीटर एथेनाल की बिक्री दर्ज की गई है। आबकारी विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार अल्कोहल आधारित उद्योगों में निवेश प्रस्तावों में भी वृद्धि दर्ज की गई है। विभाग के मुताबिक इंवेस्ट यूपी के अंतर्गत अब तक एक सौ पच्चीस समझौते हुए हैं जिनमें तीन लाख सात हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा तैनालीस परियोजनाओं को भूमि आवंटन के बाद 'रेडी टू लॉन्च' की स्थिति में बताया गया है, जिनके लिए छह हजार आठ सौ अठानबे करोड़ रुपये से अधिक निवेश प्रस्तावित है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में उन्नीस परियोजनाएं संचा. लित हैं जिनमें दो हजार नौ सौ करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हो चुका है। इसके अतिरिक्त गैर-एमओयू श्रेणी की अठाईस परियोजनाओं में दो हजार सात सौ बावन करोड़ रुपये का निवेश दर्ज किया गया है। आबकारी विभाग का कहना है कि चल रही और प्रस्तावित परियोजनाओं से नौ हजार नौ सौ चालीस से अधिक रोजगार अवसर बनने की संभावना है। अधिकारियों का मानना है कि निवेश में वृद्धि से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के साथ औद्योगिक गति. विधियां भी तेज होंगी।

### जनता दर्शन में उप मुख्यमंत्री ने सुनी समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने लखनऊ कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कई सैकड़ा लोगों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनी और विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित व प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन और युवा अपनी व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए, जिनमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामलों, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी, पुलिस कार्रवाई, शिक्षा और रोजगार से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन जन संवाद का सशक्त माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत स्पष्ट होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

### सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में आये नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आये बयालीस से अधिक लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने हर व्यक्ति के प्रार्थना पत्र को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित और संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं **CHUTANNI** पति **KAJIM ALI,** निवासी: लोखरियापुर, लहरपुर, सीतापुर, उ0प्र0 261135, ने अपना नाम **CHUTANNI** से बदलकर **CHOTANNI** कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिये **CHOTANNI** के नाम से जाना जाये।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# उद्यान मंत्री ने की मखाना विकास योजना की शुरुआत, बाढ़ प्रभावित पूर्वांचल को मिलेगा बड़ा लाभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान मंत्री एवं कृषि विपणन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार को गौतमपल्ली स्थित आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश में मखाना विकास योजना की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय मखाना बोर्ड के गठन के बाद प्रथम चरण में दस राज्यों को योजना के क्रियान्वयन हेतु चयनित किया गया है, जिनमें उत्तर प्रदेश भी शामिल है।

उद्यान विभाग द्वारा तैयार वित्तीय वर्ष बीस पच्चीसख्रछब्बीस की कार्ययोजना को केंद्र सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है तथा एक सौ अठावन लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। मंत्री सिंह ने कहा कि सीमित समय में भी इस राशि से तालाबों का चयन एवं निर्माण, किसानों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, बायर/सेलर मीट, मखाना पवेलियन के माध्यम से प्रचार/प्रसार, जिला एवं राज्य स्तरीय सेमिनार तथा अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में भागीदारी जैसे कार्यक्रम संचा. लित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फार मखाना स्थापित करने की दिशा में भी कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिससे मखाना उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन गति. विधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि मखाना औषधीय गुणों और उच्च बाजार मूल्य के कारण सुपरफूड के रूप में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। अब तक इसकी खेती मुख्यतः बिहार में होती थी, परन्तु उत्तर प्रदेश के अनेक जलभराव वाले क्षेत्र मखाना उत्पादन के लिए उपयुक्त हैं। पूर्वांचल के कुशीनगर, सिार्थनगर, गाजीपुर, बलिया, महाराजगंज, वाराणसी और बस्ती जनपदों को इस दृष्टि से विशेष रूप से अनुकूल बताया गया है। जहां सिंघाड़े की खेती संभव है, वहां मखाना उत्पादन भी सफलतापूर्वक किया जा सकेगा। अगले वित्तीय वर्ष में विभाग बड़े स्तर पर मखाने की खेती के विस्तार, गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री के उत्पादन तथा प्रसंस्करण इकाइयों के सुदृढ़ीकरण पर जोर देगा। प्रेसवार्ता में मंत्री सिंह ने आलू निकासी की स्थिति पर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग पारदर्शी ढंग से कार्य कर रहा है और इस वर्ष निकासी दर निन्यानवे दशमलव तीन पांच प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जो पिछले वर्ष की निन्यानवे दशमलव तीन एक प्रतिशत से अधिक है। 15 दिसम्बर तक शतप्रतिशत निकासी पूरी होने की संभावना जताई गई। उन्होंने कहा कि आलू से संबंधित किसी प्रकार की समस्या नहीं है और विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम तथ्यों पर आधारित नहीं है। प्रत्येक जनपद की विस्तृत निकासी रिपोर्ट भी सार्वजनिक की जाएगी ताकि किसानों की उपज का दुरुपयोग न हो सके।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-SLN-Toi-148-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-PRG-Toi-24-25-2 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.12.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Closed Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3801/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# वेंडर की दूसरे दिन भी नही हुई शिनाख्त

### ट्रेन की चपेट में आकर हुई थी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** रविवार की शाम को इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आकर एक वेंडर गंभीर रूप से घायल हो गया। जीआरपी उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के दूसरे दिन भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। जानकारी के अनुसार गजरौला रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस रविवार की रात को लगभग 8:00 बजे प्लेटफार्म संख्या एक पर पहुंची, इस दौरान एक वेंडर ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जीआरपी के जवान उसे लेकर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी के लिए भिजवाया तो वहीं मृतक की पहचान कराने के प्रयास किये, लेकिन घटना के दूसरे दिन भी उसकी पहचान नहीं हो सकी।

# खाटू श्याम की प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा

### नगर में निकाली गई प्रभात फेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर के रहरा अड्डा गोकुलधाम कॉलोनी स्थित मंदिर में हारे के सहारे बाबा श्री खाटू श्याम कि प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। उससे पूर्व प्रभात फेरी निकाली गई। सोमवार को गोकुलधाम कॉलोनी निवासी मास्टर अजयपाल सिंह कटारिया ने बताया कि रविवार को सर्वप्रथम प्रभात फेरी निकाल कर कॉलोनी स्थित मंदिर में हारे के सहारे बाबा श्री खाटू श्याम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। जहां विधि विधान से मंत्र उच्चारण किये गये और बाबा श्री खाटू श्याम की प्रतिमा ऐसी लग रही थी। जैसे बाबा साक्षात मंदिर में विराजमान हो गये। जहां प्राण प्रतिष्ठा के दौरान कालोनी तथा रहरा अड्डे के भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु गण कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। इस दौरान मौके पर डॉक्टर पूजा चौधरी, मास्टर अजयपाल सिंह कटारिया, लवी सागर, विजय गौतम, दीनदयाल यादव एडवोकेट, प्रेम शंकर, विजय कुमार, अमन सिंह समेत भारी संख्या में महिला पुरुष भक्तगण मौजूद रहे।




# पूर्व प्रधानाचार्य के समर्थन में उतरा आरटीई परिषद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर के पूर्व प्रधानाचार्य के पक्ष में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद खुलकर सामने आ गई है। सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि आदर्श इंटर कॉलेज कूटी दौलतपुर की प्रबंध समिति के चुनाव को स्थगित कराने के लिए कुछ असामाजिक तत्व झूठ बोलकर गुंडागर्दी के बल पर झगड़ा कर इसे निरस्त करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपनी निजी स्वार्थ की खातिर बच्चों का भविष्य अंधकार में डालना चाहते हैं। जिससे विद्यालय का स्टाफ तथा बच्चों के भविष्य पर प्रभाव पड़ेगा। पूर्व प्रधानाचार्य पर लगाये गये झूठे आरोपों की जांच समिति तथा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा की गई थी। जांच में असामाजिक तत्वों द्वारा लगाये गये आरोप बिल्कुल निराधार पाये गये थे। उन्होंने कहा कि प्रबंध समिति चुनाव को निर्धारित समय पर कराया जाना अति आवश्यक है। इस अवसर पर दीनदयाल यादव, कुलभूषण सक्सेना, जितेंद्र सैनी, प्रमोद कुमार शर्मा, नरेंद्र कुमार यादव, गोविंद कौशिक, टेकचंद सिंह राणा, राजीव सक्सेना, रामेश्वर सरन, नेपाल यादव आदि मौजूद थे।

# मांग का नियम व सांख्यिकी पर ज्ञानवर्धक सेमिनार

### जेएस हिंदू कॉलेज के वाणिज्य विभाग में सेमिनार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जेएस हिन्दू (पीजी) कॉलेज, अमरोहा के वाणिज्य विभाग में सोमवार को एक विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें आमंत्रित अतिथियों ने कंपनी, मांग का नियम एवं संख्यिकी की मानव के दैनिक जीवन में उपयोगिता विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर विभाग प्रभारी एवं गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) अनिल रायपुरिया ने सांख्यिकी की दैनिक जीवन में उपयोगिता के विषय पर विचार रखते हुए बताया कि यह निर्णयन में सहायक है एवं यह न सिर्फ सामान्य जनमानस के लिए उपयोगी है, अपितु व्यावसायिक जगत के लिए भी उपयोगी है। सहायक आचार्य डॉ.शाजिया बेगम ने मांग के नियम को विस्तार से समझाया और बताया मार्शल द्वारा दिया गया यह नियम न सिर्फ बाजार में मांग पूर्वानुमान में सहायक है अपितु वस्तुओं व सेवाओं की कीमत निर्धारित करने में भी सहयता करता है। इस अवसर पर विभाग के छात्र-छात्राओं में आदित्य मौर्या, महक, मानवी राजपूत, रमन चौहान, आंचल, प्रिया, जावेद, अरुण, पार्थ सफिया, अब्दुल रहमान, जतिन, यश सागर, अनमोल, सुहैल, कुणाल आदि ने भी सेमिनार के विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सेमिनार का संचालन सहायक आचार्य डॉ. तीर्थराज सिंह ने किया।

# लोक अदालत के प्रचार को निकाली रैली

### जिला जज ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से निकली रैली को जिला जज विवेक ने हरी झंडी दिखाकर न्यायालय परिसर से गांधी मूर्ति के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से वाद का निस्तारण कराने से समय व धन दोनों की बचत होती है और समझौते के माध्यम से निस्तारण किए जाने पर किसी भी एक पक्ष की जीत नहीं होती बल्कि जीत दोनों पक्षों की होती है। जिला जज ने कहा कि लोक अदालत में वैवाहिक विवाद, दुर्घटना, घरेलू हिंसा, वाणिज्यिक विवाद, चेक बाउंस, सेवा विवाद, शमनीय अपराधिक, ऋण वसूली, संपत्ति के बटवारें से संबंधित मामले निस्तारित कराए जा सकते हैं। उन्होंने पैरा विधिक स्वंय सेवकों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। साथ ही आमजन तक कानून की पहुंच को सरल बनाने का प्रयास करें। कोई भी व्यक्ति कानून के अभाव में न्याय से वंचित न रह सके। उन्होंने कहा कि 13 दिसंबर को आयोजित लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद चिह्नित करें तथा चिह्नित वादों का निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाएं। इस दौरान कुटुंब न्यायालय मधुलिका चौधरी, एडीजे प्रथम साकिर हसन, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत ईश्वर सिंह, सचिव ज्योति, रितिक चाहल, सितिन चौहान, हर्षित चौहान, अजब सिंह आदि मौजूद रहे।



# साइबर अपराध रोकने के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के मदर्स टच पब्लिक स्कूल में सोमवार को साइबर क्राइम वर्कशाल का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मंडी धनौरा की पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। सीओ ने बताया कि साइबर अपराध रोकने के लिए हमें स्वयं भी सजग रहना जरूरी है। बताया कि साइबर अपराध की घटना होने पर 1930 हेल्पलाइन पर सूचित करें। कहा कि बच्चे मोबाइल का प्रयोग कम से कम करें, ताकि बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ.मंजू सिंह, चेयरमैन डॉ.जितेन्द्र सिंह व कोआर्डिनेटर हरप्रीत कौर, दीप्ति मौजूद रहे।

## एलएलबी में सीधे प्रवेश की अनुमति

**अमरोहा।** हकीम महताब उद्दीन हाशमी कॉलेज ऑफ लॉ अमरोहा में एल एल. बी. त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में सीधे एडमिशन की अनुमति गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद द्वारा प्रदान कर दी गई है। एडमिशन की प्रक्रिया 15 दिसंबर 2025 तक रहेगी। यह जानकारी देते हुए कालेज की प्राचार्या डॉ राना परवीन ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी समर्थ पोर्टल पर आनलाइन रजिस्ट्रेशन करा कर कालेज से शीघ्र सम्पर्क करें।

# शायराना शाम में गूंजे फैज़, इकबाल और जॉन एलिया के तराने

### आईएम कॉलेज में पुरानी यादों का इज़हार, शायरों की महफिल ने जीता दिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ओल्ड बॉयज एसोसिएशन की ओर से रविवार रात शहर के आईएम इंटर कॉलेज में इजहार शीर्षक से वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें एसोसिएशन पदाधिकारियों ने वर्तमान व सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया। वहीं, शायरी की महफिल में फैज अहमद फैज, अल्लामा इकबाल और जॉन एलिया के अंदाज में शायरों ने कलाम पेश कर खूब वाहवाही लूटी। श्रोताओं ने कलाम को खूब सराहा।

कालेज ऑडिटोरियम में आयोजित वार्षिकोत्सव हुआ देश के विभिन्न हिस्सों से आए हुए पूर्व छात्रों ने अपनी पुरानी यादों को भावुक होकर याद करते हुए अपने खयाल पेश किए। ओल्ड बॉयज 1997 बैच के छात्रों ने वर्तमान व सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के तराने के साथ हुआ। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डा.आबिद अली खां मुख्य अतिथि के रूप शामिल रहे। पूर्व प्राचार्य कासिम आगा, हसन मुज्तबा और वर्तमान प्राचार्य डा.जमशेद कमाल, ओल्ड बॉयज के अध्यक्ष नवाजिश नकवी और सेक्रेट्री मुंतजिम मंसूरी मंच पर मौजूद रहे। प्रोफसर नाशिर नकवी ने शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कहा कि देश के विकास का रास्ता यहीं से होकर गुजरता है। शिक्षा का द्वार जिसके लिए आवश्यक है कि देश का प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित हो। प्रधानाचार्य जमशेद कमाल ने कहा कि आईएम कॉलेज की 1997 का बैच की दोस्ती का कोई मुकाबला नहीं है। इसके बाद दिल्ली से आए जॉन एलिया, अल्लामा इकबाल और फैज अहमद फैज के हमशक्ल ने बेहतरीन शायरी सुना कर लोगों की प्रशंसा हासिल की। अध्यक्षता डा. लाडले रहबर व संचालन शीबान कादरी ने किया। कार्यक्रम में मिर्जा साजिद, समर मुजतबा, विलायत अली, तबारक अली आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान यूनिस जैदी, सलीमुद्दीन, आफताब आलम, तश्कील हैदर, सकलैन हैदर, गुलरेज अब्बास, आसिफ जिया, जुनैद, शुजात शमीम, जिया उर रहमान इनाम रहमान आदि मौजूद रहे।




# शिकायतों के निस्तारण में अमरोहा प्रथम

### एसपी ने पुलिस कर्मियों का किया उत्साहवर्द्धन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सरकार की ऑनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण करने में एक बार फिर अमरोहा पुलिस को प्रदेश स्तर की रैंकिंग में पहला स्थान मिला है। इसके अलावा रैंकिंग में जिले के 13 थाने भी पहले नंबर पर रहे हैं। यह उपलब्धि एसपी अमित कुमार आनंद के कुशल निर्देशन में नवम्बर 2025 की रैंकिंग में हासिल हुई है। एसपी ने बताया कि शासन स्तर से आईजीआरएस जनसुनवाई पोर्टल पर मिलने वाली शिकायतों की समीक्षा की गई। नवम्बर महीने की प्रदेश के सभी जिलों की रैंकिंग में अमरोहा को लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान मिला है। उन्होंने बताया कि 13 थानों ने भी लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किय है। एसपी ने बताया कि जनसुनवाई पोर्टल से प्राप्त शिकायतों को पुलिस कार्यालय में गठित आईजीआरएस शाखा द्वारा संबंधित थानों को प्रेषित की जाती है। समस्त थाना प्रभारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों की जांच आख्या ऑनलाइन दिए गए समय सीमा के अंदर संबंधित को भेजी जाती है और आवेदक पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट है कि नहीं। इसका फीडबैक आईजीआरएस शाखा में नियुक्त कर्मचारियों द्वारा लिया जाता है। आईजीआरएस शाखा प्रभारी शिवप्रकाश सिंह, आरक्षी सारुल चौहान, आरक्षी प्रशान्त चौहान, आरक्षी प्रदीप बालियान ने लगन और निष्ठा से कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप अमरोहा जनपद नवम्बर माह में आईजीआरएस निस्तारण में प्रदेश में अव्वल रहा है। एसपी ने इन पुलिसकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

# बिजली संसोधन विधेयक के विरोध में उतरे किसान

**■ पुलिस ने किसान नेताओं को किया हाउस अरैस्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मुरादाबाद में मुख्यमंत्री का घेराव करके ज्ञापन देने की सूचना पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी एवं अन्य पदाधिकारियों को पुलिस ने हाउस अरैस्ट कर लिया।

भाकियू संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि हमारा संगठन केंद्र सरकार के किसान विरोधी बिजली संशोधन विधेयक (इलैक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल) 2025 व बीज विधेयक के ड्राफ्ट का डटकर विरोध कर रहा है। यह कानून बिजली के राष्ट्रीय स्तर पर निजीकरण करने को लेकर सरकार की चाल है। किसानों को चेताया कि बिजली का निजीकरण किसानों के लिए घातक सिद्ध होगा। किसानों को चिंता है कि बिल पास होने के बाद बिजली दरों में मनमाने तरीके से बढ़ोतरी पर उद्योगपतियों की मनमानी का दंश झेलना पड़ेगा, वहीं राज्यों की ओर से दी जा रही सब्सिडी या फिर किसान हितैषी अन्य योजनाओं को लागू नहीं किया जा सकेगा। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर मौजूद रहे। इस मौके पर अरुण सिद्धू, चंद्रपाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, रामकृष्ण चौहान, अंसार मलिक, सरदार मनदीप सिंह, सरदार जगपाल सिंह, तेजपाल सिंह मौजूद रहे।



# पालिका टैक्स में 50 लाख का गबन, दो पालिका कर्मी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बीसलपुर नगर पालिका टैक्स में 50 लाख का गबन करने वाले दो पालिका कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दो माह पूर्व शमशेर सिंह (अधिशासी अधिकारी) नगर पालिका परिषद बीसलपुर जनपद पीलीभीत के द्वारा थाना बीसलपुर पर सूचना दी गयी कि रामनिवास, उपेन्द्र कुमार व अन्य के द्वारा नगर वासियों से जलकर, ग्रहकर, किरायाजात व अन्य मदों की वसूली कर कोष में जमा न करने तथा लगभग 50 लाख रुपये का गबन कर लिया गया। थाना बीसलपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की पुष्ट सूचना पर सोमवार को जितेन्द्र कुमार पुत्र हजारी लाल नावसी मो० दुर्गाप्रसाद निकट जनता इण्टर कालेज कस्बा व थाना बीसलपुर पीलीभीत हाल तैनाती सफाई कर्मी वसूली कर्ता नगर पालिका परिषद बीसलपुर पीलीभीत उपेन्द्र कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी मो० दुर्गाप्रसाद निकट भूतनाथ मन्दिर कस्बा व थाना बीसलपुर पीलीभीत हाल तैनात चपरासी वसूली कर्ता नगर पालिका परिषद बीसलपुर पीलीभीत को कस्बा बीसलपुर में रामलीला रोड रावण मन्दिर के निकट से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



# अज्ञात व्यक्ति का खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप, तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद

**पीलीभीत।** शहर के देश नगर स्थित शिवनगर कॉलोनी में गांधी स्टेडियम के पीछे सोमवार सुबह अचानक गोली चलने की आवाज से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुँची तो एक अज्ञात व्यक्ति खून से लथपथ जमीन पर पड़ा मिला।

मृतक की जेब से तीन जिंदा कारतूस और कुछ नगदी बरामद हुई, जबकि पास में एक तमंचा भी पाया गया। मौके पर पहुँचे अधिकारी, फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी हुई है। घटना की जानकारी होते ही सदर सीओ दीपक चतुर्वेदी, सदर कोतवाल सत्येंद्र कुमार सहित फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुँची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया पुलिस इस मामले को आत्महत्या मान रही है।

## एसआईआर पर राजनैतिक दलों संग डीएम ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद की चारों विधानसभा का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण अभियान से सम्बन्धित डाटा प्रदर्शित किया गया। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की समस्या/शंकाओं का समाधान किया गया।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी राजनैतिक दलों को एएसडी की सूची उपलब्ध कराई जाए तथा एसआईआर से सम्बन्धित अद्यतन विवरण राजनैतिक दलों से साझा किया जाये। उन्होंने एसआईआर के कार्य में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग करने की अपील की।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रसून द्विवेदी, नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह, उप जिलाधिकारी बीसलपुर, उप जिलाधिकारी पूरनपुर, उप जिलाधिकारी अमरिया, राजनैतिक दलों के पदाधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुमार कश्यप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजश्री मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग छात्रों का बवाल

**■ गेट बंद कर घंटों धरना INC मान्यता पर हंगामा**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** टोल प्लाजा स्थित राजश्री मेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग इंस्टीट्यूट में सोमवार को मान्यता के मुद्दे पर नर्सिंग छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा। बीएससी नर्सिंग फर्स्ट सेमेस्टर के छात्रों ने सुबह ही कॉलेज का मुख्य गेट बंद कर दिया और वहीं धरने पर बैठ गए। अचानक हुए इस विरोध से कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मच गया।

छात्रों का आरोप है कि एडमिशन के दौरान उन्हें बताया गया था कि संस्थान को INC (इंडियन नर्सिंग काउंसिल) की मान्यता प्राप्त है। कई बार इन्होंने वादे भी किए, लेकिन दिसंबर में भी कॉलेज की मान्यता वेबसाइट पर अपडेट नहीं हुई। छात्रों ने कहा कि बिना मान्यता के उनकी डिग्री का कोई मूल्य नहीं रह जाएगा और भविष्य अंधकार में धकेल दिया जाएगा। धरने में बैठे छात्रों ने प्रशासन पर भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और कहा कि जब तक स्पष्ट जवाब नहीं मिलता आंदोलन जारी रहेगा।

धरने की जानकारी मिलते ही एलआईयू और स्थानीय पुलिस प्रशासन भी हरकत में आया और कॉलेज पहुंचकर छात्रों से बातचीत की। छात्रों ने मांग की है कि INC से मान्यता की वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि भरोसेमंद समाधान नहीं मिला तो उनका आंदोलन और तेज होगा।

मामले पर कॉलेज प्रिंसिपल गौरव प्रताप सामने आए और उन्होंने कहा INC की मान्यता हर साल रिन्यू होती है और इस वर्ष हमने पूरी दस्तावेजी प्रक्रिया समय पर पूरी कर भेज दी है।अब तक जिले के 15 नर्सिंग कॉलेजों के नाम इस वर्ष अपलोड हो गए हैं और हमारा कॉलेज का भी जल्द ही मान्यता का डेटा वेबसाइट पर 31 दिसंबर तक अपडेट हो जाएगा। छात्रों को गुमराह नहीं किया गया। उनका भविष्य सुरक्षित है और किसी को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। प्रिंसिपल ने छात्रों से शांति बनाए रखने और पढ़ाई बाधित न करने की अपील की।

# ठंड के बढ़ते प्रकोप के चलते कर्मचारियों को बांटी गर्म वर्दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** ठंड के बढ़ते प्रकोप के चलते नगर पंचायत के सभी कर्मचारियों को गर्म वर्दी वितरित की गई। वर्दी पाकर कर्मचारियों कचहरे खिल उठे।

बताते चलें कि ठंडा का प्रकोप शुरू होते ही नगर पंचायत में सभी कर्मचारियों को गर्म वर्दी वितरित की जाती है। इस बार भी चेयरमैन नीलोफर एवं अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार द्वारा नगर पंचायत कार्यालय में गर्म वर्दी बांटी गई। इस अवसर पर चेयरमैन नीलोफर ने कहा कि कर्मचारियों को बेहतर सुविधा देना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि वह सफाई के प्रति जागरूक रहें। नगर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें। किसी भी वार्ड में गंदगी की शिकायत मिली तो कार्यवाही की जाएगी। साथ ही यह भी कहा कि अच्छा कार्य करने वाले सफाई कर्मी पुरस्कृत भी किए जाएंगे। चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी गुड्डू भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

**■ चेयरमैन ने कहा कर्मचारियों को सुविधा देना हमारी प्राथमिकता**

## एक नजर

# सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम ने दिया सशक्तिकरण और समाज परिवर्तन का सन्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सरस्वती विद्या मन्दिर मुड़िया नवीन नगर बहेड़ी बरेली में सप्तशक्ति संगम का भव्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति में आत्मगौरव बढ़ाने के साथ-साथ दायित्व बोध का जागरण कराना था। मुख्य अतिथि स्वाति कुमार जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा बरेली व स्नेहलता गंगवार ब्लॉक प्रमुख रिछा दमखोदा ने कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके किया। मुख्य अतिथि स्वाति कुमार ने कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण में नारी की भूमिका को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता अनीता शर्मा प्रधानाचार्य कस्तूरबा गाँधी इंटर कॉलेज मुड़िया नवी बख्श ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला, और नागरिक कर्तव्यों की ओर ध्यान आकर्षित किया। स्नेहलता गंगवार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रस्तावना प्रस्तुत की। विशिष्ट माताओं के सम्मान के क्रम में सुखदेई, रेनू, नीलम कुमारी द्वारा एकल परिवार की समस्या और कुटुंब प्रबोधन का सम्बोधन कराया, और विशिष्ट माताओं को संचालिका दिशा शर्मा, गिरिजेश ठाकुर, प्रियांशी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रानी लक्ष्मीबाई एवं मोबाइल के दुष्परिणाम के पात्रों का मंचन प्रेरणादायी रहा। नारीशक्ति द्वारा अपनी शक्ति का जागरण करने के लिए संकल्प लेते हुए कार्यक्रम का समापन शान्तिमंत्र के साथ हुआ।

# खादी उत्सव में ग्राम प्रधानों को किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी खादी एवं स्वावलंबन उत्सव-2025 में सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम और ग्राम प्रधान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी 1 से 10 दिसंबर 2025 तक वेशली प्रगति मैदान, बिशप मंडल इंटर कॉलेज ग्राउंड, बरेली में चल रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष बरेली, रश्मि पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में महावीर प्रसाद सक्सेना कन्या इंटर कॉलेज, आर्य समाज मूड़ की छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग विकास एवं सतत रोजगार प्रोत्साहन नीति के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए चयनित 30 ग्राम प्रधानों (प्रत्येक विकासखंड से दो) को सम्मानित किया गया। उन्हें प्रोत्साहन राशि के रूप में 2000 रुपये, अंगवस्त्रम और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को भी प्रशस्ति-पत्र और मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया।

परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर महानगर उपाध्यक्ष अरुण कश्यप, शुभम और विनय कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रदर्शनी के समापन में अभी दो दिन शेष हैं। आम जनता से अपील की गई है कि वे प्रदर्शनी में पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर कारीगरों और बुनकरों को प्रोत्साहित करें। यह जानकारी परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा दी गई।

# ऑपरेशन क्लीन: देवरनियां थाने में 41 वाहनों की नीलामी



**सरकार को 5.61 लाख रुपये का प्राप्त हुआ राजस्व**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत देवरनियां थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना परिसर में लंबे समय से खड़े लावारिस और सीज किए गए कुल 41 वाहनों की नीलामी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस नीलामी से सरकारी खजाने में 5,61,680 रुपये की महत्वपूर्ण धनराशि जमा हुई है।

यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश और पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई। माननीय न्यायालय जेएम बहेड़ी और उपजिलाधिकारी बहेड़ी के आदेश के बाद यह प्रक्रिया पूरी हुई। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य थाना परिसरों में वर्षों से खड़े अनुपयोगी वाहनों का निस्तारण कर परिसर को सुव्यवस्थित करना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।

नीलामी में कुल 41 वाहन शामिल थे, जिनमें 18 लावारिस वाहन और 23 मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज किए गए वाहन थे। इन वाहनों में 38 मोटरसाइकिल और 03 चार पहिया वाहन (कार) शामिल थे। नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी ढंग से संपन्न की गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बहेड़ी अरुण कुमार सिंह, नायब तहसीलदार बहेड़ी दिवाकर सिंह और थानाध्यक्ष देवरनियां आशुतोष द्विवेदी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। नीलामी में 52 कबाड़ी बोलीकर्ता पहुंचे, जिन्होंने नियमानुसार सिक्योरिटी धनराशि जमा की, जिससे प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित हुई।

आरटीओ द्वारा इन वाहनों का मूल्यांकन 1,36,700 रुपये किया गया था, जबकि खुली बोली में अंतिम बोली 4,76,000 रुपये तक पहुंची। यह नीलामी जाहिद हुसैन पुत्र जफर हुसैन, निवासी रजा कॉलोनी, मिनी बाईपास, थाना किला, बरेली के नाम से स्वीकृत हुई। इसके साथ ही 18 प्रतिशत जीएसटी जोड़कर कुल 5,61,680 रुपये की राशि प्राप्त हुई, जिसे नियमानुसार राजकोष में जमा किया जाएगा। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे। इसका लक्ष्य थानों में वर्षों से खड़े जर्जर वाहनों का निस्तारण करना और जनता को बेहतर पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

# मैक्स अस्पताल वैशाली ने बरेली में ओपीडी सेवाएं शुरू कीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**न्यूरोसर्जरी और स्पाइन सर्जरी के लिए परामर्श उपलब्ध**

**बरेली।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली ने बरेली में न्यूरोसर्जरी और स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाएं शुरू की हैं। ये सेवाएं शुक्रवार को बरेली के वेदांता हॉस्पिटल में औपचारिक रूप से शुरू की गईं। इस पहल का उद्देश्य बरेली और आसपास के क्षेत्रों में उन्नत न्यूरो और स्पाइन देखभाल को अधिक सुलभ बनाना है। इन नई ओपीडी सेवाओं के तहत, वेदांता हॉस्पिटल, बरेली में हर शुक्रवार दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक परामर्श उपलब्ध रहेगा। मैक्स अस्पताल, वैशाली के न्यूरोसर्जरी एवं एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. आदित्य भारद्वाज ने बताया कि सभी आधुनिक जांच और उपचार सुविधाएं अब स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी।

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के न्यूरोसाइंस विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. गौरव अरोड़ा ने कहा कि जटिल न्यूरोलॉजिकल बीमा. रियों के लिए बेहतर निदान और उपचार की आवश्यकता को देखते हुए यह सेवा शुरू की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि न्यूरोनेविगेशन, माइक्रोस्कोपी और इमेज-गाइडेड सर्जरी जैसी आधुनिक तकनीकों से बिना बड़े चीरे के स्पाइन सर्जरी संभव हो रही है, जिससे मरीज जल्दी स्वस्थ होते हैं। अस्पताल के अनुसार, नई ओपीडी की शुरुआत से मरीजों को मस्तिष्क ट्यूमर, स्पाइन ट्यूमर और रीढ़ से जुड़े अन्य जटिल रोगों के लिए विशेषज्ञ समाधान आसानी से मिल सकेंगे। मैक्स अस्पताल, वैशाली का कहना है कि यह कदम मरीजों को उनके घर के नजदीक उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। संस्था ने उपचार प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा, समय पर निदान और मरीज-केंद्रित देखभाल को प्राथमिकता देने की बात कही है।

# शादी में हर्ष फायरिंग से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** सिरौली थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान एक युवक की मौत हो गई। खुशी का माहौल मातम में बदल गया और इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। एसपी साउथ बरेली, अंशिका वर्मा ने इस मामले पर सख्त बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि हर्ष फायरिंग जैसी खतरनाक हरकत किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिशें दी जा रही हैं। हथियार बरामद करने के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं।

एसपी दक्षिणी के अनुसार, बारात में मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटना से संबंधित वीडियो और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। फायरिंग करने वाले युवक पर सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जहां एक ओर शादी में डांस और ढोल की थाप गूंज रही थी, वहीं अचानक चली गोली ने खुशी को चीखों में बदल दिया। घटना के बाद बारात में भगदड़ मच गई और लोगों में दहशत फैल गई। अधिकारियों का कहना है कि यह मामला एक उदाहरण बनेगा, ताकि भविष्य में कोई भी शौकिया फायरिंग को मजाक न समझे और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी बरेली पहुंचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज बरेली पहुंचे। वे महापौर डॉ. उमेश गौतम के पुत्र पार्थ गौतम के विवाह उपरांत आयोजित आशीर्वाद प्रीतिभोज समारोह में शामिल होने आए थे। महाराज कैलाशानंद गिरी पुलिस लाइन हेलीपैड पर उतरे। यहां से वे सीधे पार्थ गौतम के आशीर्वाद समारोह स्थल पर पहुंचे, जहां उनका स्वागत किया गया। समारोह के बाद, उन्होंने कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के निवास पर कुछ देर विश्राम किया और भक्तों से बात. चीत की। शाम को, स्वामी जी पुलिस लाइंस से हेलीकॉप्टर द्वारा हरिद्वार के लिए रवाना हो गए। इस दौरान महापौर उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा एवं समाज के अध्यक्ष अंशु आर्य, पंजाबी सभा के अध्यक्ष कंवल विग, अम्बरीष कठेरिया, अंकित आर्य, ब्लॉक प्रमुख सतेंद्र यादव, अंकुश आर्य, योगेंद्र सिंह और संजीव सागर सहित कई भक्त उनके स्वागत में उपस्थित रहे।



# योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने वाली ग्राम प्रधान को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** खादी और ग्रामोद्योग विकास प्रोत्साहन नीति के तहत सोमवार को जिले की ग्राम प्रधानों को सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन करने वाले ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में भदपुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सुन्दरी की प्रधान सुनीता सागर को सोमवार को बरेली में आयोजित एक कार्यक्रम में संबोधित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने उन्हें प्रशंसा प्रमाण पत्र के साथ ही नकद प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पति बंटू सागर भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत बेहतर कार्य किए जाने पर विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुन्दरी की प्रधान सुनीता सागर को सम्मानित किए जाने पर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंग. वार, भाजपा नेता नत्थू लाल आर्य, भारतबीर गंगवार, खण्ड विकास अधिकारी के साथ ही सचिव संगीता देवी ने उन्हें बधाई दी।

# गन्ना भुगतान की मांग को लेकर तहसील परिसर में पैनी नजर का अनिश्चित कालीन धरना शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंग. वार अपनी पूर्व घोषणा के तहत सोमवार को क्षेत्र के दर्जनों किसानों के साथ अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गईं। उन्होंने साफ साफ चेतावनी दी कि जब तक किसानों के गन्ना बकाए के भुगतान नहीं हो जाता, वह रात दिन धरने पर बैठी रहेंगी।

क्षेत्र के गन्ना किसानों का क्षेत्र की ओसवाल चीनी मिल पर किसानों का पिछले दो साल का 70 करोड़ 34 लाख रुपया बकाया चला आ रहा है। वर्तमान समय में मिल भी नहीं चल पा रही है, जिससे किसानों में अपनी बकाया को लेकर खासी बेचैनी है।

एक सप्ताह पहले सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार ने तहसील में धरना देकर गन्ना भुगतान की मांग की थी, साथ ही तहसील प्रशासन को 8 दिसंबर से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी थी। अपनी घोषणा पर अमल करते हुए सोमवार को एड सुनीता गंगवार क्षेत्र के गन्ना किसानों के साथ तहसील परिसर में धरने पर बैठ गईं।

धरना स्थल पर किसानों को सम्बोधित करते हुए एड सुनीता गंग. वार ने प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला, कहा कि मौजूदा सरकार किसान विरोधी है, सरकार द्वारा मिल की आरसी तो जारी कर दी गई, लेकिन आगे की कार्यवाही कर किसानों के बकाए का भुगतान नहीं कराया गया। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ ही पड़ोसी जिले के गन्ना मंत्री पर किसानों का उपहास उड़ाए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों का अपमान कर आप भी चौन से नहीं रह सकते हो।

श्रीमती गंगवार ने कहा कि सरकार बुलडोजर से नहीं आपसी भाई चारे से चलती है, उन्होंने पूर्व में रिठौरा की पुलिया बनवाए जाने की मांग को लेकर किए गए अपने आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि जब तक किसानों का भुगतान नहीं हो जाता वह ऐसे ही धरने पर डटी रहेंगी। धरने को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव कुमुद गंगवार ने भी संबोधित करते हुए अपना और पार्टी के पूर्ण समर्थन दिए जाने की घोषणा की। उन्होंने क्षेत्र के गन्ना किसानों के दो साल की बकाए को दुर्भाग्य पूर्ण बताते हुए प्रशासन से तत्काल ही गन्ने का भुगतान कराए जाने की मांग की।

सुबह 11 बजे से शुरू हुए इस धरना प्रदर्शन में सामाजिक संस्था पैनी नजर के वरिष्ठ नेता वहीद अहमद, रामरतन गंगवार, ब्रह्मानन्द गंगवार, बृजेश गंगवार, नानक चन्द शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे। खास बात यह रही कि किसानों का धरना प्रदर्शन जैसे ही तहसील परिसर में शुरू हुआ वैसे ही कुछ देर बाद एसडीएम उदित पवार और तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह अपने-अपने कार्यालय से उठकर चले गए, और शाम तक तहसील वापस नहीं लौटे।

# कलस्टर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली के तत्वावधान में एवं जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली की गरिमामयी उपस्थिति में संवर्धन का आज सफल आयोजन अर्बन हाट के सभागार में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जज प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

कार्यक्रम में हरदोई के अपर जिला जज भूपेन्द्र प्रताप, पीलीभीत के अपर जिला जज सुनील कुमार द्वितीय एवं शाहजहांपुर के अपर जिला जज ओम प्रकाश मिश्रा तृतीय सहित बरेली के अपर जिला जज एवं सचिव उमाशंकर कहार सहित 176 परा विधिक स्वयंसेवकों (अधिकार मित्रों) ने प्रतिभाग किया। अपने उद्घाटन भाषण में जिला जज बरेली ने आशा व्यक्त की कि आज का प्रशिक्षण कार्यक्रम पीएलवीगण के लिए बहुत ज्ञानवर्धक और लाभकारी सिद्ध होगा। अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली उमा शंकर कहार ने मानव तस्करी की रोकथाम के लिए किये जाने वाले प्रयासों, पॉक्सो एक्ट-2012 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक शुक्ला ने मानसिक रोगों और रोगियों की सहायता के संबंध में अवगत कराया। पराविधिक स्वयं सेवक (अधिकार मित्र) सुधीर उपाध्याय ने माता-पिता वरिष्ठ नागरिक कल्याण अधिनियम 2007 विषय पर व्याख्यान दिया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना व वन स्टाप सेंटर योजना के संबंध में जानकारी दी। वन स्टाप सेंटर की प्रबंधक चंचल गंगवार ने भी वन स्टाप सेंटर से संबंधित महत्वपूर्ण जानका. रियां दीं। कार्यक्रम के तृतीय सत्र में अपर जिला जज बरेली उमा शंकर कहार ने पॉक्सो एक्ट पर विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में सर्वश्री राम दत्त, डिप्टी चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल, विनीत कुमार सक्सेना, एडवोकेट, बालेश कुमार मिश्रा, चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल, नेहा असिस्टेंट एलएडीसी, और सत्यपाल पीएलवी, बरेली ने भी विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त करते हुए प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर शाहजहांपुर के अफजल ने देश भक्ति का गीत जिंदगी मौत न बन जाए, संभालो यारों सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सय्यद समीर अहमद, लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने किया जबकि उमा शंकर कहार,अपर जिला जज बरेली ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में जुटने का आवाहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** असली रह न पाए और फर्जी बन न पाए। सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह ने साफ साफ कहा कि किसी भी असली मतदाता का बोट बनने से न रह जाए और किसी का भी फर्जी वॉट न वन सके।

पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से इस अभियान में जी जान से जुट जाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि सही ढंग से मतदाता सूची बन जाए तो बड़े बहुमत से सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के कार्य की जमकर तारीफ करते हुए आगामी 2027 में भी विधायक बनने की भविष्यवाणी कर सभी को चौंका दिया। क्षेत्र के आर्य कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित इस बैठक को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं से (एसआईआर) विशेष गहन पुनरीक्षण में जुटने की अपील की। इसमें भाजपा के जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक भारती, ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महासचिव डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार, भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार, भाजपा के जिला महासचिव वीरपाल गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, भाजपा नेता नत्थू लाल आर्य, युवा नेता भुवनेश गंगवार, डॉक्टर पूजा गंगवार के साथ ही सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

## हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# बरेली जनसुनवाई रैंकिंग में चौथे स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** जनपद बरेली ने नवंबर माह की जनसुनवाई रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया है। यह अक्टूबर में मिली पांचवीं रैंक की तुलना में एक महत्वपूर्ण सुधार है।

जिले की विभिन्न तहसीलों ने भी इस रैंकिंग में अलग-अलग प्रदर्शन किया है। तहसील बहेड़ी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। अन्य तहसीलों में नवाबगंज और सदर को 42वीं रैंक मिली। आंवला को 74वीं, मीरगंज को 89वीं और फरीदपुर को 176वीं रैंक प्राप्त हुई।

यह प्रदर्शन जनपद प्रशासन द्वारा जनसुनवाई प्रणाली में किए गए सुधारों और जन समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में की गई प्रभावी कार्रवाई को दर्शाता है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने इस उपलब्धि पर अधिकारियों को बधाई दी है।

# चक्कर की मिलक इलाके में पानी की टंकी बनी सेल्फी प्वाइंट, युवा अपनी जान के साथ कर रहे खिलवाड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के चक्कर की मिलक में रामगंगा नदी किनारे स्थित करीब 200 फीट ऊंची पानी की टंकी इन दिनों युवाओं के लिए रोमांच का अड्डा बन गई है। यह टंकी अब सोशल मीडिया के लिए 'मौत का सेल्फी प्वाइंट' बन चुकी है। हर दिन दर्जनों युवक यहां बिना किसी अनुमति और सुरक्षा के टंकी पर चढ़कर खतरनाक सेल्फी लेते नजर आते हैं, जिससे किसी भी पल बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है।स्थानीय लोगों के अनुसार शाम होते-होते यहां भीड़ बढ़ने लगती है। कई बार युवा टंकी के किनारों पर खड़े होकर वीडियो और फोटो बनाते हैं। हल्की सी फिसलन या संतुलन बिगड़ने पर नीचे गिरना तय है, क्योंकि टंकी के आसपास न तो कोई सुरक्षा व्यवस्था है और न ही किसी तरह की निगरानी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद युवक मानने को तैयार नहीं होते। इस ऊंचाई पर चढ़ना न सिर्फ जानलेवा है बल्कि पूरी तरह अवैध भी है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि टंकी के आसपास पुलिस गश्त बढ़ाई जाए तथा ऊपर चढ़ने से रोकने के लिए मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की जाए। वहीं अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे अपने



बच्चों को ऐसे खतरनाक रोमांच से दूर रखें। क्षेत्रवासियों का कहना है कि समय रहते कड़े कदम नहीं उठाए गए तो यहां कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। फिलहाल पानी की यह टंकी रोमांच खोज रहे युवाओं को आकर्षित कर रही है, लेकिन यहां की लापरवाही किसी भी दिन बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है। प्रशासन की निष्क्रियता और सुरक्षा प्रबंधों की कमी को लेकर लोग गंभीर चिंता जता रहे हैं।

# आवारा पशु ने ली बुजुर्ग की जान, कई बार हो चुके हैं लोग इनका शिकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के जिला अध्यक्ष मोहम्मद रिहान एडवोकेट ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर छुट्टा जानवरों पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि दो साल के अंतराल में यह छुट्टा जानवर बिहार में दो लोगों की जान भी ले चुके हैं। अखिल भारतीय पंचायत परिषद के जिला अध्यक्ष मोहम्मद रेहान एडवोकेट द्वारा जिला अधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि विशेष आर्थिक क्षेत्र के गोल चम्कर निकट पुलिस चौकी पर छुट्टा बिझार (बैल) पिछले दो साल से लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे है। ये छुट्टा गौवंश चौक पर बैठे रहते हैं व इनमें से कुछ अति उत्तेजक हैं जो वहाँ से गुजरने वाले लोगों पर हमलावर हो जाते हैं। बीस दिन पूर्व इन्होने वहादुरपुर राजपूत के राजध्कुध्मार पुत्र डा. महेन्द्र की जान



ले ली व उसका साथी छोटे पुत्र भीकम अस्पताल में भर्ती है। बीते कल लालपुर गैंगवारी निवासी मरगूब पुत्र छोटे पर हमला कर उसको मार डाला है। इससे पूर्व जुबैर पुत्र मुस्तफा निवासी रसूलपुर हमीर को भी हमला कर घायल कर दिया था। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा है कि इस गंभीर विषय का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए में हैं गौशाला में छुड़वाने का कष्ट करें।

## एक नजर

### माहे कर रहे खेतों में नुकसान, किसान हो रहे परेशान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** महो की भरमार होने के कारण किसान परेशान हैं महे छोटी फसलों को निरंतर नुकसान पहुंचा रहे हैं और किसान कुछ नहीं कर पा रहे हैं। बतादें कि क्षेत्र में नीलगाय और महो की काफी भरमार है जिसके कारण सरसों एवं अगैती गेहूं की फसल को उनसे काफी नुकसान हो रहा है वह जितनी फसल खा रहे हैं उससे ज्यादा उसमें नुकसान कर रहे हैं इन पर रोक लगाना किसान के बस में भी नहीं है अगर कोई किसान खेतों पर तार. बंदी करने की कोशिश करता है तो उसमें भी सरकारी कानून बाधक बन जाते हैं इसलिए किसान केवल मन मसोस कर रहने को मजबूर है किसानों ने काफी पहले नील गाय को पकड़वाकर वनों में छुड़वाए जाने की मांग उठाई थी लेकिन इस पर भी आज तक कोई काम नहीं हो पाया और महो के साथ-साथ अब खुला घूम रहा गोवंश भी किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहा है। जिसके चलते किसानों का नुकसान हो रहा है और किसान परेशान है।

### जिलाधिकारी ने राजकीय आईटीआई चन्दौसी में मतदान बूथों का विस्तृत निरीक्षण किया



**चन्दौसी।** सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) चन्दौसी में आगामी चुनावों को दृष्टिगत मतदान बूथों की तैयारियों की समीक्षा की गई।

उन्होंने भाग संख्या 133 से 138 तक के बूथों की सूची, व्यवस्थाओं और उपलब्ध सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद बीएलओ एवं नगरपालिका के सभासदों से बूथों की स्थिति, मतदाता सूची, प्रकाश व्यवस्था, रैंप, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी डॉ. पैंसिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी बूथों पर मतदाता सूची अनिवार्य रूप से चस्पा की जाए, ताकि मतदाताओं को अपने नाम की पुष्टि करने में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने यह भी कहा कि बूथ परिसर साफ-सुथरा रहे और दिव्यांगजन तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँ। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्त तैयारियाँ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम सहित अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

### आर्म्स एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार



**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना असमोली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 17/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में वारण्टी अभियुक्त मुस्तफा पुत्र मौ0 अली निवासी ग्राम शहबाजपुर कला थाना असमोली जिला संभल को अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया गया।

# महिलाओं व बालिकाओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी



**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया।

विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# भाकियू की बैठक में पदाधिकारियों ने नागेंद्र के सिर पर रखा छजलैट ब्लॉक अध्यक्ष का ताज, दूसरे पक्ष ने अवैध बताते हुए कहा दो-तीन दिन में हो जाएगी स्थिति साफ

**कांठ ( शाह टाइम्स )** भारतीय किसान यूनियन टिकैत में ब्लॉक अध्यक्ष को लेकर चल रही रस्साकसी के चलते आज किसान भवन पर आयोजित बैठक में रमपुरा निवासी नागेंद्र सिंह को छजलैट ब्लॉक का अध्यक्ष घोषित कर दिया गया और 10 मीटर लंबी पड़ी उनके सर पर बांधी गई। दूसरे पदाधिकारियो ने इसे अवैध बताते हुए दो-तीन दिन में स्थिती साफ किए जाने की बात कही है। बतादे कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत में ब्लॉक अध्यक्ष के निधन के उपरांत खाली चल रहे पद पर उन्हीं के बेटे अंगद चौधरी को बैठाया गया था भरी सभा के बीच अंगद के सिर पर पगड़ी बांधी गई आज किसान भवन पर मासिक बैठक से एक दिन पहले जिला महासचिव यशपाल सिंह चौधरी एवं जिला उपाध्यक्ष सुदेश मुखिया के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नागेंद्र को छजलैट ब्लॉक से अध्यक्ष घोषित कर दिया गया बैठक में गन्ना सचिव खेत सिंह को उप जिला अधिकारी को प्रेषित ज्ञापन सोपा गया और मिलो पर अलग-अलग केंद्र के हिसाब से गन्ना मूल्य अलग-अलग



दिए जाने का आरोप लगाया। बताया गया कि खलीलपुर स्थित दीवान शुगर मिल के केंद्र पर 395 रुपए 80 पैसे गन्ना मूल्य किसानों को मिल रहा है वहीं दूसरी तरफ स्योहारा मिल के गन्ना केंद्र पर 388 मूल्य किसानों को मिलता है।

इसी तरह सदरपुर कुरी रवाना आदि क्रय केंद्रों पर एक ही गांव के किसानों को 7.80 पैसे प्रति कुंतल अवध शुगर मिल स्योहारा द्वारा कम मूल्य दिया जा रहा है। बैठक में गन्ना केंद्रों पर किसानों के साथ चल रही घटतौली को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की गई। जिला महासचिव चौधरी यशपाल सिंह ने कहा कि गांव गांव जल निगम द्वारा सड़के तोड़ दी गई है इन सड़कों को ठीक करने में प्रधान को 10 सालों से भी ज्यादा समय लग जाएंगा ऐसी स्थिति में गांव के विकास की बात करना बेमानी है मोढ़ा तय्या गांव स्थित रेलवे कंटेनर डिपो के लिए किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है पक्की सड़कों के किनारे की जमीन को कच्ची दिखाकर मुआवजे का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। पाइप लाइन वाले गाटों में खनन परमिशन को निरस्त कराये जाने की मांग की गई। इस मौके पर जिला महासचिव चौधरी यशपाल सिंह जिला उपाध्यक्ष सुदेश मुखिया सुरेंद्र सिंह पूर्व प्रधान दीपेंद्र सिंह शीशपाल सिंह समरपाल सिंह हरपाल सिंह सुशील यादव जितेंद्र सिंह रामकुमार सिंह राजेंद्र सिंह चरण सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन चौधरी यशपाल सिंह और अध्यक्षता चौधरी शीशपाल सिंह की रही।

# टिमिट ने किया हरिद्वार स्थित स्वावलंबन केंद्र का शैक्षिक भ्रमण आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मरुादाबाद।** मुरादाबाद स्थित तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के अंतर्गत तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) द्वारा एमबीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए 29 नवम्बर 2025 को हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय के "स्वावलंबन केंद्र" का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार, नवाचार तथा सामाजिक उद्यमिता की व्यवहारिक समझ प्रदान करना रहा।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने स्वावलंबन केंद्र में संचा. लित विभिन्न गतिविधियों, जैसे कुटीर उद्योग, कौशल विकास कार्यक्रम, आत्मनिर्भर उद्यम मॉडल तथा वैल्यू-बेस्ड बिजनेस प्रैक्टिसेज का गहन अवलोकन किया। विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि सीमित संसाधनों में किस प्रकार टिकाऊ एवं समाजोपयोगी व्यावसायिक मॉडल विकसित किए जा सकते हैं।इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने शैक्षिक भ्रमण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "कक्षा-कक्षीय शिक्षा के साथ-साथ ऐसे शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। स्वावलंबन केंद्र जैसे संस्थान विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर प्रदान करते हैं। यहां प्राप्त अनुभव विद्यार्थियों में नवाचार, उद्यमशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करता है, जो भविष्य में उन्हें एक सफल एवं संवे. दनशील प्रबंधक बनने में सहायक सिद्ध होगा।" उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस प्रकार के अनुभवों को अपने करियर निर्माण में आत्मसात करें।शैक्षिक भ्रमण के समापन पर विद्यार्थियों ने इसे ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और व्यावहारिक सीख से भरपूर बताते हुए विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं टिमिट के प्रति आभार व्यक्त किया।





# एसएम कॉलेज में प्राचार्य-प्रबंधतंत्र विवाद

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त करने की संस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज चन्दौसी में आयोग चयनित नियमित प्राचार्य तथा महाविद्यालय प्रबंधतंत्र के बीच चल रहे विवाद पर उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने गंभीर रुख अपनाते हुए कॉलेज में प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त करने की संस्तुति की है। यह निर्णय प्रोफेसर डॉ. प्रवीण कुमार की शिकायत पर हुई सुनवाई में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल की न्यायपीठ ने की। न्यायपीठ ने 25 अगस्त 2025 को निर्णय लिया, जिसे 04 दिसंबर 2025 को जारी किया गया। आयोग ने पाया कि प्रबंधतंत्र की हठधर्मिता, निरंकुशता, स्वेच्छाचारिता तथा असहयोगात्मक रवैया महाविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुशासन को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। साथ ही यह भी माना गया कि शिकायतकर्ता डॉ. प्रवीण कुमार को नियमानुसार वेतन/जीवन निर्वाह भत्ता नहीं दिया जा रहा है और उनके महाविद्यालय में प्रवेश पर अवैधानिक रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। आयोग ने यह भी उल्लेख किया कि विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा निदेशक तथा शासन के स्पष्ट आदेशों का प्रबंधतंत्र, प्राचार्य और सचिव द्वारा अनुपालन नहीं किया जा रहा। विश्व. विद्यालय द्वारा 30 अप्रैल 2025 को डॉ. प्रवीण कुमार की निलंबन/बर्खास्तगी को निरस्त कर उन्हें बहाल करने तथा कर्तव्य निर्वहन का निर्देश दिया गया था, लेकिन प्रबंधतंत्र ने इन आदेशों पर अमल नहीं किया। पुलिस विभाग की जांच रिपोर्ट में भी यह स्पष्ट हुआ कि शिकायतकर्ता के विरुद्ध लगाया गया यौन उत्पीड़न का आरोप असत्य और साजिशन था। 09 मार्च 2025 और 28 अप्रैल 2025 की पुलिस जांच रिपोर्टों में आरोपों को खारिज करते हुए मामले को समाप्त कर दिया गया। आयोग ने इसे प्रबंधतंत्र द्वारा किया गया मानसिक, शारीरिक, आर्थिक और सामाजिक उत्पीड़न माना। महाविद्यालय प्रबंधतंत्र एवं कार्यवाहक प्राचार्य द्वारा आयोग की सुनवाई में उपस्थिति न होना, आवश्यक दस्तावेज न प्रस्तुत करना, न विश्वविद्यालय के आदेशों का पालन करना और न ही शिकायतकर्ता को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने देना, आयोग ने इसे अत्यंत गंभीर माना है। आयोग ने कहा कि प्रबंध समिति की मनमानी और अवैधानिक कदमों से महाविद्यालय में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। आयोग ने प्रमुख सचिव (उच्च शिक्षा), शिक्षा निदेशक, कुलपति, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक संभल को आवश्यक विधिक कार्रवाई करने, प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त करने और डॉ. प्रवीण कुमार को निलंबन की तिथि से देय वेतन का तत्काल नियमित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को भेजने का आदेश दिया गया है।

अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि उच्च अधिकारियों द्वारा आयोग के आदेशों पर कितनी शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई की जाती है। पीडिघ्त पक्ष को उम्मीद है कि लंबे समय से चल रहे उत्पीड़न, अवैधानिक कृत्यों तथा असहयोगात्मक रवैये पर अब अंकुश लगेगा और उन्हें न्याय मिलेगा।

### स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरीमेंटल लर्निंग-3.0 के तहत कोतवाली में गोष्ठी आयोजित

**चन्दौसी।** थाना एएचटी जनपद सम्भल में सोमवार को इस्पेल 3.0 के नोडल अधिकारी/क्षेत्राधिकारी बहजोई डा0 प्रदीप कुमार के निर्देशन में पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरीमेंटल लर्निंग-3.0 के सुचारु क्रियान्वयन हेतु थाना चन्दौसी पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम हेतु जनपद के चयनित कॉलेज में एस.एम. कॉलेज चन्दौसी, बहजोई महाविद्यालय, जी डी कॉलेज हयातनगर, एमजीएम कॉलेज सम्भल, केकेएस महाविद्यालय नरौली, केके एस महाविद्यालय हजरतनगरगढ़ी, एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज चन्दौसी, मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज चन्दौसी और बाबूराम सिंह भय सिंह मेमोरियल कॉलेज बबराला आदि से कुल 113 छात्र-छात्राएँ प्रतिभागी रहे। प्रत्येक संबंधित थाने से नोडल अधिकारी एसएसआई गिरीश गंगवार, एसआई देवेंद्र कुमार, एसआई रेनू राठी, इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह, एसएसआई रोशन एलिज, एसआई राकेश कुमार तथा कॉलेजों से डॉ. विशेष पाण्डेय, मीनाक्षी सागर, ज्योत्सना शर्मा, प्रियंका, शीतल, गीता, मुजा. हिद, हरवीर आदि शिक्षकों ने छात्रों के साथ प्रतिभाग किया। गोष्ठी मे स्पेल के उद्देश्यों व प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया। छात्रों को पुलिसिंग का वास्तविक अनुभव, अनुशासन, जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता और कानून के प्रति सम्मान विकसित करने का अवसर दिया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाना, पुलिस-जनता के बीच विश्वास बढ़ाना, नशा विरोध, साइबर सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों की जानकारी, महिला सुरक्षा, समुदाय पुलिसिंग और सामाजिक जागरूकता को मजबूत करना है। छात्रों को ड्रिल, परेड, कानून-व्यवस्था की समझ, ट्रैफिक प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, थाने व नियंत्रण कक्ष का भ्रमण, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और सामाजिक सेवा से जुड़े प्रयोगात्मक चरणों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में कार्यक्रम अनुभवात्मक व सामाजिक सेवा चरण पर केंद्रित है, जिससे छात्र वास्तविक पुलिसिंग को नजदीक से समझ सकें। अंत में सभी छात्र-छात्राओं को आपातक. ालीन सहायता हेतु टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 112, 1076, 181, 1090, 1098 व 108 के बारे में भी अवगत कराया गया।



# टीएमयू नर्सिंग ब्रह्मोत्सव में अग्नि ओवरऑल चैंपियन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग और तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अमरोहा के वार्षिक खेल और सांस्कृतिक महोत्सव- ब्रह्मोत्सव-2025 में अग्नि टीम ओवर ऑल चैंपियन रही।

ओवर ऑल चौंपियनशिप का खिताब स्पोर्ट्स और क्लचरल इवेंट्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर दिया गया। अग्नि टीम को डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने विजेता ट्राफी देकर सम्मानित किया। खेल प्रतियोगिताओं में वायु टीम ने सर्वाधिक 09 गोल्ड, 07 सिल्वर और 05 ब्रॉन्ज मेडल, नीर टीम ने 08 गोल्ड, 06 सिल्वर और 07 ब्रॉन्ज, अग्नि टीम ने 06 गोल्ड, 07 सिल्वर और 07 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। इस मौके पर नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, नर्सिंग कॉलेज, मुरादाबाद की प्रिंसिपल डॉ. जसलीन एम., नर्सिंग कॉलेज, अमरोहा की प्रिंसिपल प्रो. श्योली सेन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. राम निवास सिंह आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर इससे पूर्व टीएमयू के रिद्धि-सिद्धि भवन में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के संग सांस्कृतिक प्रोग्राम्स का शुभारम्भ हुआ। इस सुअवसर पर टीएमयू हॉस्पिटल में मनोचिकित्सा विभाग की प्रो. प्रेरणा गुप्ता, सीटीएलडी के उपनिदेशक डॉ. दिलीप दत्त वार्ष्णेय आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में टीम अग्नि का भी जलवा रहा। फेस पेंटिंग में अग्नि के अमन कुमार विजेता रहे, जबकि टीम अग्नि की नगी थियानहोई दूसरे स्थान पर रही।

पॉट पेंटिंग में टीम आकाश की सोनिया रानी प्रथम और टीम अग्नि की निधि रानी द्वितीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में टीम वायु की अशिया, हिमांशी और शिवानी संयुक्त रूप से विजेता रही, जबकि टीम अग्नि की वंशिका, निधि, नूर और प्रज्ञा सेकेंड स्थान पर रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में टीम वायु के सचिन विजेता रही। टीम वायु के सफा तारिक दूसरे, जबकि टीम अग्नि की कामना तीसरे स्थान पर रही। कार्ड मेंकिंग में टीम अग्नि के नगी थियानहोई, प्रज्ञा शर्मा और सोनाक्षी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। सोलो डांस में टीम अग्नि की केंजल अव्वल रही, जबकि उत्तरेक्शा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। डुएट डांस में वायु के शिवम एंड सिमरन विजेता रहे और अग्नि के उदित एंड जेस्मिन सेकेंड स्थान पर रहे। सोलो सिंगिंग में आकाश टीम के आयुष प्रथम, जबकि नीर टीम के अंकुर द्वितीय स्थान पर रहे। ग्रुप डांस में अग्नि टीम के किरणजीत एंड समूह विजेता रहा। आकाश टीम की रिया एंड समूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संचालन मिस पवित्रा और वैष्णवी ने किया। कार्यक्रम के दौरान स्पोर्ट्स कोर्डिनेटर्स- श्री सतीश प्रजापति, श्री रितिक कुमार, श्री विनय लाल, श्रीमती पूजा झा के साथ साथ प्रो. जितेन्द्र सिंह, डॉ. रामकुमार गर्ग, प्रो. अनुषी सिंह, डॉ. सुमन वशिष्ठ, प्रो. विजी मोल, श्री वेदमूर्ति, श्री गौरव कुमार, प्रो. वरुण तोषनीवाल, श्री मुकुल सिंह, मिस शालू उपाध्याय आदि मौजूद रहे।








## संबंध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पुत्र राजू व उसकी पत्नी श्रीमती लक्ष्मी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी जय सिंह निवासी भदौड़ा निकट शिव मंदिर थाना कटघर जिला मुरादाबाद।

## संबंध विच्छेद सूचना

मैंने अपने सगे छोटे भाई शमीउद्दीन को गलत संगत/गलत आचरण में पड़ने के कारण अपने सभी प्रकार के पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में शमीउद्दीन के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**शहाबुद्दीन पुत्र कयामुद्दीन निवासी कुरैशियान मस्जिद के पास फीलखाना थाना कोतवाली तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# मामा के घर जाने का बहाना कर प्रेमी के साथ फरार

## परिजनों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मामा के घर जाने का बहाना बनाकर युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। तीन दिन से युवती की तलाश में जुटे परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

घर वाले शादी में देरी कर रहे थे। युवती की उम्र ढलती जा रही थी। इसी बीच युवती का प्रेम परवान चढ़ गया। तीन दिन पहले मामा के घर जाने का बहाना कर घर से निकली युवती प्रेमी संग फरार हो गई। परिजनों ने उसे काफी तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। थकहार कर अब अज्ञात के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। उनकी 25 वर्षीय बेटी काफी समय से अपने रिश्ते को लेकर परेशान थी। उसकी उम्र बढ़ती जा रही थी। परिजन उसके लिए वर की तलाश रहे थे लेकिन कोई ढंग का रिश्ता नहीं मिल पा रहा था। शादी में देरी के बीच युवती का किसी से प्रेम-प्रसंग परवान चढ़ गया। बताया जा रहा है कि चार दिसंबर की सुबह युवती ने अपने कपड़े बैग में भर लिए और मामा के घर जाने की बात कहकर घर से निकल गई लेकिन न तो वो मामा के घर पहुंची और न ही घर वापस लौटकर आई। अचानक युवती के लापता होने से परिजनों में हड़कंप मच गया। रिश्तेदारी के अलावा परिचितों ने उसे काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। ढूंढकर परेशान परिजनों ने रविवार को कोतवाली पहुंच तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती को जल्दी बरामद कर लिया जाएगा।

# घटतौली के विरोध में भाकियू ने दिया धरना

## कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतौली के विरोध में भाकियू शंकर ने कलेक्ट्रेट में धरना दे ज्ञापन सौंपा।

धरने को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि चकबंदी प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार व लापरवाही हो रही है, ढक्का गांव में चकबंदी तत्काल समाप्त की जाए। उन्होंने कहा कि गन्ना क्रय केंद्रों पर 2-3 प्रतिशत घटतौली किसानों के साथ धोखा है, इसे तुरंत बंद कराया जाए। किसान केंटों पर कनेक्टिविटी की समस्या दूर करने और सभी गन्ना सहकारी समितियों को नाबार्ड में पंजीकृत कराने की मांग की गई। उन्होंने अमरोहा में 28 वर्ष पूरे होने के बाद भी जिला सहकारी बैंक बोर्ड, विकास प्राधिकरण, जिला कारागार, ट्रॉमा सेंटर व विद्युत शवदाह गृह न बनने पर नाराजगी जताई। सभी संविदा कर्मियों को 30,000 न्यूनतम वेतन व ग्रेच्युटी देने की मांग भी उठाई। धरना स्थल पर बंदोबस्त अधिकारी शैलेश शाही, चकबंदी अधिकारी पंकज उकरेती, कृषि अधिकारी मनोज कुमार सहित कई विभागों के अधिकारी पहुंचे और समस्याएँ सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। संगठन ने अधिकारियों का आभार जताया। कार्यक्रम में डॉ. अर्पित महेश्वरी को जिला अध्यक्ष (चिकित्सा प्रकोष्ठ) मनोनीत कर शपथ दिलाई गई। डिप्टी कलेक्टर चंद्रकांता को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर धरना समाप्त किया। कार्यक्रम में चौधरी धर्मवीर सिंह, हरि सिंह सैनी, सुनील मोजी, नीरज कुमारी, कुसुम लता, अर्चना यादव सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# भाजपा की कठपुतली बना चुनाव आयोग: अलवी

## हर हाल में अपना वोट बनवाएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पूर्व सांसद राशिद अल्वी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है तथा एसआईआर भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए हो रही है।

बिजनौर रोड स्थित पार्टी नेता के आवास पर पत्रकारों से बात करते पूर्व सांसद राशिद अल्वी ने कहा कि भाजपा राज में भारत में डर और भय का ऐसा माहौल है, जैसा दुनिया के किसी भी लोकतांत्रिक देश में नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग पूरी तरह सरकार के दबाव में है और उसकी भूमिका पूरी तरह संदेह के घेरे में है। भाजपा सरकार नागरिकों के वोट के अधिकार को कमजोर कर संविधान पर प्रहार कर रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ के डिटेन सेंटर बनवाने संबंधी बयान को उन्होंने बहुत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि अपने ही लोगों को हिरासत में रखने का निर्णय लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। अल्वी ने कहा कि अगर सरकार का दावा है कि बाहरी लोग देश में प्रवेश कर रहे हैं, तो यह सीमा सुरक्षा में बड़ी चूक है और इसकी जिम्मेदारी सीधे केंद्र सरकार पर आती है। उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह बाबा साहेब के संविधान को कमजोर करने और लोगों के वोट के अधिकार को खत्म करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने अमरोहा के लोगों से 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की वोट चोर-गद्दी छोड़ महा रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

# बिजली और बीज विधेयक की प्रतियां जलाई

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां द्वारा दरियापुर गांव में सरकार द्वारा पारित बिजली बिल 2025 व बीज बिल 2025 की प्रतियां जलाकर और पुतले जलाकर विरोध किया गया।



भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां प्रदेशाध्यक्ष चौधरी विजयवीर सिंह ने बताया की केंद्र सरकार द्वारा लाए गए ये बिल देश के किसानों, मजदूरों, और मध्यम वर्ग के हितों पर सीधा हमला हैं। ये विधेयक आवश्यक सेवाओं को निजी कंपनियों के हवाले कर, उनकी मुनाफाखोरी का रास्ता साफ कर रहे हैं। यह विधेयक बिजली उत्पादन,पारेषण और वितरण को निजी कंपनियों को सौंपेगा, जिनके मुनाफे की गारंटी कानून में की जाएगी। अब तक उद्योगों से ज्यादा दर लेकर आम उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली दी जाती थी यह व्यवस्था खत्म हो जाएगी, जिससे किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली बेहद महंगी हो जाएगी। स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे,जो 'प्रीपेड रिचार्ज' की तरह काम करेंगे। पैसा खत्म होते ही बिजली कट जाएगी। बीज बिल 2025 से छोटे व्यापारी बिना रजिस्ट्रेशन के बीज नहीं बेच पाएंगे और बड़े कंपनियों के बारे न्यारे होंगे। इस अवसर पर अमित चीमा, इकबाल सैफी, एहसान अली, कैलाश शर्मा, जयंत धारीवाल, तसलीम सैफी, कामिल चौधरी, करण सिंह जाटव, लोकेश प्रधान आदि मौजूद रहे।

**■ भाकियू एकता उगराहां ने किया प्रदर्शन**

# घर से नाराज होकर निकला युवक ट्रेन की चपेट में आया

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर से नाराज होकर निकले युवक का शव सलेमपुर रेलवे फाटक के पास मिला। उसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के मोहल्ला बदावाला में घासीराम का परिवार रहता है। 31 वर्षीय जीवन उनका बेटा था। पुलिस के मुताबिक रविवार शाम वह किसी बात पर नाराज होकर घर से चला गया था इसके बाद देर रात तक वापस नहीं लौटा। बेचौन परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। इस बीच रात में थाना क्षेत्र में ही सलेमपुर रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस और जीआरपी ने जांच-पड़ताल की। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। शुरुआत में पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने के काफी प्रयास किए लेकिन लोगों ने पहचानने से इनकार कर दिया। वहीं, खबर मिलते ही जीवन के परिजन भी आ गए, उन्होंने मृतक की पहचान जीवन के रूप में की। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। प्रभारी सीओ शक्ति सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था। मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात कही जा रही है।


# आश्वासन पर किसानों का धरना समाप्त

## भ्रष्टाचार के विरोध में भाकियू इंडिया का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया द्वारा आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर में हुए भ्रष्टाचार के विरोध में कार्यकर्ताओं ने धरना देते हुए आमरण अनशन शुरू कर दिया। नायब तहसीलदार के आश्वासन पर धरने को समाप्त कर दिया गया।

भारतीय किसान यूनियन इंडिया द्वारा आदर्श इंटर कॉलेज कूटी दौलतपुर में भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर पदाधिकारी धरने पर बैठ गये। उनका कहना था कि जो शिकायत की गई है उसकी जल्द से जल्द जांच की जाये। जांच होने तक स्कूल में घोषित चुनाव को निरस्त कर दिया जाये। एक अधिकारी द्वारा आमरण अनशन शुरू कर दिया गया। धरना प्रदर्शन होने की



सूचना मिलते ही नायाब तहसीलदार मनोज कुमार मौके पर पहुंच गये। नायब तहसीलदार द्वारा किसानों को आश्वासन दिया गया कि भ्रष्टाचार जिन्होंने भी किया है जांच कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। किसानों द्वारा नायब तहसीलदार का आश्वासन मिलने पर धरना प्रदर्शन व आमरण अनशन को समाप्त कर दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरविंद, लोकेश बिधूड़ी, दिमाग सिंह, मलखान सिंह, प्रवीण, बृजपाल सिंह, सतपाल सिंह मौजूद थे।

# उपभोक्ता का 70 हजार का बिल निरस्त

## गलत बिल पर बिजली विभाग को लगायी फटकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हसनपुर में बिजली विभाग की लापरवाही ने एक उपभोक्ता पर अचानक 70 हजार से अधिक के बिल का बोझ लाद दिया, महीनों तक विभाग के चक्कर लगाने के बाद आखिरकार उपभोक्ता फोरम ने हस्तक्षेप कर गलत बिल पर ब्रेक लगा दिया और उपभोक्ता को बड़ी राहत दे दी।

हसनपुर के मोहल्ला कायस्थान में मोहम्मद अकरम का परिवार रहता है। उनके घर पर विद्युत कनेक्शन है। वह हर महीने नियमित बिजली का बिल जमा करते थे। 9 अक्तूबर 2019 को बिजली विभाग ने 3402 रुपये का बिजली का बिल जारी किया था। जिसे उन्होंने जमा कर दिया था लेकिन बिजली विभाग ने बाद उनका बिल आईडीएफ श्रेणी में डाल दिया। अंजान मोहम्मद अकरम पूर्व की भांति हर महीने बिल जमा करते रहे। इसके बाद 31 दिसंबर 2020 को बिजली विभाग ने 3504 रुपये का बिल जारी किया, उसे भी मोहम्मद अकरम ने जमा कर दिया लेकिन 9 फरवरी 2021 को बिजली विभाग ने 70364 रुपये का बिजली भेज दिया। इसमें 65964 रुपये का एरियर दिखाया गया था। लिहाजा, मोहम्मद अकरम ने शिकायत बिजली अधिकारियों से की लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। 3 जून 2021 को बिजली विभाग के अधिकारियों ने नोटिस जारी कर दिया और बिल को संशोधित करने का अनुरोध किया। बावजूद इसके मोहम्मद अकरम बिजली विभाग के चक्कर काटते रहे लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। परेशान होकर मोहम्मद अकरम ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली थी। प्रकरण को गंभीरता से लेकर आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने बिजली विभाग के अधिकारियों को तलब कर लिया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने तर्क दिया कि मीटर धीमी गति से चल रहा था, इसलिए अतिरिक्त बल जारी किया गया है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद फोरम ने बिजली विभाग को गलत बिल जारी करने का दोषी पाया। साथ ही स्पष्ट कहा कि मीटर धीमा चलने के लिए उपभोक्ता कैसे दोषी था, क्योंकि मीटर के इंस्टॉलेशन और डिफेक्टिव इंस्टॉलेशन के लिए तब तक बिजली विभाग ही जिम्मेदार है जब तक मीटर से कोई छेड़छाड़ उपभोक्ता द्वारा नहीं की गई। फोरम ने बिजली विभाग की ओर से जारी 70364 रुपये के बिल को निरस्त कर दिया।

# भ्रष्टाचार की शिकायत मिली, तो होगी कार्रवाई

## डीएम ने ली चकबंदी कार्यो की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

सोमवार को बैठक में जिलाधिकारी ने चकबंदी कार्मिकों को कार्य में सुधार के लिए कड़ी चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने सहायक चकबंदी अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रत्येक दशा में जनवरी, 2026 तक 5 ग्रामो का धारा-52 का प्रस्ताव प्रेषित कर चकबंदी प्रक्रिया समाप्त करें। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि चकबंदी के तहत किसी भी कृषक को उड़ान चक न दिये जाये। और न ही तीन चक किसी को दिये जाये। जिलाधिकारी ने कहा चक निर्माण में संबंधित सभी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। यदि मुख्यालय पर भ्रष्टाचार की शिकायत आती है तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इसलिए कार्य को भली भांति करें जिससे लोगों को परेशानी न हो।इस अवसर पर अपर



जिलाधिकारी न्यायिक धीरेंद्र प्रताप, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी शैलेश कुमार शाही, चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी एवं ग्रामों में कार्यरत स्टाफ उपस्थित रहा।

## एक नजर

### तीन बच्चों की मां घर से हुई लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी तीन बच्चों की मां अचानक घर से लापता होने के बाद पीड़ित पति ने थाने में पत्नी को बरामद कराए जाने की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार, पति एक दिसंबर को रोज की तरह फैक्ट्री में नौकरी के लिए गया हुआ था। बच्चे भी स्कूल गए थे। लेकिन जब बच्चे स्कूल से लौटे तो घर पर उनकी मां नहीं मिली। शाम को पति के लौटने पर परिजनों ने पूरी घटना की जानकारी दीद्य जिसके बाद उसने आसपास और रिश्तेदारी में तलाश की, परंतु कोई पता नहीं चल सका।पीड़ित पति ने बताया कि लगभग एक माह पहले एक अनजान व्यक्ति का फोन उसके मोबाइल पर आया था। उसी फोन काल के बाद उसकी पत्नी उस युवक के संपर्क में आने लगी। नजदीकियां बढ़ने पर जब उसने पत्नी को फोन इस्तेमाल करने से मना किया तो घर में विवाद और कहासुनी होने लगी। इसके बाद से स्थिति बिगड़ती चली गई।रविवार को परेशान पति थाने पहुंचा और तहरीर देते हुए आशंका जताई कि उसकी पत्नी किसी युवक के साथ घर से चली गई है।

### अजगर को वन विभाग की टीम ने पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** कई दिनों से धनौरा रोड पर रेंग रहे अजगर को वन विभाग की टीम ने पकड़ कर जंगल में छुड़वाया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बता दें कि एक अजगर कई दिनों से धूप निकलने पर कुमराला रोड पर स्थित एक नर्सरी के पास पहुँच जाता था। यहाँ पर आबादी भी नजदीक है। लोग उसे देखकर डर जाते थे, स्थानीय वन्य कर्मियों को लोगों ने कई बार सूचित किया, पर वे अजगर को पकड़ने नहीं पहुंचे। सोमवार को लोगों ने वन विभाग के रेंजर को सूचित करके अजगर पकड़वाने की मांग की। जिसके बाद वन विभाग के उपनिरीक्षक संतोष चौधरी, वन्यकर्मी शाह आलम और दीनदयाल आदि ने पहुंचकर आधा घंटे की मशक्कत के बाद पकड़कर जंगल में छुड़वाया। अजगर के पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली, क्योंकि लोग अजगर के कारण काफी भयभीत हो रहे थे।

# शोरगुल का फायदा उठाकर चोरों ने उड़ाए 45 कबूतर

## इन्वर्टर-बैटरी भी चोरी, रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चोरों ने शादी समारोह के शोर का फायदा उठाते हुए एक घर की छत पर रखे 45 नस्लदार कबूतर तथा इनवर्टर-बैट्री चोरी कर ली। सीसीटीवी फुटेज में चोरों के भागते हुए नजर आने के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेरियान की है। यहां कृष्णा बाल मंदिर स्कूल के पास मुमताज असद का परिवार रहता है। उनके बेटे तल्हा की मोहल्ले में ही कनफेक्शनरी की दुकान है। मुमताज असद को कबूतर पालने का शौक है। कबूतरों के लिए उन्होंने छत पर ही जाल बनवा रखा है। उनके पास अच्छी नस्ल के करीब 45 से 50 कबूतर थे। घटना 7 दिसंबर की रात की है। तल्हा के मुताबिक उनके पड़ोस में एक शादी का कार्यकम था, जिसमें डीजे बज रहा था। शोरगुल होने का फायदा उठाकर चोर पड़ोसी की छत के सहारे उनकी छत पर कूद गए। इसके बाद जाल तोड़कर 45 कबूतर और छत पर रखा इनवर्टर-बैट्री को चोरी कर लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर फरार हो गए। तल्हा को घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब अगले दिन सुबह में उनके पिता मुमताज असद कबूतरों को दाना-पानी डालने के लिए छत पर पहुंचे। कबूतरों को गायब देख उनके होश उड़ गए। इसके बाद घर से सटी गली में एक घर के बाहर लगे सीसीटीवी चेक किए तो फुटेज में चोर भागते हुए दिखाई दिए। सूचना पर डायल 112 पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। इसके बाद मच्छरट्टा चौकी इंचार्ज ने भी घटना की जानकारी ली। पीड़ित तल्हा ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है। पुलिस ने फिलहाल मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है।

# सऊदी भेजने के नाम पर मजदूर से एक लाख ठगे

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कबूतर बाजों ने सऊदी अरब भेज कर वहां नौकरी लगवाने का झांसा देकर मजदूर से 1 लाख की ठगी कर ली। पुलिस को मजदूर ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

नगर के मोहल्ला होली वाला नई बस्ती निवासी मोहम्मद रिजवान मोहम्मद इस्माइल अंसारी से फजल अहमद पुत्र तौसीक अहमद बाबर पुत्र तौसीक अहमद निवासी सिरसी जनपद संभल ने सऊदी अरब में नौकरी दिलवाने का झूठा लालच देकर डेढ़ लाख रुपए देने की डिमांड की थी। रिजवान के मुताबिक दोनों लोग उसे नई दिल्ली स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी में एक ऑफिस में ले गये। दोनों से 20 मई 2025 को 50000 नगद ले लिए उसके बाद 7 जुलाई को चेक द्वारा 50000 और ले लिए गये। उसकी वीजा लगवाने के बाद दोनों ने वीजा को कैंसिल भी करवा दिया। जब उसने दोनों से सऊदी अरब भेजने के लिए कहा तो दोनों ने उसके साथ गाली गलौज कर उसे चुप रहने की धमकी दी। रिजवान के मुताबिक उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़िता का कहना है कि गरीब मजदूरी कर परिवार को पालता है। पीड़ित रिजवान ने मामले की जांच कर दोनों कबूतर बाजों के खिलाफ कार्रवाई कर न्याय करने की गुहार लगाई है।

# पूर्व प्रमुख पति से मारपीट में दो पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति के साथ मारपीट करने दो भाईयों के विरूद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति कामेन्द्र सिंह 06 दिसम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे अपनी कार से नोएडा जाने के लिए निकल रहे थे। तभी एक टैम्पो बहुत तेजी से आया और कार से टकराते टकराते बचा। कामेन्द्र सिंह ने बमुश्किल कार को रोका। जिसके बाद उन्होंने टैम्पू चालक को सावधानी से वाहन चलाने की नसीहत दी तो उसने सामने दुकान पर बैठे अपने भाई को भी बुला लिया और दोनों भाईयों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। जब आसपास के लोग एकत्र हुए तो दोनों भाई पूर्व प्रमुख पति को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। रविवार की रात को पुलिस ने कामेन्द्र सिंह का मेडिकल परीक्षण कराते हुए मोनू व रिहान पुत्रगण गुडडू खां निवासी शास्त्री गली के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की।

**■ 06 दिसम्बर को सुबह के समय हुई थी घटना**

# मां को जमीन का हिस्सा नहीं दे रहा बेटा

**अमरोहा।** हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव हैबतपुर बंजारा निवासी बुजुर्ग महिला बेवा हाजरा सोमवार दोपहर एक बजे अमरोहा कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां उन्होंने डीएम को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि उनका बेटा उन्हें जमीन का हिस्सा नहीं दे रहा है। उनका मानना है कि उनकी जमीन का हिस्सा उनके पास आ जाएगा तो वह अपनी जिंदगी की गुजर बसर कर लेंगी। आरोप है कि जब वह बेटे से हिस्से की जमीन मांगती है तो बेटा और उसकी पत्नी बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट करते है। साथ ही बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत पहले कई बार स्थानीय थाने में की थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** घर में अकेली किशोरी को देखकर एक युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी की चीख सुनकर पहुंचे भाई ने आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। किशोरी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित एक घर में रविवार की शाम को पांच बजे 15 वर्षीय किशोरी अकेली थी। उसके परिजन खेत में चारा आदि लेने गए थे। आरोप है कि तभी गांव निवासी ही एक युवक वहां पहुंचा और जबरदस्ती किशोरी को झोपड़ी में खींच कर ले गया। उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश करने लगा, तभी चीख सुनकर किशोरी का भाई वहां पहुंचा और आरोपी के चंगुल से अपनी बहन को बचाया और पुलिस को घटना की सूचना दी। बाद में किशोरी के पिता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी युवक हरीश के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

**■ चीख सुनकर पहुंचे भाई ने किशोरी को बचाया**

# सांसद नदवी ने जिलाधिकारी को लिखा पत्र

## अनावश्यक रूप से एस आई आर के नाम पर लोगों को प्रताड़ित न प्रशासनरू नदवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने सोमवार को जिलाधिकारी को पत्र लिखा और कहा कि यह पत्र में आपको रामपुर की आम जनता के हित में लिख रहा हूं जिससे रामपुर के किसी भी व्यक्ति को एस।आई।आर। के तहत वोट के अधिकार से वंचित न किया जाए। मेरे संज्ञान में आया है कि जो लोग नौकरी करने के लिए अपने जनपद प्रदेश और देश से बाहर गए हैं उनका वोट काटने की प्रक्रिया की जा रही है जो कि बहुत ही अफसोस जनक है। वोट काटने और बनाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा जो नियम बनाए गए हैं उसकी अनदेखी की जा रही है।




यदि कोई व्यक्ति नौकरी के लिए विदेश गया है और वह भारत का नागरिक है तो उसका वोट काटने का अधिकार चुनाव आयोग द्वारा नहीं दिया गया है जब तक की वह भारत की नागरिकता छोड़ न दे और जब तक वह भारत का नागरिक है उसको उसका वोट नहीं काटा जाना चाहिए।

यदि कोई व्यक्ति नौकरी के लिए अपने जनपद व प्रदेश से बाहर गया है और देश के ही किसी अन्य प्रदेश में नौकरी कर रहा है और यदि उसका वोट केवल एक जगह है जहां वह मूल निवासी है तो उसका वोट भी निरस्त न किया जाए क्योंकि चुनाव आयोग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि एस।आई

आर। के तहत जिन लोगों के फार्म आए हैं या तो वह स्वयं या फिर अपने सम्बंधी के माध्यम से फार्म जमा करा सकते हैं ऐसे में उन्ही लोगों के वोट निरस्त किए जाएं जिनका वोट दो जगह। बना है जिस व्यक्ति का वोट एक जगह बना है उसका वोट निरस्त नहीं किया जान् चाहिए।

सांसद नदवी ने आगे कहा कि एस।आई।आर। के तहत उन लोगों के वोट काटने के निर्देश न् दिए जाएं जो लोग भारत के निवासी हैं और नौकरी के लिए विदेश गए हैं और ऐसे लोगों के भी वोट न काटे जाएं जो मूलतः रामपुर के निवासी है और नौकरी के लिए बाहर शहरों में रह रहे हैं क्योंकि चुनाव आयोग के अनुसार किसी भी व्यक्ति को वोट के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी।

# वृद्धा की मौत के मामले में नोडल अधिकारी ने झोलाछाप को थमाया नोटिस मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर में काशीपुर मार्ग स्थित एक अस्पताल में झोलाछाप के इंजेक्शन से वृद्ध की मौत के मामले में नोडल अधिकारी ने यहां पहुंचकर जांच की और अस्पताल संचालक को नोटिस थमा कर जवाब तलब किया है जिससे झोलाछाप में हड़कंप मच गया है। शनिवार को मोहल्ला चाउपुरा निवासी नेमचंद की 60 वर्षीय पत्नी सोमवती को बुखार आ गया था वह काशीपुर मार्ग स्थित एक अस्पताल में दवाई लेने गई थी तेज बुखार में ही झोलाछाप ने वृद्ध को इंजेक्शन लगा दिया था। जिससे वृद्ध की हालत गंभीर हो गई थी और उसे नगर के ही एक अन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया



था। रविवार को वृद्धा ने घर पर ही दम तोड़ दिया था। जिससे परिवार में को. हराम मच गया था। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर देवेश चौधरी ने यहां पहुंचकर मामले की जांच की अस्पताल संच. ालक व मेडिकल संचालक को नोटिस जारी किया है। और एक सप्ताह के भीतर अस्पताल और मेडिकल के कागज तलब किए हैं। जिससे झोलाछाप में हड़कंप मच गया है लोगों को कहना है कि स्वास्थ्य विभाग झोलाछाप के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिससे झोलाछाप के हौसले बुलंद है। उधर नोडल अधिक. ारी डॉ देवेश चौधरी ने बताया की अभियान चलाकर फिर झोलाछाप के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रोक्लाइमेटिक जोन–1 भावर एवं तराई जोन स्तरीय तीन दिवसीय विराट किसान मेले का हुआ समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कृषि सूचना तंत्र के सुदढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत एग्रोक्लाइमेटिक जोन–1 भावर एवं तराई जोन स्तरीय तीन दिवसीय विराट किसान मेले के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने मुख्य अतिथि के रूप में द्वारा प्रतिभाग किया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि कृषि विभाग ऐसे विराट किसान मेलों का आयोजन कर बहुत अच्छा कार्य कर रहा है इससे कृषक एक जगह एकत्रित होकर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई बातों को सुनकर अपने अनुभव शेयर कर अपनी तथा अन्य कृषकों को आधुनिक कृषि पद्धति अपनाकर फसलोंत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं।

जानकारी के अभाव अथवा जानकारी होने के बावजूद भी धान–गेहूं इत्यादि एक–दो प्रकार की ही फसले लेने से उसकी आय में वृद्धि नहीं हो रही है। कृषकों से अपनी खेती की लागत, विधि इत्यादि का लेखा जोखा रखने, लागत कैसे कम हो इस पर चिन्तन कर खेती करने, उन्नत प्रजातियों के बीजों का चयन कर बुवाई करने, समय से खाद देने व सिंचाई करने, अनुभवीध्इन्नोवेटिव कृषकों कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में खेती करने, मॉग के अनुसार खेती करने, कृषक उपभोगकर्ता के बीच के गैप को कम करने का आहवान किया गया जिससे कृषकों को अधिक फसलोत्पादन प्राप्त हो सके और उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। साथ कृषकों से कहा गया कि आज मेले में प्रण लेकर जाएं कि हम खेती के तौर–तरीके बदलकर आधुनिकध्वैज्ञानिक रीति से खेती करेंगे।



सेवानिवृत्त मुख्य विकास अधिकारी रामरक्ष पाल सिंह यादव द्वारा बताया गया कि भारत देश में लगभग 60–70 प्रतिशत आबादी खेती करती है और जो कार्य इतनी बड़ी संख्या में होता है वह बहुत महत्वपूर्ण है। उनके द्वारा कृषि में भावी शोध एवं शिक्षा की आवश्यकता है तथा आधु. निक कृषि हेतु कृषकों को जागरुक होने का आहवान किया गया। साथ ही उनके द्वारा कृषकों व वैज्ञानिक आपस में एक साथ मिलकर खेती करें तो फसलोत्पादन में वृद्धि होगी।

उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह द्वारा विराट किसान मेले की रूप रेखा तथा उत्तर प्रदेश को जलवायु, तापमान आदि के .ष्टिगत 09 एग्रोक्लाइमेटिक जोन में बांटा गया है। एग्रोक्लाइमेटिक जोन–1 भावर एवं तराई क्षेत्र है एवं कृषि विभाग में संचा. लित विभिन्न योजनाओं एवं उनमें देय सुविधाओं की जानकारी दी गई और इच्छुक कृषक से अन्तिम तिथि दिनांक 15।12।2025 तक 60 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध सोलर पम्प की बुकिंग कराने हेतु आहवान किया गया। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा द्वारा बताया गया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज व कीटनाशक उपलब्ध है और जनपद के बीज भण्डारों पर कम अवधि में पकने वाली गेहूं की फसलों का बीज है जिन कृषकों को अवश्यकता है वह सम्बन्धित विकास खण्ड के राजकीय कृषि बीज भण्डार से 50 प्रतिशत अनुदान पर प्राप्त कर सकते हैं। उनके द्वारा कृषकों से अपनी फसलों के अवशेषों को न जलाने हेतु आहवान किया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्र, ठाकुरद्वारा–मुरादाबाद एवं धमोरा रामपुर के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मृदा विज्ञान, शस्य विज्ञान, उद्यान विज्ञान, पादप सुरक्षा विषय व पॉली हाउस पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं व उनमें देय सुविधाओं की जानकारी दी गई।

विराट किसान मेला में कृषि, उद्यान, गन्ना, मत्स्य, पशुपालन, रेशम, दुग्ध विकास, सहकारिता, बैंक, वन पंचायती राज, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार आदि विभागों तथा विभिन्न निजी कम्पनियों यथा–खाद, बीज, कीटनाशी, एफद्गपीद्गओद्ग आदि के लगभग 65 स्टॉलो तथा संगीतक. ारध्कलाकारों द्वारा कृषि पर आधारित कठपुतली, जादू कृषि गीत के माध्यम से उन्नत तकनीक की जानकारी दी गई।

मेले में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सराहनीय सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। मेले में संगीत कलाकारों व स्टॉलों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्र सम्भल के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डाद्ग महावीर सिंह, ज्योति स्वरूप, डाद्ग पंकज कुमार एवं कृषि विज्ञान केन्द्र धमोरा के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा रबी फसलों, औद्यानिक फसलों तथा उनमें प्रयोग किए जाने वाले उर्वरक, सूक्ष्म पोषक तत्व, लगने वाले कीटध्रोगों व उनके नियंत्रणध्उपचार, पशु प्रबन्धन, सिंचाई इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम में संदीप वर्मा अपर जिलाधिकारी द्धवित्त एवं राजस्वत्रृ, रंजीत सिंह वरिष्ठ कोषाधिकारी, कुलदीप सिंह राणा जिला कृषि अधिकारी रामपुर, डा. भगवत सरन भूमि संरक्षण अधिकारी रामपुर, कृषि विज्ञान केन्द्र ठाकुरद्वारा मुरादाबाद के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक प्रभारी डाद्ग महावीर सिंह, डाद्ग ज्योति स्वरूप, डाद्ग पंकज कुमार एवं कृषि विज्ञान केन्द्र धमोरा के कृषि वैज्ञानिक डाद्ग आशीष कुमार, डाद्ग अनुज बंशल, डाद्ग सुनीता पन्त तथा रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच एवं श्रावस्ती 08 जनपदों के लगभग 1400 कृषकों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियोंध्कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सीएमओ ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा। दीपा सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं, चिकित्सकीय सेवाओं, स्टाफ उपस्थिति, सफाई व्यवस्था तथा रोगी सुविधा संबंधी को देखा उपस्थिति पंजिका मे स्टाफ की अनुपस्थिति पाए जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा गंभीर नाराजगी व्यक्त की गई। शाहनवाज, वार्ड ब्वॉय चिकित्सा अवकाश पर थे, जबकि नेपाल सिंह, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनुपस्थिति पाए गए जब कि कु। प्रीति रानी, वार्ड आया 01 दिसम्बर 2025 से अनुपस्थित पाई गईं। इस पर चिकित्सक अधीक्षक को निर्देशित किया कि अनुपस्थित समस्त चिकित्सकों एवं कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त की जाय।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सकीय सेवाओं की स्थिति संतोषजनक पाई गई।



गीता वर्मा, स्टाफ नर्स द्वारा 69 रोगियों की एनसीडी स्क्रीनिंग की जा चुकी थी तथा रिपोर्ट ई–कवच पोर्टल पर अपलोड की जा रही थी। डॉ।मो। जुबेर द्वारा ओपीडी में 230, डॉ। इमरोज कुरैशी द्वारा 25 तथा डॉ। हयात जेहरा, डेन्टल सर्जन द्वारा 114 रोगियों को देखा जा चुका था। निरीक्षण के समय डेन्टल हाईजिनिस्ट आदित्य चौरसिया द्वारा ओपीडी में 23 रोगियों का परीक्षण किया गया था। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा समस्त चिकित्सकों एवं स्टाफ को निर्धारित वेशभूषा एवं नाम बैज धारण करते हुए चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।

डॉट्स सेंटर के निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर टीबी जांच हेतु कोई लैब टेक्नीशियन तैनात नहीं है तथा वर्तमान में 15 क्षय रोगियों का उपचार किया जा रहा है। बीपीएचयू निरीक्षण के दौरान जानकारी मिली एलएफटी–12, केएफटी–05 तथा सीबीसी–20 जांचें की गई जिनकी रिपोर्ट रोगियों को उपलब्ध करा दी गई है।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल उन्होंने साफ सफाई बेतहर करने के निर्देश चिकित्सा अधीक्षक को दिए गए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि खराब उपकरणों सही किया जाय इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग से संबंधित स्लोगन एवं योजनाओं को चिकित्सालय की दीवारों पर लिखवाने तथा सभी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश प्रदान किए गए।

सभी वार्डों में बेडशीट सदा स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखी जाए, चिकित्सालय परिसर में किसी भी दशा में दलालों का प्रवेश न होने दिया जाए तथा रोगियों एवं उनके तीमारदारों के साथ मधुर व्यवहार एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सेवाएं सुनिश्चित की जाएं।

# पुलिस ने दो आरोपियों को किया जिला बदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** विभिन्न आपराधिक मामलों में लिप्त दो लोगों को पुलिस ने एडीएम के आदेश पर तीन माह के लिए जिला बदर किया है।

आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने एडीएम के आदेश पर दो आरोपियों पर जिला बदर की कार्रवाई के तहत उनको जिला बदर किया है। दोनों ही आरोपी गांव सरकड़ी निवासी रोशन व सूरजपाल हैं।

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी लंबे समय से विभिन्न आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहे हैं। जिनसे शांति–व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा ने बताया कि दोनों आरो. पियों के घरों के बाहर मुनादी कराकर ग्रामीणों को इनके बारे में अवगत कराया गया था। जिसके बाद उन दोनों आरोपियों को जिले की सीमा से बाहर जनपद



मुरादाबाद मूंढापांडे की सीमा पर छोड़ा गया। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक आदेश के तहत इन आरोपियों को निर्धारित अवधि तीन माह तक जिले की सीमा से बाहर रहना होगा। जिला बदर के दौरान यदि यह आरा. ेपी जनपद की सीमा में पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# विदेश में रहने वाले भारतीयों के लिए खुशखबरी

## अब आसानी से होगा मतदाता पंजीकरणय विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले में मतदाता सूची के अद्यतन कार्य को तेजी से पूरा किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा घर–घर जाकर मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त कर डिजिटाइजेशन का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने विदेशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है।

जिलाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ऐसे सभी भारतीय नागरिक, जो रोजगार, शिक्षा या अन्य कारणों से विदेश में रह रहे हैं और जिन्होंने किसी भी अन्य देश की नागरिकता ग्रहण नहीं की है, वे भारत में मतदाता बनने के लिए प्रारूप–6क द्धथ्वतउ 6।ऋ में आवेदन कर सकते हैं। यह प्रक्रिया निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम–1960 के तहत संचालित है।

कौन कर सकता है आवेदन हर वह भारतीय नागरिक जो विदेश में रह रहा है, 1 जनवरी को 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुका है और किसी अन्य देश की नागरिकता नहीं ली है, वह प्रारूप–6क दाखिल कर सकता है।

आवेदन उसी निर्वाचन क्षेत्र में किया जाएगा, जिसका पता आवेदक के पासपोर्ट में दर्ज है।

**कहां मिलेगा प्रारूप–6 क**

ईआरओ /एईआरओ कार्यालय

भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट

एनवीएसपी पोर्टल (www.nvsp.in)

**कैसे जमा करें आवेदन**

प्रारूप–6क व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या ऑनलाइन भी जमा किया जा सकता है।

ऑनलाइन आवेदन एनवीएसपी पोर्टल या राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

**आवश्यक दस्तावेज**

हाल का पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो

पासपोर्ट के संबंधित पृष्ठों की प्रति

फोटो, भारतीय पता, व्यक्तिगत विवरण

**वीजा पृष्ठ की प्रति**

सभी दस्तावेजों का स्व–अभिप्रमाणन आवश्यक

व्यक्तिगत आवेदन पर मूल पासपोर्ट का सत्यापन किया जाएगा

जिला प्रशासन ने बताया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह निरूशुल्क है और विदेशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का लाभ उठाने के लिए अवश्य आवेदन करना चाहिए।

# रामपुर में शीतलहर से बचाव की तैयारियां तेज, डीएम ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राहत आयुक्त तथा जिला. धिकारी रामपुर के निर्देशों के तहत जिले में शीतलहर से बचाव के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जरूरतमंदों को वितरित करने हेतु 6382 कंबल की व्यवस्था की गई है, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो।

जिले में 14 रैन बसेरे पूरी क्षमता के साथ संचालित किए जा रहे हैं, जहां गर्म बिस्तर, पानी, साफ–सफाई और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही 231 अलाव स्थलों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जा रहे हैं ताकि रात के समय लोगों को ठंड से राहत मिल सके।






जिला प्रशासन द्वारा कंबल वितरण की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है, जिससे कमजोर व जरूरतमंद वर्ग को त्वरित सहायता मिल रही है। सभी विभागों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि सड़क, फुटपाथ या खुले स्थानों पर कोई भी व्यक्ति ठंड से पीड़ित न हो।

नगर निकायों, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और परिवहन विभाग को अपने–अपने स्तर पर सतर्क रहकर राहत व सुरक्षा उपाय लागू करने के लिए कहा गया है।

जिलाधिकारी रामपुर ने निर्देश दिया है कि शीतलहर के दौरान मानवीय संवे. दनाओं को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक जरूरतमंद तक सहायता समय पर पहुंचाई जाए, जिससे जिले में कोई भी व्यक्ति ठंड से परेशान न रहे।

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जिले को प्रदेश में मिली 10वी रैंक

## डीएम ने पूरी टीम के कार्यों को सराहा, भविष्य में भी बेहतर रैंक के लिए गुणवत्तापूर्ण समाधान के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सितंबर माह में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समाधान में जिले को प्रदेश में 10वी रैंक प्राप्त हुई है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के लगातार निर्देश और प्रभावी समीक्षा तथा मुख्य विकास अधिाकारी गुलाब चन्द्र के लगातार अनुश्रवण के परिणामस्वरूप जिले को यह उपलब्धि मिली है।

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप प्रशासनिक स्तर से आमजन की समस्याओं और शिकायतों के समाधान को लेकर प्रत्येक अधिकारी को व्यक्तिगत रूचि



लेते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

अधिकारियों द्वारा जमीनी विवाद एवं गंभीर प्रकृति के मामलों के संबंध में स्वयं मौके का निरीक्षण करके स्थलीय समाधान कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी द्वारा भी आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का सत्यापन करने के लिए रैंडम तरीके से शिकायतकर्ताओं के पास पहुंचकर उनकी संतुष्टि और समाधान का सत्यापन किया जा रहा है।

शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए शासन स्तर से जिले को 10वी रैंक मिलना जिले के अधिकारियों के लिए उत्साहवर्धक है पर अब अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे हर माह रैंक में सुधाार करते हुए उत्कृष्ट रैंक के लिए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने इसके लिए लगातार सक्रियता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप अधिकारियों द्वारा तय समय में कार्यालयों में उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान कराया जा रहा है।

गुलाब चन्द्र ने कहा कि पूरी टीम द्वारा लगातार अनुश्रवण और अधिकारियों के साथ समन्वय के परिणामस्वरूप जिले को इस माह भी बेहतर रैंक मिली है।

उन्होंने बताया कि नवम्बर माह में 10वी रैंक के लिए निर्धाारित अधिकतम 140 अंकों में से जिले को 132 अंक प्राप्त हुए हैं। अनुराग सिंह प्रभारी अधिाकारी ने बताया कि शासन द्वारा आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के साथ–साथ गुणवत्ता की भी लगातार समीक्षा और मॉनिटरिंग की जाती है।

संदर्भों की मार्किंग, डिफाल्टर संदर्भ, मुख्यमंत्री कार्यालय से सी श्रेणी प्राप्त और संदर्भों के भौतिक सत्यापन सहित विभिन्न मानकों पर शासन स्तर से समय–समय पर रैंडम तरीके से सत्यापन कराया जाता है, जिसके परिणाम स्वरूप प्रत्येक जनपद की गुणवत्ता के आधाार पर निर्धाारित अंक प्रदान करते हुए रैंक निर्धारित की जाती है।

# मालखाने से लाइसेंसी रिवाल्वर गायब पूर्व प्रभारी के खिलाफ मुकदमा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में नैनी थाने के मालखाने से लाइसेंसी रिवाल्वर गायब होने का मामला सामने आया है। अब थाने के प्रभारी बृजकिशोर गौतम ने खुद तहरीर लिखवाकर बर्खास्त पूर्व मालखाना प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद के खिलाफ सात दिसम्बर को नैनी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं हेड मोहर्रिर 2016 में 25 लाख के गबन में बर्खास्त किया जा चुका है। बताया जा रहा है कि ये गायब रिवाल्वर पप्पू उर्फ रहमत अली की थी और लाइसेंसी थी। इसे साल 2007 में हत्या और गैंगस्टर के मुकदमे में जब्त किया गया था। रिवाल्वर रिलीज करने के लिए प्रयागराज जिलाधिकारी ने 5 जुलाई 2023 को आदेश दिया था। आदेश का पालन न होने पर पप्पू उर्फ रहमत अली ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में रिट दाखिल की थी। नैनी थाने के मालखाने का चार्ज मौजूदा हेड मोहर्रिर अशोक कुमार यादव को सौंपने के लिए पूर्व में ही एक टीम बनाई गई थी। इसमें सहायक पुलिस आयुक्त करछना अरुण कुमार त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक द्वितीय रिजर्व पुलिस लाइंस प्रवीण कुमार सिंह और नैनी थाना प्रभारी बृजकिशोर गौतम शामिल थे। 3 दिसम्बर 2025 को मालखाना खोलने और तलाशी के लिए टीम ने कार्रवाई शुरू की। टीम ने मालखाना खुलवाकर वीडिया ेग्राफी के साथ तलाशी कराई, लेकिन तलाशी के दौरान रिवाल्वर नहीं मिला। रिवाल्वर नहीं मिलने पर टीम के सदस्य नैनी थाना प्रभारी बृजकिशोर गौतम ने बर्खास्त मुंशी राजेन्द्र प्रसाद से फोन पर बात की। उस दौरान उसने खुद को बीमार बताया और थाने आ पाने में असमर्थता जताई। यह भी कहा कि रिवाल्वर मालखाने में ही होगा। ढूंढ लीजिए। तलाशी के बाद भी रिवाल्वर नहीं मिलने पर नैनी थाना प्रभारी ने बर्खास्त मुंशी के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया।

इसमें लिखा कि तलाशी के दौरान रिवाल्वर न मिलना और राजेन्द्र प्रसाद का व्यवहार यह दर्शाता है कि रिवाल्वर को जानबूझकर नहीं सौंपा गया और उसे गायब कर दिया गया, जो कि अपराध की श्रेणी में आता है। बृजकिशोर गौतम ने कहा है कि इस पूरे मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा।

# गैंगस्टर में दोषी सुंदर भाटी सहित 10 को नौ-नौ वर्ष की सजा

■ सजा पूरी कर चुके आठ दोषियों को किया रिहा, दो को जेल भेजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** जिले की कासना कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के एक अहम मामले में जिला न्यायालय ने कुख्यात गैंगस्टर सुंदर भाटी सहित 10 आरोपियों को 9-9 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सभी दोषियों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने पर दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सजा पाए दोषियों में सुंदर भाटी, सिंहराज, विकास पंडित, योगेश, ऋषिपाल, बॉबी उर्फ शेरसिंह, सोनू, यतेन्द्र चौधरी, अनूप भाटी और दिनेश भाटी शामिल हैं। हालांकि सिंहराज और ऋषिपाल को छोड़कर बाकी आठ दोषी अपनी घोषित सजा से अधिक अवधि जेल में बिताने के कारण रिहा कर दिए गए, जबकि सिंहराज और ऋषिपाल को शेष सजा पूरी करने के जेल भेजा गया है।

मामला 8 फरवरी 2015 का है। नियाना गांव में एक शादी समारोह से लौटते समय दादूपुर के ग्राम प्रधान और सपा नेता हरेंद्र नागर तथा उनके सरकारी गनर भूदेव शर्मा पर जानलेवा हमला हुआ था। हमले में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बदमाशों में से एक जतिन खत्री भी ढेर हो गया था। आरोप लगा था कि हरेंद्र नागर और सुंदर भाटी के बीच सरिया चोरी, फैक्टरी स्क्रैप और पानी सप्लाई को लेकर पुरानी रंजिश थी। वर्चस्व की इस लड़ाई के चलते ही हत्या की सुपारी दी गई थी। इसी प्रकरण में सुंदर भाटी समेत 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया था। अप्रैल 2021 में इसी हत्याकांड में अदालत ने सुंदर भाटी सहित 12 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। हाई कोर्ट में अपील लंबित है। अक्तूबर 2024 में उन्हें इलाहाबाद हाई कोर्ट से जमानत मिली थी, जिसके बाद वह दिल्ली में रहने लगा।

पुलिस की ओर से आरोपपत्र दाखिल होने के बाद दोनों पक्षों की बहस चली। अभियोजन पक्ष ने कहा कि आरोपी संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए दिनदहाड़े हत्याएं करते रहे हैं, इसलिए अधिकतम सजा जरूरी है। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि अधिकांश आरोपी पहले ही अधिकतम सजा काट चुके हैं, इसलिए उन्हें रिहा किया जाए। अदालत ने सभी पहलुओं पर विचार करते हुए यह फैसला सुनाया।

**तीन दशक का खौफनाक आपराधिक साम्राज्य है सुंदर भाटी का:** दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी यूपी के अपराध जगत में सुंदर भाटी का नाम 30 वर्षों से खौफ की तरह लिया जाता रहा है।

कभी बुलंदशहर का एक ट्रांसपोर्ट ठेकेदार रहा भाटी राजनीति में बढ़ते संपर्कों के बाद सुपारी किलिंग, रंगदारी और वर्चस्व वाली दुनिया में उतर गया। 2015 में गौतमबुद्धनगर जेल के अंदर अंत. रराष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ पुरस्कार वितरण का उसका वायरल फोटो राजनीति और अपराध जगत में उसकी गहरी पहुंच का प्रमाण माना गया था। उसकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के कारण उसका कद तेजी से बढ़ा। आरोप लगा कि सत्ता की राह में आए साथी नरेश भाटी (जिला पंचायत चेयरमैन) की भी उसने हत्या कराई थी। सुंदर भाटी गैंग का मुख्य नेटवर्क रंगदारी वसूली, सुपारी किलिंग, फैक्टरी स्क्रैप और सरिया चोरी, ठेकेदारी पर कब्जा. जमीन व कारोबारी विवादों में दबंगई है?

पूर्वांचल की कई चर्चित हत्याओं में भी इस गिरोह का नाम सामने आया। प्रयागराज में पुलिस अभिरक्षा में अतीक अहमद और अशरफ की हत्या में भी भाटी का नाम उछला था। चर्चा थी कि हथियार उसकी ओर से पहुंचाए गए, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी। वह यूपी पुलिस द्वारा तैयार की गई 65 माफियाओं की सूची में सुंदर भाटी का नाम शामिल है।

इसमें सिंहराज भाटी, अमित कसाना, अनिल भाटी, रणदीप भाटी, मनोज आसे भी शामिल हैं। गाजियाबाद के कुख्यात अनिल दुजाना को एसटीएफ 2023 में मुठभेड़ में मार चुकी है। वर्तमान में गौतमबुद्धनगर से छह सक्रिय माफिया सूची में हैं।

**जेल से रिहाई के बाद वर्चस्व की जंग तेज होने की जगी थी आशंका:** सुंदर भाटी के जेल से बाहर आने के बाद से वेस्ट यूपी में वर्चस्व और बदले की लड़ाई की आहट तेज हो गई थी। नोएडा में स्क्रैप और सरिया के कारोबार पर कब्जे की जंग हमेशा सुर्खियों में रहती है। 2023 में प्रतिद्वंदी माफिया अनिल दुजाना के मारे जाने के बाद आरोप लगा था कि सुंदर भाटी का इलाके में प्रभाव बढ़ गया है। इसी दौरान सपा नेता हरेंद्र नागर के भाई रवि काना पर नोएडा पुलिस का शि. कंजा कसा और उसे जेल जाना पड़ा। उसकी संपत्तियों को भी गैंगस्टर में जब्त किया गया था। पुलिस लगातार सुंदर भाटी गैंग की गतिविधियों पर निगरानी रख रही थी, इसके बावजूद उसे कई बार जिले में शादी समारोहों में देखा गया। लेकिन आरोपी की अबतक कोई आपराधिक गतिविधि में शामिल होने की भूमिका नहीं मिली थी।

# 163 रेस्त्रां में पब और बार की जांच शुरू

■ गोवा हादसे के बाद चलाया अभियान, बिजली, फायर और आबकारी की बनी टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गोवा के नाइट क्लब में हुए दर्दनाक हादसे के बाद नोएडा के रेस्टोरेंट , पब और बार में चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर ने बिजली, फायर और आबकारी विभाग की टीम बनाई है।

ये टीम नोएडा, ग्रेटर नोएडा के बॉर और पब की जांच कर रही है। अल्टीमेटम दिया जा रहा है कि जो भी कमियां है उसे तत्काल ठीक करा लिया जाए। क्षमता के अनुसार ही पब बार और रेस्टोरेंट में लोगों का प्रवेश दिया जाएगा।

शहर में 163 रेस्त्रां बार है। यहां फायर विभाग की टीम ने फाइटिंग इक्विपमेंट्स, रेस्त्रां बार की एंट्री और एग्जिट की जांच की जांच कर रही है। बार की छब्ब की जांच के साथ इलेक्ट्रिक वायरिंग भी देखी जा रही है। सीएफओ प्रदीप चौबे का कहा कि यहां टेंट में बार संचालन की अनुमति नहीं, नियमों की अनदेखी मिलने वालों को नोटिस भेजा जाएगा।

**लापरवाही मिलने पर लाइसेंस होगा कैंसिल:** हीला. हवाली करने वाले संचालकों के बार लाइसेंस निरस्तीकरण की भी कार्रवाई की जाएगी

25 दिसंबर और 1 जनवरी के जश्न से पहले सभी को जागरूक किया जा रहा। इलेक्ट्रिक फायर क्रेकर्स का इस्तेमाल न करें इसको लेकर बार संचालकों से बात की जाएगी। फिलहाल ये अभियान लगातार जारी रहेगा। ताकि गोवा जैसी घटना से बचा जा सके।

# नोएडा प्राधिकरण अवैध निर्माण का डेटा बेस तैयार कर रहा

■ भू-माफियाओं के नाम होंगे ऑनलाइन, 2000 करोड़ की जमीन करा चुके खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण अवैध निर्माण का दो तरह का डेटा बेस तैयार कर रहा है। एक वो जिसमें वर्तमान में अवैध निर्माण की क्या स्थिति है। जमीन पर निर्माण की फोटो, कितना निर्माण हो चुका है। जमीन का प्राधिकरण में लैंडयूज क्या है। जबकि दूसरा डेटा वो जिसके तहत प्राधिकरण ने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। यहां चेतावनी बोर्ड लगाए जा रहे है। जिसमें स्पष्ट लिखा है कि ये जमीन प्राधिकरण की है। इन दोनों डेटा बेस को ऑनलाइन किया जाएगा। ताकि नोएडा निवासी जमीन खरीद फरोख्त में ठगी का शिकार न हो।

नोएडा में बड़े स्तर पर अवैध निर्माण हो चुका है। अकेले सलारपुर में ही कई हाराइज इमारत है। लगातार प्राधिकरण इन पर नोटिस लगा रहा है। बावजूद इसके बन चुके फ्लैटों में लोग निवेश कर रहे है। जबकि इन पर एक्शन लिया जाएगा। ऐसे में प्राधिकरण ऑनलाइन डेटा जारी करेगा। जिससे लोगों को पता चल सके कि वो सही जमीन या फ्लैट में निवेश कर रहे है या नहीं।

**2000 करोड़ से ज्यादा की जमीन करा चुके खाली:** बता दे प्राधिकरण ने जनवरी 2024 से अब तक करीब 23.23 लाख वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

इस जमीन की लागत 2171 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसके अलावा अभियान निरंतर जारी है। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित की गई है। यहां प्लानिंग और परियोजनाएं बनाई जानी है। इसके अलावा जमीन अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर अब तक 100 से ज्यादा शिकायत दी गई। जिसमें पुलिस स्तर से जांच की जा रही है।

**सीपी तक जाएगी एक कॉपी:** प्राधिकरण ने बताया कि अवैध निर्माण से संबंधित जो भी एक्शन लिया जाएगा। उस एक्शन की एक कॉपी पुलिस कमिश्नर के पास भी भेजी जाएगी। दरअसल शिकायत करने के बाद कई दिनों तक विभागीय एक्शन नहीं हो पता है। ऐसे में अवैध निर्माण तोड़ने की जानकारी और उसने लिप्त लोगों के एफआईआर संबंधित एक कापी प्राधिकरण सीपी को भी देगा।

**भू-माफियाओं को किया जाएगा ऑनलाइन:** प्राधिकरण अब भू माफियाओं के नाम भी सामने लेकर आएगा। इन सभी के नाम भी जल्द ऑनलाइन किए जाएंगे। इसके अलावा जिन लोगों को भू माफियाओं घोषित करने की फाइल डीएम को प्रेषित की जा चुकी है वहां पत्राचार किया जाएगा। ताकि उनके नामों को भी ऑनलाइन कर आम पब्लिक को जानकारी दी सके।

# नोएडा प्राधिकरण निर्माण कंपनी पर लगाएगा 10 करोड़ का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में बन रहे चिल्ला एलिवेटेड रोड के निर्माण में कुछ महीने पहले निर्माण एजेंसी ने घटिया गुणवत्ता की स्टील का इस्तेमाल किया। नोएडा प्राधिकरण ने स्टील नहीं बदलने पर अब एजेंसी पर 10 करोड़ रुपए जुर्माना लगाने का निर्णय लिया है। परियोजना का अब तक 30 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। सीईओ लोकेश एम ने बताया कि की जुर्माना लगाने की प्रक्रिया की जा रही है।

नोएडा प्राधिकरण ने बतौर 10 करोड़ रुपए लगाई जाने वाली धनराशि परियोजना के भुगतान में रोक ली है। इसके अलावा अब निर्माण में लगने वाली स्टील तय कंपनियों की ही लगाई जाएंगी। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि यह स्पष्ट कर दिया गया है कि मानकों के अनुरूप चिह्नित कंपनियों के अलावा किसी दूसरी कंपनी की स्टील एलिवेटेड रोड के निर्माण में नहीं लगाने दी जाएगी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्यों में तीन स्टील की कंपनियों का चयन कर रखा है। इन कंपनियों में सेल, जिंदल समेत एक अन्य कंपनी है। पूर्व में सेतु निगम ने इन कंपनियों से अलग एक छोटी और कम प्रचारित कंपनी की स्टील को एलिवेटेड रोड के लिए बनाए जा रहे पिलर में इस्तेमाल कर लिया। इसको लेकर प्राधिकरण का पक्ष है कि यह स्टील स्वीकृत मानकों से निम्न है।

## एक नजर

### पूर्व केंद्रीय मंत्री की माता जी की शोक सभा में हुए राजनीतिक दल



**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सोमवार को डा. महेश शर्मा, सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार की माताजी ललिता शर्मा की शोक सभा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा अध्यक्ष, उ.प्र. भूपेन्द्र चौधरी, सांसद जगदम्बिका पाल, दिनेश, एमएलसी नरेन्द्र भाटी, माननीय एमएलसी श्रीचंद शर्मा, विधायक नोएडा पंकज सिंह, विधायक दादरी, तेजपाल नागर, विधायक सिकंदराबाद लक्ष्मीराज, माननीय विधायक खुर्जा मीनाक्षी, डायरेक्टर टीवी.9 हेमन्त शर्मा जी, चेयरमैन यूफ्लेक्स अशोक चतुर्वेदी जी, स्वामी यत्यात्मानंद गिरी महाराज जी, शनि धाम दाती जी महाराज, के.सी त्यागी एवं हजारों की संख्या में आए गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवं साथ विभिन्न सामाजिक सस्थाओं के प्रतिनिध भी उपस्थित रहे।

### 16वें फ्लोर से गिरकर महिला की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-74 सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला 16वें फ्लोर से नीचे गिर गई। गंभीर हालत में उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया वहां डॉक्टरों से उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। परिवार की ओर से अभी तक कोई शिकायत नहीं दी गई है। महिला प्रियंका तिवारी पति के साथ नोएडा के सेक्टर-74 केपटाउन सोसाइटी में रहती थी। पति कृष्ण कुमार पेशे से इंजीनियर है। रविवार रात को महिला कमरे से बालकनी में गई वहां अचानक नीचे गिर गई। मौके पर गार्ड ने परिजन और पुलिस को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद महिला को अस्पताल भेजा गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया गया। बताया गया कि महिला के सिर में गंभीर चोट लगी थी। जिससे ज्यादा ब्लीडिंग हो गई। इस वजह से उसकी मौत हो गई। महिला ने सुसाइड किया या वो 16वें फ्लोर से गिरी।

### पॉलीनॉमस इंडस्ट्रीज में 75 करोड़ का निवेश, 500 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** देश में उन्नत पॉलिमर कंपाउंड बनाने वाली अग्रणी कंपनी पॉलीनॉमस इंडस्ट्रीज ने अपने विस्तार की बड़ी घोषणा की है। कंपनी ने करीब 75 करोड़ रुपये के निवेश के साथ उत्पादन क्षमता बढ़ाने और नई तकनीक विकसित करने की योजना बनाई है। इस कदम से क्षेत्र में 500 से 600 युवाओं को रोजगार मिलने का रास्ता खुल गया है। कंपनी की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, पॉलीनॉमस इंडस्ट्रीज द्वारा बनाए जाने वाले पॉलिमर कंपाउंड देशभर में रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एलईडी लाइटिंग, इलेक्ट्रिक आयरन, कंप्यूटरखलैपटॉप सहित दो और चार पहिया वाहनों के कई महत्त्वपूर्ण हिस्सों में उपयोग किए जाते हैं। कंपनी वर्तमान में अनेक प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स, होम एप्लायंसेज और ऑटोमोबाइल कॉम्पोनेंट निर्माता कंपनियों को सप्लाई करती है।

### बस के ब्रेक फेल, एकदम से डिवाइडर से टकराई, बाल-बाल बचे 50 छात्र

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को एक बड़ा बस हादसा टल गया। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के पास यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर एक बस के ब्रेक फेल हो गए, जिसके बाद वह डिवाइडर से टकरा गई। बस में सवार करीब 50 छात्र सुरक्षित बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, यह बस ग्रेटर नोएडा से छात्रों को लेकर गलगोटिया यूनिवर्सिटी जा रही थी। अचानक ब्रेक फेल होने के कारण चालक ने बस को नियंत्रित करने का प्रयास किया और उसे सर्विस रोड की ओर मोड़ा। इसी दौरान बस डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# पंजाब नेशनल बैंक घोटाले में हुई सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा स्थित पंजाब नेशनल बैंक से फर्जी तरीके से रुपये निकालने के घोटाले की सुनवाई सीबीआई कोर्ट में चल रही है। इस मामले में अभियुक्तों के खिलाफ आरा. पपत्र पर बहस हुई। अदालत ने अगले सुनवाई के लिए 22 दिसंबर की तारीख तय की है। सीबीआई से मिली जानक. ारी के अनुसार मेसर्स लूम्बिया ओवरस. ीज के प्रोपराइटर व घोटाले के आरोपी गौरव चौधरी और सहअभियुक्त मेसर्स सिद्धि विनायक एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर सुबोध कुमार उर्फ सुबोध त्यागी ने मिलकर नोएडा में सिंडिकेट बैंक को 22 लाख रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाया। आरोप है कि इन दोनों ने बिना किसी वास्तविक व्यापार के लेन-देन को दिखा कर बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर किए।

मामला तब सामने आया जब जांच में पता चला कि 23 फरवरी 2016 को मेसर्स बालाजी एंटरप्राइजेज के नाम से पीएनबी से मेसर्स लूंबिया ओवरसीज के खाते में 4.75 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए। इसके अलावा, दोनों आरोपियों ने अन्य तिथियों पर भी बैंक खातों से गलत तरीके से आठ लाख रुपये और 9.30 लाख रुपये जमा कराए। इस प्रक्रिया में उन्होंने अपनी पहचान छिपाने और कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। इस मामले में आरो. पियों पर आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी और बैंक को नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

# शासन न्यू नोएडा में मुआवजे की दर तय करेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यू नोएडा के लिए 80 गांव की जमीन अधिग्रहीत की जानी है। किसानों को किस दर से मुआवजा दिया जाए इस पर जल्द निर्णय होगा। प्राधिकरण ने जेवर क्षेत्र और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जरिए बसाए जाने वाले फेज टू की मुआवजा दरों को नए नोएडा में लागू किया जा सकता है। इसका एक प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। जल्द ही इसको लेकर एक बैठक नोएडा प्राधिकरण में होगी। बैठक में प्राधिकरण के सीईओ , डीएम बुलंदशहर शामिल होंगे।

बुलंदशहर और दादरी के 80 गांवों की जमीन पर दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन (न्यू नोएडा) बसाया जाना है। किसानों से आपसी समझौते के आधार पर जमीन लेने पर दरें क्या रखी जाएं इसको लेकर कुछ दिन पहले नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण की बैठक हुई थी। इस बैठक में अधिकारियों ने यह तय किया था एक ग्रेटरनोएडा के फेज-2 को बसाने में जो मुआवजा दर होगी उसे ही यहां लागू किया जाए। हालांकि प्रस्ताव पर शासन मुहर लगाएगा।

डीएनजीआईआर शहर करीब 209.11 वर्गकिमी में बसाया जाना है। इसके लिए अक्टूबर 2024 में अधिसूचना जारी की गई थी। प्राधिकरण ने बताया कि नोडल अधिकारी की नियुक्ति के साथ यहां जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया जल्द की जाएगी।

अवैध निर्माण को रोकने के लिए ड्रोन सर्वे और अधिसूचना की तरीख का सेटेलाइट मैप भी लिया जाएगा। उस दिन के बाद यहां जितना भी निर्माण किया गया है या जा रहा है उसे अवैध माना जाएगा।

**80 गांवों की जमीन ली जाएगी:** डीएनजीआईआर 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। इसके मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विक. सित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है। इससे पहले यहां जमीन अधिग्रहण और मुआवजा के लिए रेट तय किए जाएंगे।

**आपसी सहमति से ली जाएगी जमीन:** प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि न्यू नोएडा के लिए जमीन का अधिग्रहण किसानों से आपसी सहमति के आधार किया जाएगा। यहां मुआवजा रेट क्या होगा इस पर विस्तार से चर्चा की गई। हालांकि अभी कोई निर्णायक फैसला नहीं हुआ है। सबसे पहले 15 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जबकि न्यू नोएडा को 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। प्रत्येक गांव में करीब 200 किसान परिवार है। यानी कुल 16 हजार किसान परिवार है। जिनके साथ बैठक की जाएगी। पहले फेज में 3165 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है।

**लगाए जाएंगे चेतावनी बोर्ड:** यहां जमीन अधिग्रहण के साथ ही चेतावनी बोर्ड लगाने का काम शुरू होगा। साथ ही सेटेलाइट के मैप के आधार पर जिन लोगों ने अधिसूचना जारी होने के बाद निर्माण किया उसे अवैध मानते हुए वहां भी बोर्ड लगाए जाएंगे।

# नोएडा से कालिंदी कुंज की ओर जाने वाला रास्ता होगा बेहतर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने सोमवार को सेक्टर-94 से लेकर 127 तक सेक्टरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनको नोएडा से कालिंदी कुंज की ओर जाने वाले रास्ते पर सड़क और अन्य चीजें खराब स्थिति में मिलीं। इस पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर करने के निर्देश दिए। सीईओ ने कालिंदी कुंज की ओर जाने वाले प्रवेश वाले रास्ते पर आकर्षक पेंटिंग बनाने के निर्देश दिए। यहां पर लगे बबूल के पेड़ों को भी हटाने के लिए कहा।



इस रास्ते पर रात में अंधेरा होने की शिकायतें भी मिलीं। इस पर सीईओ ने यहां आकर्षक लाइटें लगाने के निर्देश दिए। यहां पर सीईओ को अवैध रूप से विज्ञापन के होर्डिंग्स और केबल भी लगी मिलीं। सीईओ ने इनको तुरंत हटाने के लिए अधिकारियों से कहा। सेक्टर-94 एवं 95 के बीच बने अंडरपास में प्रवेश के पास लो-हाइट बैरियर लगा हुआ है, जिस पर रैट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाया जाएगा। सेक्टर-94 गोलचक्कर सुधारा जाएगा। सीईओ ने यहां से सेक्टर-94 अंतिम निवास की ओर जाने वाली सड़क का अलाइनमेंट निर्धारित करने के निर्देश दिए।

सेक्टर-125, 126, 127 में सेंट्रल वर्ज में कई स्थानों पर पेड़-पौधे गायब मिले। इनको दोबारा लगवाने के लिए कहा। कई जगह अनावश्यक रूप से सेंट्रल वर्ज में रेलिंग लगी हुई मिलीं, सीईओ ने जिनको हटाने के निर्देश दिए। सीईओ को निरीक्षण के दौरान सेक्टर-125 एमिटी विश्वविद्यालय के सामने नाले पर पैदल लोगों के लिए रखे गए एसएफआरसी कवर गायब मिले। इनको दोबारा रखवाने के लिए कहा। कई जगह फुटपाथ आपस मे जुड़े हुए नहीं मिले। इसको ठीक करने के निर्देश दिए। सेक्टर-125 एमिटी विश्वविद्यालय के सामने सड़क पर लगाई गई स्ट्रीट लाइट को एक्सप्रेसवे के समानांतर 45 मीटर रोड पर 127 तक लगवाया जाएगा।

अवैध पार्किंग को लेकर कंपनियों को नोटिस जारी होंगे सीईओ को निरीक्षण के दौरान कई संस्थागत कंपनियों के बाहर अवैध पार्किंग संचालित होती मिली। इस पर सीईओ ने संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

सेक्टर-125 में कब्रिस्तान के सामने पार्किंग बनेगी सेक्टर-125 में कब्रिस्तान के सामने 50 मीटर हिस्से में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पार्किंग बनाई जाएगी। इसके अलावा यहां फुटपाथ भी बनाया जाएगा।

एक्सप्रेसवे व पुस्ते के समानांतर 45 मीटर रोड पर रिफ्लेक्टर लगेंगे नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और यमुना पुस्ते के समानांतर 45 मीटर रोड पर कुछ जगह रिफ्लेक्टर लगाए जाने की जरूरत है। कई जगह अंधेरा होने पर सड़क हादसे का खतरा रहता है। ऐसे में संबंधित स्थानों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाएंगे। इसके अलावा खराब हो रखे फुटपाथ ठीक किए जाएंगे।

साइकिल स्टैंड पर अवैध रूप से लगे विज्ञापन हटाया जाएगा सीईओ निरीक्षण करते हुए सेक्टर-125-126 गोलचक्कर के पास पहुंचे। यहां उन्होंने देखा कि साइकिल स्टैंड पर अनाधिकृत रूप से विज्ञापन लगा हुआ है। सीईओ ने इसको हटवाने के निर्देश दिए।

### जिले में खेल प्रतियोगिताओं पर 31 तक रोक

**ग्रेटर नोएडा।** जिले में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए 31 दिसंबर तक सभी खेल प्रतियोगिताओं पर रोक लगा दी गई है। इससे संबंधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। खेल विभाग द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर दी गई अनुमति स्वत: निरस्त मानी जाएगी। प्रभारी जिला खेल अधिकारी डॉ॰ परवेज अली ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में वायु की गुणवत्ता खराब होने पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन न कराने के संबंध में आदेश दिया गया है। सर्वोच्च न्यायालय का हवाला देते हुए प्रदेश के खेल निदेशक द्वारा भी आदेश दिए गए हैं। इस पर जिले में होने वाली सभी खेल प्रतियोगिताओं पर 31 दिसंबर तक रोक लगा दी है। प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में सभी खेल अकादमी के प्रबंधकों व स्कूल प्रबंधन को अवगत करा दिया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# 27.50 लाख में बिका यूपी16एफएच 0001 नंबर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में यूपी16एफएच 0001 नंबर हासिल करने के लिए 27 लाख 50 हजार रुपए की रिकॉर्ड तोड़ बोली लगाई गई। यह बोली AVIORI-ON PRIVATE LIMITED, गौतमबुद्ध नगर ने ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत लगाई। कंपनी ने 7 नवंबर को 33,333 रुपए धरोहर राशि के रूप में जमा किए थे। अब यह नंबर कंपनी को अलॉट कर दिया गया है, जो यूपी16एफएच सीरीज का प्रीमियम नंबर है।

एआरटीओ नंद कुमार ने बताया- आकर्षक नंबरों के लिए अब तक जितनी भी बोलियां लगी हैं, उनमें यह सबसे अधिक है। इससे पहले किसी भी नंबर के लिए इतनी बड़ी रकम नहीं चुकाई गई थी। AVIORION PRIVATE LIMITED ने हाल ही में एक मर्सिडीज बेंज कार खरीदी है, जिसकी ऑन-रोड कीमत करीब 3.5 करोड़ रुपए है।

कंपनी ने इस खास नंबर के लिए पहले अपना नाम रजिस्टर्ड कराया और फिर ऑनलाइन बोली जीतकर नंबर अपने नाम अलॉट कराया।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# यमुना एक्सप्रेसवे पर गति सीमा करने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे पर कोहरे के चलते गति सीमा में बदलाव करने की तैयारी है। संभवत: यहां 15 दिसंबर से नई गति सीमा लागू हो जाएगी। हालांकि, यमुना प्राधिकरण की ओर से अभी मामले में पत्राचार नहीं किया गया है। बता दें कि यमुना एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के चलते 15 दिसंबर से फेरबदल का अनुमान है।

सर्दियों में कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता कम होने से वाहन चलाना मुश्किल हो जाता है। ठंड के कारण सड़कों पर फिसलन रहने से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे पर गति सीमा कम करने की योजना बनाई है और और इसे 15 दिसंबर से लागू करने पर विचार है।

ग्रेटर नोएडा से आगरा तक 165 किलोमीटर लंबे यमुना एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना होने पर घायलों को समय पर उपचार के लिए अस्पताल पहुंच. ाने के लिए समय सारिणी और फोन नंबरों का आदान प्रदान समेत अन्य व्यवस्था है। प्रबंधन ने सर्दियों के चलते हल्के वाहनों के लिए गति सीमा 100 किलोमीटर से घटाकर 75 किलोमीटर और भारी वाहनों के लिए 80 से घटाकर 60 किलोमीटर प्रति घंटे करने की तैयारी है। एक्सप्रेसवे के वरिष्ठ प्रबंधक जेके शर्मा ने बताया कि 15 दिसंबर तक फेरबदल किया जा सकता है, फिलहाल इसके लिए प्राधिकरण के पत्राचार का इंतजार है।

# 10 दिसंबर से मुफ्त राशन वितरण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के तहत राशन वितरण दस दिसंबर से शुरू हो जाएगा। इसमें अंत्योदय व पात्र गृहस्थ उपभोक्ताओं को नि:शुल्क राशन बांटा जाएगा। खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 25 नवंबर निर्धारित की गई है।

प्रभारी डीएसओ स्मृति गौतम ने बताया कि अंत्योदय व पात्र उपभोक्ताओं को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत निश्शुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। सुबह आठ बजे से 12 बजे व दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक ई-पास मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के उपरांत निश्शुल्क खाद्यान्न वितरित होगा।



अंत्योदय कार्ड धारकों को अक्टूबर, नवंबर व दिसंबर के सापेक्ष तीन किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से कुल 54 रुपए में वितरित की जाएगी। अंत्योदय उपभोक्ताओं को प्रति राशन कार्ड 21 किलो चावल व 14 किलो गेंहू बांटा जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थ उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट तीन किलो चावल व दो किलो गेंहू का वितरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों व राज्यों के निवासी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक, जिनके द्वारा गौतम बुद्ध नगर के उचित दर विक्रेताओं के यहां से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत पोर्टेबिलिटी के आधार पर खाद्यान्न अपनी सुविधा एवं सुगमता अनुसार किसी भी उचित दर दुकान से प्राप्त कर सकते हैं। बता दें कि जिले में एक लाख 94 हजार 560 राशन कार्ड धारक है। आठ लाख 603 यूनिट है। जबकि जिले में सात हजार 897 अंत्योदय कार्ड धारक है। जो शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ उठा रहे हैं।




# टी-20 मुकाबले में जीत के साथ आगाज करने उतरेगी भारतीय टीम

● **भारतीय टीम आज दक्षिण अफ्रीका के साथ पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच खेलेगी**

**कटक, वार्ता।** भारतीय टीम मंगलवार को बाराबती स्टेडियम की रोशनी में हालिया फॉर्म और घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के पहले टी-20 मुकाबले में जीत के साथ आगाज करना चाहेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज आश्चर्यचकित कर सकते है। भारत कल आत्मविश्वास के साथ सीरीज में उतरेगा। इस साल के एशिया कप में अजेय रहने और ऑस्ट्रेलिया में 2-1 से कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ, उनमें आत्मविश्वास और दम दोनों हैं। इस प्रारुप में एक विश्व चैंपियन टीम, वे विस्फोटक बल्लेबाजी को एक विविध और खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण के साथ मिलाते हैं। अभिषेक शर्मा, जो हमेशा शीर्ष पर एक जीवंत चिंगारी रहे हैं, पावरप्ले में लय सेट करने का प्रयास करेंगे। शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा बीच में स्थिरता के साथ स्ट्राइक रोटेट करने और शानदार प्रदर्शन करने में सक्षम हैं।

वहीं अगर निचले क्रम की बात की जाए तो हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल और शिवम दुबे, या हर्षित राणा, वह गहराई और फिनिशिग टच देते हैं जो कुछ ही पलों में खेल का रुख बदल सकता है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण गति, स्विंग और स्पिन का एक संगम है। जसप्रीत बुमराह, जो शायद दुनिया के सबसे धारदार तेज गेंदबाजों में से एक हैं, आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें अर्शदीप सिंह अपनी चतुराई और सटीकता से उनका साथ देंगे। कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल अपनी स्पिन वैरायटी से किसी भी बल्लेबाजी को मुश्किल में डाल सकते हैं। वहीं अगर दक्षिण अफ्रीका की बात की जाए तो वह हाल के टी-20 में उतार-चढ़ाव वाली फॉर्म के साथ आई है, जिसे पाकिस्तान और नामीबिया से हार का सामना करना पड़ा है। वे क्विंटन डी कॉक और एडन मारक्रम के अनुभव पर भरोसा करेंगे ताकि शुरुआत में ही लय बनाई जा सके, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स और डेवाल्ड ब्रेविस पर बीच के ओवरों में पारी को संभालने की जिम्मेदारी होगी। निचले क्रम में, डेविड मिलर और यानसन जैसे खिलाड़ी तेजी से रन जोड़ सकते हैं, लेकिन मेहमान टीम जानती है कि वे धीमी शुरुआत का जोखिम नहीं उठा सकते। दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी की अगुवाई खतरनाक एनरिक नॉर्टजे और लुंगी एनगिडी कर रहे हैं। वे अपनी गति और सटीकता से मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते है। यानसन की उछाल और अतिरिक्त तेजी एक और रोमांच जोड़ती है, लेकिन द. अफ्रीका को यहां सफल होने के लिए, भारत की बल्लेबाजी फॉर्म के खिलाफ उनका प्रदर्शन शानदार करना होगा। बाराबती स्टेडियम में आमतौर पर एक अच्छी पिच होती है, जिसकी बाउंड्री 65 से 70 मीटर के बीच होती है। लाइट्स में लाल मिट्टी की पिच अतिरिक्त गति और उछाल दे सकती है, जबकि शाम की ओस लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के पक्ष में हो सकती है। एक प्रतिस्पर्धी स्कोर 180-190 रन के आसपास रहने की संभावना है। ऐतिहा. सिक रूप से, भारत का टी-20 में द. अफ्रीका के खिलाफ पलड़ा भारी रहा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दूसरे वनडे में धीमे ओवर रेट पर भारत पर लगा जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने भारत पर रायपुर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में धीमी ओवर-रेट के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अमीरात आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने यह कार्रवाई की, जब केएल राहुल की टीम समय में छूट के बाद भी दो ओवर पीछे रह गई थी। आईसीसी खिलाड़ियों और खिलाड़ी सपोर्ट स्टाफ के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर हर उस ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है जो उनकी टीम निर्धारित समय में नहीं फेंक पाती है।

### साइकिलिस्ट खोइरोम रेजिया देवी ने जीता स्वर्ण पदक

**जयपुर, वार्ता।** केआईआईटी यूनिवर्सिटी की मणिपुरी साइकिलिस्ट खोइरोम रेजिया देवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान - 2025 में महिलाओं की तीन किलोमीटर व्यक्तिगत परस्यूट का स्वर्ण पदक जीता। रेस खत्म होते ही रेजिया की खुशी देखते ही बनती थी। उन्होंने साई मीडिया से कहा कि मीनाक्षी चैंपियन एथलीट है। उसे हारना पसंद नहीं है और मुझे भी नहीं। मैंने अपनी जिदगी में इतनी उपेक्षाएं झेली हैं कि अब मैं हमेशा उपलब्धियों के लिए भूखी रहती हूं। इस जीत से मैंने खुद को, और उन सभी लोगों को जवाब दिया है जिन्होंने कभी कहा था कि मैं यह नहीं कर सकती। 3 किमी परस्यूट में उससे बेहतर कोई एथलीट नहीं है, इसलिए उसे हराना मेरे लिए खास उपलब्धि है। 2019 में चयन संबंधी उपेक्षाओं के कारण सेपाक टकरॉ छोड़कर साइक्लिंग अपनाने वाली रेजिया ने शुरुआती दिनों में जितनी निराशा, अस्वीकार और मानसिक तनाव झेला, उतना शायद ही कोई खिलाड़ी सह सके।

# शाकिब अल हसन ने टेस्ट व टी-20 से संन्यास वापस लिया



**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में खेलने की इच्छा व्यक्त करते हुए टेस्ट और अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से अपना संन्यास वापस ले लिया है। शाकिब ने एक साल से अधिक के समय से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेली है और पिछले साल ही उन्होंने टेस्ट और टी-20 से संन्यास लिया था। शाकिब ने मोईन अली के पॉडकास्ट में बात करते हुए कहा कि मैं आधिकारिक तौर पर सभी प्रारूपों से रिटायर नहीं हुआ हूं। यह पहला मौका है जब मैं इसका खुलासा कर रहा हूं। मेरी योजना बंगलादेश जाकर एकदिवसीय, अंतर्राष्ट्रीय टी-20 और टेस्ट की एक पूरी सीरीज खेलने के बाद रिटायर होने की है। उन्होंने कहा कि मैं एक ही सीरीज में सभी प्रारूपों से रिटायर हो सकता हूं। इसकी शुरुआत टी-20, एकदिवसीय और टेस्ट या फिर टेस्ट, वनडे और टी-20 से हो सकती है। दोनों ही तरह मैं संतुष्ट हूं, लेकिन मैं एक पूरी सीरीज खेलकर ही रिटायर होना चाहता हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह बंगलादेश लौटेंगे तो शाकिब ने कहा कि मुझे उम्मीद है। इसीलिए मैं टी-20 लीग्स में खेल रहा हूं। मुझे लगता है कि ए होगा। मुझे लगता है कि जब एक खिलाड़ी कुछ कहता है तो वह अपने शब्दों के साथ रहने का प्रयास करता है। अचानक वे इसमें बदलाव नहीं करते हैं। इससे फर्क नहीं पड़ता कि मैं अच्छा खेलूंगा या नहीं। उसके बाद मैं एक खराब सीरीज खेल सकता हूं, यदि मैं खेलना चाहूं। लेकिन मुझे ऐसा करने की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि ए पर्याप्त है। ए उन फैंस को अलविदा कहने का अच्छा तरीका होगा जिन्होंने मुझे हमेशा सपोर्ट किया है। घरेलू सीरीज खेलकर उन्हें कुछ वापस दिया जा सकता है। गेंदबाजी एक्शन को लेकर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं थोड़ा जानबूझकर ऐसा कर रहा था क्योंकि मैंने एक ही मैच में 70 से अधिक ओवर डाल दिए थे।

# गिल-पांड्या पूरी तरह फिट: सूर्यकुमार



● **गिल को कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में अकड़न हो गई थी**

**कटक, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को कटक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरु होने वाली टी-20 सीरीज से पहले कहा कि शुभमन गिल और हार्दिक पांड्या पूरी तरह से स्वस्थ तथा फिट हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि दोनों 'गिल और पांड्या' स्वस्थ और फिट दिख रहे हैं। गिल को कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में अकड़न हो गई थी, जबकि हार्दिक सितम्बर में एशिया कप के दौरान लगी क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण बाहर थे।

गिल चोट के बाद से अभी तक नहीं खेले हैं, लेकिन हार्दिक ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में वापसी की। बड़ौदा के लिए खेलते हुए, उन्होंने हर मैच में एक विकेट लिया, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने दोनों बार चार ओवर फेंके। बल्ले से, पंजाब के खिलाफ 42 गेंदों में उनके 77 रन नाबाद ने उनकी टीम को 223 रनों का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। भारतीय कप्तान ने कहा कि आपने एशिया कप में भी देखा था, जब वह 'हार्दिक' नई गेंद से गेंदबाजी कर रहे थे, तो उन्होंने प्लेइंग इलेवन के संबंध में हमारे लिए बहुत सारे विकल्प, कॉम्बिनेशन खोल दिए थे। यही वह टीम में लाते हैं। उनका अनुभव, जिस तरह से उन्होंने सभी बड़े मैचों, सभी आईसीसी, एसीसी स्पर्धाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि वह अनुभव बहुत काम आएगा और उनकी मौजूदगी निश्चित रूप से टीम को अच्छा संतुलन मिलेगा। गिल के टीम में वापस आने के साथ सूर्यकुमार ने यह स्पष्ट किया कि संजू सैमसन को मिडिल ऑर्डर में जगह के लिए जितेश शर्मा से मुकाबला करना होगा। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि ओपनर्स को छोड़कर सभी बल्लेबाजों को ऑर्डर में अपनी स्थिति के संबंध में लचीला होना होगा। उन्होंने कहा कि जब संजू टीम में आए, तो उन्होंने ऑर्डर में ऊपर बल्लेबाजी की। अब बात यह है कि ओपनर्स के अलावा, सभी को लचीला होना होगा। जब उन्होंने पारी की शुरुआत की तो उन्होंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन शुभमन ने उनसे पहले श्रीलंका सीरीज में खेला था, इसलिए वह उस जगह के हकदार हैं। लेकिन हमने संजू को मौके दिए। वह किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार है जो वास्तव में एक खिलाड़ी को नंबर तीन से छह तक कहीं भी बल्लेबाजी करने के लिए लचीला देखना अच्छा है। यही एक बात मैंने सभी बल्लेबाजों से कही है कि ओपनर्स के अलावा, सभी को बहुत लचीला होना होगा। दोनों 'सैमसन और जितेश' टीम की योजनाओं में शामिल हैं। इन दोनों जैसे शानदार खिलाड़ी टीम में होना हमेशा अच्छा होता है। एक ओपनिग कर सकता है।

# भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने वेल्स को हराया




**चिली, वार्ता।** भारतीय टीम ने महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप 2025 के नौ से 16वें क्लासिफिकेशन मुकाबले में वेल्स को 3-1 से हराया। सैंटियागो में सेंट्रो डेपोर्टिवो डी हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए हिना बानो ने (14वें), सुनेलिता टोप्पो ने (24वें), और इशिका ने (31वें) मिनट में गोल किए, जबकि वेल्स के लिए एकमात्र गोल एलोइस मोटने (52वें) मिनट में किया। भारत ने खेल की शुरुआत आक्रामक तरीके से की, पहले 30 सेकंड में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। भारत ने नियमित अंतराल पर मौके बनाए लेकिन शुरुआती गोल जल्दी नहीं कर पाया। वेल्स को पेनल्टी स्ट्रोक से बढ़त बनाने का अवसर मिला था, लेकिन निधि ने शानदार बचाव करते हुए उनके प्रयास को विफल कर दिया। पहले क्वार्टर के आखिर में साक्षी राणा के शानदार खेल के बाद हिना बानो के टैप-इन से भारत आखिरकार डेडलॉक तोड़ने में कामयाब रहा। अपनी बढ़त को दोगुना करने के प्रयास में भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में एक और पेनल्टी कॉर्नर के साथ दबाव बनाए रखा। भारत लगातार मौके बनाता रहा और अपनी कोशिशों का फल मिला, साक्षी राणा के शुरुआती शॉट के बाद गेंद सुनेलिता टोप्पो के पास आई, जिन्होंने करीब से कोई गलती नहीं की और बढ़त को दोगुना करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही भारत ने अपनी बढ़त को 3-0 कर दिया, जब वेल्स गोलकीपर से रिबाउंड होकर गेंद इशिका के पास आई और उन्होंने गोल कर दिया। ज्योति सिंह की टीम ने खेल की गति को नियंत्रित किया, लाइनों के बीच खेलकर और दबाव बनाते हुए वेल्स की रक्षा पंक्ति को परेशान किया। भारत ने मौके बनाना जारी रखा, वेल्स को अपने ही हाफ में धकेल दिया और तीसरे क्वार्टर को खत्म किया और आखिरी पीरियड में भी गेंद पर दबदबा बनाए रखा। वेल्स को दूसरे छोर पर एक मौका मिला और एलोइस मोट ने इसका फायदा उठाया, अपनी टीम के लिए एक गोल किया।

● **भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए हिना बानो ने 14वें सुनेलिता ने 24वें व इशिका ने 31वें मिनट में गोल किए**

# टी-20 विश्व कप से पहले पाकिस्तान टीम में नहीं होगा कोई बड़ा बदलाव: सलमान आगा

● **आईसीसी के अनुसार पाक टूर्नामेंट के अगले संस्करण में अच्छी फॉर्म में उतरेगा**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने अगले साल फरवरी में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्वकप से पहले टीम में कोई बड़े बदलाव की संभावना से इंकार करते हुए कहा कि हर किसी को उसकी भूमिका बता दी गई, हम उसी के साथ आगे बढ़ेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, पाकिस्तान टूर्नामेंट के अगले संस्करण में अच्छी फॉर्म में उतरेगा, क्योंकि इस साल की शुरुआत में सलमान के टी-20 कप्तान बनने के बाद से टीम ने सबसे छोटे फॉर्मेट में हाल ही में सफलता हासिल की है। एशियाई टीम ने हाल ही में जिम्बाब्वे और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर त्रिकोणीय जीती थी और सलमान को उम्मीद है कि वहां खेलने वाली टीम के अधिकतर खिलाड़ी अगले साल सात फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 विश्व. कप के 10वें संस्करण में भी टीम का हिस्सा होंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक पॉडकास्ट में सलमान ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि विश्व कप से पहले कोई बड़ा बदलाव होगा, यही संयोजन रहेगा। सभी खिलाड़ियों को उनकी भूमिका बता दी गई हैं, और हम इन्हीं भूमिका के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप से पहले छह मैच बचे हैं, हमें लगातार अच्छा खेलना होगा। हम इन छह मैचों में बड़े बदलाव नहीं कर सकते। सलमान जिन छह मैचों का जिक्र कर रहे हैं, उनमें से तीन मैच जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ घर से बाहर होंगे, क्योंकि टीम टी-20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारी को आखिरी रूप दे रही है, जिसमें पाकिस्तान को ग्रुप ए में चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत, अमेरिका, नीदरलैंड्स और नामीबिया के साथ रखा गया है। अगर पाकिस्तान त्रिकोणीय में शामिल अपनी टीम के अधिकतर खिलाड़ियों के साथ रहता है, तो यह पूर्व कप्तान बाबर आजम और मुख्य तेज गेंदबाज नसीम शाह के लिए अच्छी खबर है, क्योंकि ए दोनों उन खिलाड़ियों के ग्रुप में शामिल थे जिन्हें उस समय के बाद मैचों के लिए वापस बुलाया गया था। सलमान ने कहा कि हम इस ग्रुप के साथ छह महीने से खेल रहे हैं और नतीजे आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि हम 2026 का टी-20 विश्व कप और फिर 2027 का एकदिवसीय विश्व कप जीतें। दोनों विश्व कप जीतना मेरा सपना है, अगर ऐसा होता है, तो मुझे बहुत खुशी होगी। उन्होंने ने कहा कि अभी के लिए, पाकिस्तान मेरी कप्तानी में टी-20 विश्व कप खेलेगा।

# बडौदा ने सर्विसेज को 13 रनों से हराया

**हैदराबाद, वार्ता।** अमित हरिराम पासी (114) की विस्फोटक शतकीय पारी के दम पर बडौदा ने सोमवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 एलीट ग्रुप सी मुकाबले में सर्विसेज को 13 रनों से शिकस्त दी। बडौदा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सर्विसेज के खिलाफ पांच विकेट पर 220 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बडौदा के लिए अमित हरिराम पासी ने 55 गेंदों में 10 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए 114 रनों की शतकीय पारी खेली। शाश्वत रावत (14), कप्तान विष्णु सोलंकी ने (25), शिवा. लिक शर्मा (16), निनाद रथ्वा (12) रनों का योगदान दिया। भानु पनिया 15 गेंदों में 28 रन बनाकर नाबाद रहे। सर्विसेज के लिए अभिषेक तिवारी ने तीन विकेट लिए। मोहित राठी और रवि चौहान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सर्विसेज, बडौदा के गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 208 रन ही बना सकी और मुकाबला 13 रनों से हार गई। सर्विसेज के लिए कुंवर पाठक और रवि चौहान की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। नौवें ओवर में महेश पिठिया ने कुंवर पाठक को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। कुंवर पाठक ने 29 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के उड़ाते हुए (51) रन बनाए। इसके अलावा रवि चौहान ने 32 गेंदों में (51), कप्तान मोहित अहलावत ने 22 गेंदों में (41), नकुल शर्मा 13 गें. दों में (24) रन बनाकर आउट हुए। पुलकित नारंग चार गेंदों में 12 रन बनाकर नाबाद रहे।

### हेनरी, सैंटनर, नाथन स्मिथ वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से हुए बाहर

**वेलिगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड टीम के तीन गेंदबाज मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिशेल सेंटनर चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ बाकी घरेलू टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मुख्य गेंदबाज हेनरी (पिडली में खिचाव), ऑलराउंडर नाथन स्मिथ (साइड में खिचाव) और स्पिन-गेंदबाज ऑलराउंडर मिशेल सेंटनर (ग्रोइन इंजरी) के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ बाकी घरेलू टेस्ट सीरीज से बाहर होने की पुष्टि की हैं। उन्होंने बताया कि क्राइस्टचर्च में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल ग्लेन फिलिप्स को आधिकारिक तौर पर सीरीज के बाकी मैचों के लिए टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। डेरिल मिशेल, जिन्होंने पहले टेस्ट में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर लंबा समय बिताया था, दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे और मिडिल ऑर्डर के मुख्य खिलाड़ी के तौर पर टीम में वापस आएंगे।

# एफसी गोवा ने तीसरी बार जीता सुपर कप

**गोवा, वार्ता।** एफसी गोवा ने पेनल्टी शूटआउट में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईस्ट बंगाल एफसी को 6-5 से हराकर रिकॉर्ड तीसरी बार एआईएफएफ सुपर कप का खिताब अपने नाम किया। यहां पंडित जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में खेला गया खिताबी मुकाबला अतिरिक्त समय के बाद भी गोल रहित रहा, सुपर कप का पहला फाइनल बन गया जिसका फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों ने कई गोल करने के मौके बनाए लेकिन वे 120 मिनट में गोल करने में नाकाम रही। शूटआउट में, एफसी गोवा के कप्तान बोरजा हेरेरा और ईस्ट बंगाल के मोहम्मद बासिम राशिद गोल करने में नाकाम रहे, जिससे मुकाबला सडन डेथ में चला गया। उदंता सिंह कुमाम और साहिल तवोरा ने गोवा को आगे रखा, जबकि हामिद अहदाद ने ईस्ट बंगाल के लिए गोल किया, लेकिन पीवी विष्णु चूक गए, जिससे मेजबान टीम ने ट्रॉफी जीत ली। गोवा को शुरुआती तकनीकी बदलाव करने पड़े, मिडफील्ड को स्थिर करने के लिए उदंता सिंह और निम दोरजी तमांग को मैदान में उतारा गया।

ईस्ट बंगाल आगे बढ़ता रहा क्योंकि महेश को ब्रेक से पहले दो और मौके मिले जो बाल-बाल चूक गए। दूसरा हाफ उतार-चढ़ाव भरा रहा। गोवा एनर्जी के साथ वापस आया, आयुष छेत्री और डेजान ड्राजकि ने ईस्ट बंगाल के डिफेंस को टेस्ट किया। लेकिन जल्द ही मेहमान टीम ने फिर से कंट्रोल हासिल कर लिया, बिपिन के सटीक पास ने मिगुएल और हिरोशी इबुसुकी के लिए मौके बनाए। ईस्ट बंगाल 74वें मिनट में गोल के सबसे करीब पहुंचा जब पीवी विष्णु का तेज शॉट गोलकीपर ऋतिक तिवारी के दस्तानों से फिसल गया, लेकिन उन्होंने समय रहते उसे लाइन से बाहर कर दिया। जोरदार अपील के बावजूद, रेफरी ने गोल नहीं दिया। गोवा ने तुरंत जवाब दिया, ब्रिसन फर्नांडिस ने दूर से शॉट मारा जो पोस्ट से टकराया और ड्राजिक ने फ्री हेडर मिस कर दिया। डिफेंडर पोल मोरेनो लगभग हाफवे से गोल करने ही वाले थे जब उनका क्लीयरेंस अप्रत्याशित रूप से गोल की ओर गया, जिससे प्रभसुखन सिंह गिल को क्रॉसबार पर एक मुश्किल बैकपेडलिग बचाव करना पड़ा। अतिरिक्त में और भी मौके मिले, जिसमें गिल ने सिवेरियो और टिमोर को गोल करने से रोकने के लिए अहम बचाव किए।

● **सुपर कप का पहला फाइनल पहला बन गया जिसका फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ**




शाह टाइम्स
सम्पादकीय
मंगलवार, 9 दिसम्बर 2025

# वंदेमातरम पर राजनीति

सोमवार को राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोकसभा में चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा वंदेमातरम के साथ विश्वासघात किया और तुष्टिकरण की राजनीति के दबाव में वह वंदेमातरम के बंटवारे के लिए झुकी मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए। उन्होंने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि मौ. अली जिन्ना ने 15 अक्टूबर 1937 को लखनऊ में वंदेमातरम के विरोध का नारा बुलंद किया। उन्होंने सीधे देश के दिवंगत पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू और 1937 में कांग्रेस अध्यक्ष रहे जवाहर लाल नेहरू को यह कहकर विवादों में घेरा कि जब उनका सिंहासन डोलता दिखाई दिया, तब उन्होंने मुस्लिम लीग को जवाब देने और कांग्रेस की वंदेमातरम में निष्ठा को प्रकट करने के बजाए वंदेमातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी। वंदेमातरम को लेकर कांग्रेस की तरफ से भी जवाब आया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी वंदेमातरम पर चर्चा में भाग लिया और उन्होंने राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमि को रेखांकित करते हुए कहा कि वंदेमातरम केवल भावना नहीं बल्कि देश की आजादी की लड़ाई की ताकत और नैतिकता का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि इस गीत ने ब्रिटिश साम्राज्य को भी झुकने पर मजबूर किया था, लेकिन साथ ही इसमें यह भी जोड़ा कि संसद में इस समय यह चर्चा इसलिए कराई जा रही है क्योंकि आने वाले समय में पश्चिमी बंगाल में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। प्रियंका गांधी का कहना था कि हम देश के लिए हैं और आप चुनाव के लिए हैं। प्रियंका के अनुसार इस समय वंदेमातरम पर लोकसभा में चर्चा कराने की कोई जरूरत ही नहीं थी। अपनी बात को वजन देते हुए उन्होंने कहा कि यह गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा रहा है और 75 सालों से आजाद भारत की जनता के दिलों में बसता आया है। उन्होंने सवाल किया कि आज इस पर बहस कर सरकार क्या साबित करना चाहती है। संसद में इस पर बहस कराने के बजाए सत्ता पक्ष को जनता की जिम्मेदारियों पर ध्यान देना चाहिए न कि ऐसे मुद्दों पर विवाद खड़ा करना चाहिए। उन्होंने तो यहां तक कहा कि संविधान सभा द्वारा स्वीकृत वंदेमातरम के स्वरूप पर सवाल उठाना रविंद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, मौलाना आजाद और आम्बेडकर जैसे महान नेताओं का अपमान करना है। प्रियंका गांधी ने कटु लहजे में कहा कि पीएम 12 साल से देश चला रहे हैं और यह वही अवधि है जितने साल पंडित नेहरू ने आजादी की लड़ाई में जेल में बिताए थे। इसमें कोई दोराय नहीं है कि वंदेमातरम पर इस समय संसद में चर्चा की कोई बहुत ज्यादा जरूरत नहीं थी। यूं भी यह चर्चा ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिमी बंगाल में वास्तव में चुनाव होने जा रहे हैं और इस सच्चाई से हर कोई वाकिफ है कि भाजपा के लिए यह चुनाव मात्र एक चुनाव नहीं बल्कि एक मिशन जैसा है। वैसे भी वंदेमातरम जैसे प्रतिष्ठित गीत पर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। पीएम मोदी ने जिस अंदाज में बात की, उन्होंने यही संकेत देने की कोशिश की कि सभी वंदेमातरम के पक्ष में थे लेकिन केवल पंडित नेहरू ही उसके विरोध में रहे हैं।


## योजनाओं का लाभ केवल प्रदेश के नागरिकों को



न्यायालय की हालिया टिप्पणी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं दिया जा सकता, सरकारी संसाधनों पर पहला अधिकार प्रदेश के नागरिकों का है, न कि अवैध रूप से रह रहे लोगों का, उप्र की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सुचारू कानून-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसी क्रम में प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए सभी नगर निकायों को सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, सार्वजनिक संस्थानों पर अनाधिकृत कब्जे की सफाई आवश्यक है और योजनाओं से मिलने वाले लाभ केवल प्रदेश के नागरिकों को ही दिए जाएंगे।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# भारत-रूस की अटल साझेदारी





**योगेश कुमार गोयल**

विश्व राजनीति की जटिलताओं और शक्ति-संतुलन के नए उभार के बीच कुछ संबंध ऐसे होते हैं, जो समय के साथ अपनी प्रासंगिकता को विस्तार देते हुए नई दिशाएं निर्धारित करते हैं। भारत और रूस का रिश्ता ऐसे ही संबंध का उदाहरण है, जो युद्धों, तकनीकी क्रांतियों, आर्थिक परिवर्तन और वैश्विक संरेखणों के अनेक चक्रों से गुजरते हुए भी ध्रुव तारे की तरह स्थिर बना रहा है। यह स्थिरता वैश्विक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, रूसी विश्वास और दोनों देशों के साझा हितों का परिणाम है। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में 5 दिसंबर को आयोजित 23वें वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन ने इस ऐतिहासिक स्थिरता को पुनर्पुष्ट करते हुए भविष्य की दिशा स्पष्ट कर दी। यह रिश्ता अब अतीत का बोझ नहीं, भविष्य की वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में एक सक्रिय और आवश्यक घटक है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-रूस संबंधों को 'ध्रुव तारे की तरह स्थिर' कहा तो वह केवल एक कूटनीतिक प्रशंसा वाक्य नहीं था। ध्रुव तारा दिशा दिखाने वाला स्थाई प्रकाश-स्रोत है और भारत-रूस संबंध भी आज वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं, ऊर्जा-भू-राजनीति, उभरती तकनीकों, व्यापारिक विविधीकरण और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की दिशा तय करते प्रतीत होते हैं।

इस शिखर वार्ता ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत और रूस के बीच संबंध राष्ट्रीय हित, परस्पर सम्मान और साझा .ष्टिकोण की .ढ़ बुनियाद पर टिके हैं। ऐसे समय में, जब वैश्विक राजनीति अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता, यूरोपीय सुरक्षा संकट, पश्चिमी प्रतिबंधों, नाटो विस्तार और यूक्रेन युद्ध के दबावों से आकंठ भरी हुई है, भारत और रूस का संबंध संतुलन, स्वायत्तता और दीर्घकालिक नीति-दृष्टि का मॉडल बनकर उभर रहा है। दोनों देशों ने भारत-रूस आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030 नामक नए रोडमैप को मूर्त रूप दिया, जो व्यापार, ऊर्जा, उर्वरक, तकनीकी नवाचार, समुद्री अवसंरचना, श्रम गतिशीलता और रणनीतिक उद्योगों में साझेदारी को एक व्यापक और भविष्यनिष्ठ आधार प्रदान करता है। यह समझौता दो देशों के व्यापारिक हितों का विस्तार नहीं बल्कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में डॉलर वर्चस्व को चुनौती देने वाली और बहुध्रुवीय आर्थिक संरचना को स्थापित करने वाली एक साहसिक पहल भी है।

भारत और रूस के बीच व्यापारिक संबंधों की प्रकृति अब मूल्य, तकनीक और रणनीतिक नियंत्रण पर आधारित होती जा रही है। 2024 में दोनों देशों का व्यापार 64 अरब डॉलर तक पहुंच चुका था और अब 2030 तक इसे 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य उस नई आर्थिक संरचना की घोषणा है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच 96 प्रतिशत भुगतान रूपए और रूबल में होने लगा है। इस तथ्य का अर्थ वैश्विक आर्थिक विमर्श में अत्यधिक दूरगामी है, जो न केवल डॉलर की निर्भरता को चुनौती देता है बल्कि वैश्विक व्यापार को एक ऐसी राह पर ले जाता है, जहां मुद्रा-स्वायत्तता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और बहु-मुद्रा व्यापार व्यवस्था भविष्य का आधार बन सकती है। शिखर सम्मेलन में कृषि-उद्योग क्षेत्र में उर्वरक उत्पादन पर सहमति आने से भारत की खाद्य और कृषि सुरक्षा रणनीति को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। आज जहां दुनिया संसाधन-संकट, कृषि लागत, उत्पादन सीमाएं और उर्वरक आपूर्ति से संबंधित अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, वहीं भारत और रूस का संयुक्त यूरिया उत्पादन कार्यक्रम भारत को केवल खरीदार देश नहीं, वैश्विक कृषि-आपूर्ति श्रृंखला में सक्रिय उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा। यह भारत की आत्मनिर्भर कृषि नीति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के दीर्घकालिक ढ़ांचे को सु.ढ़ करेगा।

फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में रूस में भारतीय तकनीक से फार्मा फैक्ट्री की स्थापना स्वास्थ्य-क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का संकेत है। भारत आज दुनिया के लिए 'फार्मेसी ऑफ द ग्लोब' बन चुका है। कोविड काल में दुनिया ने यह देखा कि दवा निर्माण केवल उद्योग नहीं बल्कि सामरिक शक्ति भी है। रूस में दवा निर्माण भारत को न केवल बाजार देगा बल्कि ऐसे समय में तकनीकी और कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनाएगा, जब पश्चिमी दवाईयों की आपूर्ति-राजनीति वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली पर नियंत्रण का उपकरण बन चुकी है। भारत-रूस संबंधों का सबसे ठोस और दीर्घकालिक आयाम ऊर्जा क्षेत्र है। रूस भारत का सबसे बड़ा ऊर्जा-आपूर्तिकर्ता बन चुका है और उसने विश्व के ऊर्जा-संकट के मध्य भारत को अबाध आपूर्ति देकर यह साबित किया कि यह संबंध परिस्थितियों से संचा. लित नहीं बल्कि विश्वास पर आधारित है। सम्मेलन में परमाणु ऊर्जा पर हुई चर्चा और कुडनकुलम प्लांट के विस्तार की पुनर्पुष्टि भारत की स्वच्छ और विश्वसनीय ऊर्जा रणनीति को एक नई दिशा देती है। रूस द्वारा छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव उस परिवर्तन की पूर्वपीठिका है, जहां भारत विकेन्द्रीकृत ऊर्जा प्रणालियों के माध्यम से हर क्षेत्र को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ सकेगा। यह भारत के नेट-जीरो संकल्प की व्यवहारिक यात्रा का महत्वपूर्ण चरण है। क्रिटिकल मिनरल्स का मुद्दा आने वाली औद्योगिक क्रांति की रीढ़ है। एआई, इलैक्ट्रिक वाहन, एयरोस्पेस, बैटरी निर्माण और रोबोटिक्स, इन सभी उद्योगों का अस्तित्व लिथियम, निकेल, कोबाल्ट और रेयर-अर्थ मेटल्स पर निर्भर है। पश्चिमी देशों ने इन खनिजों पर एकाधिकारवादी नियंत्रण बनाने का प्रयास किया है जबकि भारत-रूस इस समीकरण को बदल रहे हैं। रूस के पास विशाल खनिज संसाधन हैं और भारत के पास विकासशील तकनीक, अनुसंधान क्षमता और उत्पादन की औद्योगिक शक्ति। दोनों का मिलन वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा को नया आयाम प्रदान करेगा।

भारत द्वारा रूसी नागरिकों के लिए 30 दिन तक मुफ्त ई-टूरिस्ट वीजा की घोषणा कूटनीति को लोगों की चेतना में स्थापित करती है। यह सांस्कृतिक जुड़ाव की पुनर्पुष्टि है, जिसमें बौद्ध परंपरा, योग, भारत-रूस सांस्कृतिक आकर्षण और ऐतिहासिक धारा की निरंतरता उपस्थित है। यह पहल वैश्विक सूचना-राजनीति के युग में 'नैरेटिव स्वायत्तता' के निर्माण की ओर भी संकेत करती है, जिसे रूस के 'आरटी इंडिया' ब्यूरो की स्थापना आगे बढ़ाएगी। इस शिखर वार्ता में यूक्रेन संकट पर भारत की स्थिति ने अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत की नई भूमिका को स्पष्ट किया। भारत न तो किसी ध्रुव में समाहित है, न ही किसी वैश्विक सुरक्षा-प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बल्कि वह शांतिवादी और वैचारिक नेतृत्व के नए मॉडल के रूप में उभरा है। ब्रिक्स, जी-20 और शंघाई सहयोग संगठन जैसे मंचों पर भारत और रूस का समन्वय बहुध्रुवीय व्यवस्था के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। यह संबंध केवल सुरक्षा और सामरिक हितों से परे है, यह एक सभ्यतामूलक विमर्श है, जहां भारत और रूस अमेरिकी-यूरोपीय प्रभाव-क्षेत्र की एकध्रुवीयता को चुनौती देते हुए वैश्विक संतुलन स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। रक्षा क्षेत्र में ब्रह्मोस मिसाइल, सुखोई विमान, एस-400 सिस्टम और नई तकनीकों पर साझेदारी यह स्पष्ट करती है कि दोनों देशों का सुरक्षा बंधन साझा रणनीतिक विश्वास का परिणाम है। पहलगाम और मॉस्को हमलों के संदर्भ में आतंकवाद विरोधी एकजुटता की घोषणा यह सिद्ध करती है कि भारत और रूस नए खतरों की प्रकृति को समझते हैं और समाधान तलाशने में भी एकमत हैं। इन सभी आयामों का संकलन बताता है कि भारत-रूस संबंध न तो बीते युग की स्मृति हैं, न ही समीपस्थ हितों की आकस्मिक आवश्यकता। यह रिश्ते का वह मॉडल है, जो विश्वास, समय, भू-राजनीति, तकनीकी क्षमता और साझा दृष्टि के संयोग से निर्मित हुआ है। यह केवल दो राष्ट्रों का गठजोड़ नहीं, दो सभ्यताओं का मार्गदर्शन है। ध्रुव तारे की उपमा इसीलिए सार्थक है क्योंकि ध्रुव तारा केवल चमकता नहीं, दिशा भी देता है। भारत और रूस का संबंध भी दिशा-निर्देशक है, नई विश्व व्यवस्था की दिशा तय करने वाला, वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को पहचान देने वाला और शक्ति-संतुलन को न्यायपूर्ण बनाने वाला। 2030 का रोडमैप इस संबंध को केवल नई मंजिल की ओर नहीं ले जाता बल्कि दुनिया को संकेत देता है कि भारत अब उस युग में प्रवेश कर रहा है, जहां वह ध्रुवों की संरचना में योगदान देने वाली शक्ति है। रूस इस यात्रा में सहायक नहीं बल्कि सहयात्री है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धरती की कार्बन भंडारण क्षमता असीमित नहीं

अध्ययन में स्थिर तलछटी चट्टानों पर ही गौर किया गया है, जहां फिलहाल अधिकांश कार्बन भंडारण की योजनाएं बनाई जा रही हैं। फिलहाल, कार्बन कैप्चर और स्टोरेज तकनीक हर साल लगभग 4.9 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड हटाती है। योजना है कि इसे बढ़ाकर 41. 6 करोड़ टन सालाना किया जाए।

एक हालिया अध्ययन के अनुसार, पृथ्वी की कार्बन डाईऑक्साइड को सुरक्षित रूप से भूमिगत भंडारण की करने क्षमता पूर्व अनुमानों से कहीं कम है और यह साल 2200 तक खत्म भी हो सकती है। इसका मतलब है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कार्बन कैप्चर और स्टोरेज जैसी तकनीकों को लंबी अवधि का हल मानना मुश्किल है।

पेरिस समझौते के तहत धरती के तापमान को औद्योगिक-पूर्व स्तर से डेढ़ से दो डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए वातावरण से काफी मात्रा में कार्बन डाईऑक्साइड को हटाना होगा। इसका एक तरीका है उद्योगों से निकलने वाली गैस को कैद करके गहराई में चट्टानों के बीच संग्रहित करना। पहले माना गया था कि धरती 10 से 40 हजार गीगाटन कार्बन डाईऑक्साइड संभाल सकती है, लेकिन ऑस्ट्रिया के वैज्ञानिकों का नया अध्ययन बताता है कि सुरक्षित क्षमता सिर्फ 1460 गीगाटन है। इस अनुमान में भूकंप से होने वाले रिसाव, तकनीकी दिक्कतों और जमीन के उपयोग पर राजनी. तिक पाबंदियों जैसे कारकों को भी शामिल किया गया है।



अध्ययन में स्थिर तलछटी चट्टानों पर ही गौर किया गया है, जहां फिलहाल अधिकांश कार्बन भंडारण की योजनाएं बनाई जा रही हैं। फिलहाल, कार्बन कैप्चर और स्टोरेज तकनीक हर साल लगभग 4.9 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड हटाती है। योजना है कि इसे बढ़ाकर 41. 6 करोड़ टन सालाना किया जाए। लेकिन पेरिस समझौते का लक्ष्य हासिल करने के लिए 2050 तक प्रति वर्ष 8.7 गीगाटन कार्बन डाईऑक्साइड हटाना होगा - यानी अगले 30 सालों में 175 गुना बढ़ोतरी। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगर धरती की सारी सुरक्षित क्षमता भी उपयोग कर ली जाए, तो भी तापमान केवल 0.7 डिग्री सेल्सियस ही घटेगा। जबकि इस सदी में तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का अंदेशा है। इसलिए सिर्फ कार्बन कैप्चर के भरोसे नहीं रहा जा सकता। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को तेजी से घटाना होगा, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ाना होगा और टिकाऊ तरीकों को अपनाना होगा। अध्ययन यह भी बताता है कि जमीन में दफन कार्बन डाईऑक्साइड का रिसाव जमीन के पानी में घुलकर कार्बोनिक एसिड बना सकता है। इस तरह बढ़ी हुई अम्लीयता से खनिज घुल सकते हैं और जहरीली धातुएं निकल सकती हैं, जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए खतरनाक है।

**-स्रोत फीचर्स**

# हरित हाइड्रोजन की ओर बढ़ते कदम

भारतीय रेल्वे ने हाल ही में घोषणा की है कि हाइड्रोजन से चलने वाली एक ट्रेन ने सभी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैंय यह ट्रेन चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी में विकसित की गई है। यह कदम राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की प्रगति का एक अच्छा संकेत है। इस मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश में प्रति वर्ष कम से कम पचास लाख मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है, जो 2070 तक देश में शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

यह ट्रेन जल्द ही हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर लंबे मार्ग दौड़ेगी। यह ट्रेन जींद में स्थित 1 मेगावाट के पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन इलेक्ट्रोलाइजर द्वारा उत्पादित हाइड्रोजन पर निर्भर है, जहां प्रतिदिन 430 किलोग्राम हाइड्रोजन का उत्पादन होता है। ट्रेन के ईंधन टैंक में हाइड्रोजन भरी जाएगी, ईंधन सेल हाइड्रोजन को बिजली में बदलेगा जिससे ट्रेन की इलेक्ट्रिक मोटरें चलेंगी। हाइड्रोजन बनाने का सिद्धांत काफी सरल है। विद्युत-अपघटक पानी के अणु को ऑक्सीजन, हाइड्रोजन आयन और इलेक्ट्रॉन में तोड़ता है। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया में ऋणात्मक इलेक्ट्रोड पर आणविक ऑक्सीजन मुक्त होती है, और मुक्त इलेक्ट्रॉन एक बाहरी परिपथ के माध्यम से धनात्मक इलेक्ट्रोड तक पहुंचते हैं। कैथोड और एनोड के बीच छन्ने के रूप में एक बहुलक विद्युत अपघटक झिल्ली होती है, जो केवल हाइड्रोजन आयन को कैथोड तक जाने देती है, जहां वे इलेक्ट्रॉनों के साथ मिलकर हाइड्रोजन अणु बनाते हैं। ए अणु गैस के रूप में ऊपर आते हैं। फिर इस गैस को संपीड़ित करके संग्रि. हत कर लिया जाता है। छन्ने के तौर पर इस्तेमाल झिल्ली आम तौर पर एक फ्लोरोपॉलीमर, जैसे नैफिऑन टेफ्लॉन से सम्बंधित, से बनी होती है। यह झिल्ली विद्युत की उम्दा कुचालक होती है, जो अपने में से इलेक्ट्रॉन्स को गुजरने नहीं देती। उत्पादित हाइड्रोजन और ऑक्सीजन एकदम अलग-अलग जगह बनते हैं।

हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों में हाइड्रोजन ईंधन सेल में उपरोक्त अभिक्रिया विपरीत दिशा में होती है। हाइड्रोजन को एनोड तक लाया जाता है, जहां उत्प्रेरक की उपस्थिति में प्रत्एक हाइड्रोजन अणु टूटकर दो हाइड्रोजन आयन और दो इलेक्ट्रॉन बनाता है। हाइड्रोजन आयन झिल्ली से होकर कैथोड तक जाते हैं जबकि इलेक्ट्रॉन इस झिल्ली को पार नहीं कर पाते और एक बाहरी परिपथ के जरिए कैथोड तक पहुंचते हैं। कैथोड पर हाइड्रोजन आयन का संपर्क हवा में मौजूद ऑक्सीजन और एनोड तक बाहरी परिपथ के माध्यम से लाए गए इलेक्ट्रॉनों से होता है। इस प्रकार पानी बनता है। बाहरी परिपथ से प्रवाहित इलेक्ट्रॉन विद्युत धारा पैदा करते हैं जो वाहन को शक्ति प्रदान करती है। ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है।

ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है। और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं।



और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं। इसमें विद्युत-रासायनिक रूप से सक्रिय सूक्ष्मजीव एनोड पर फलते-फूलते हैं और कृषि अवशेषों, अपशिष्ट जल जैसे कार्बनिक पदार्थों का ऑक्सीकरण करते हैं, और इस प्रक्रिया में उत्पन्न इलेक्ट्रॉनों को एनोड तक पहुंचाया जाता है। उत्प्रेरक के तौर पर इसमें प्लैटिनम, इरिडियम जैसे महंगे पदार्थ चाहिए होते हैं। वर्तमान शोध का उद्देश्य महंगे तत्वों को निकल, कोबाल्ट, या लोहे जैसे सस्ते तत्वों से प्रतिस्थापित करना है। सस्ते हाइड्रोजन उत्पादन के शुरुआती कार्य में जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र के सीएनआर राव के समूह ने प्लैटिनम इलेक्ट्रोड के बराबर जल-अपघटन क्षमता वाले निकल-निकल हाइड्रॉक्साइड-ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड डिजाइन किए हैं। ऐसे शोध कार्यों को सौर ऊर्जा और सूक्ष्मजीव-चालित प्रक्रियाओं के साथ जोड़कर एक ऐसा ईंधन तैयार किया जा सकता है जो पर्यावरण के अनुकूल भी हो और सस्ता भी।

**-डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**
**(स्रोत फीचर्स)**

# क्रिप्टो घोटालेबाजों पर ईडी ने कसा शिकंजा

## सरकार ने लोकसभा में बताया: 4190 करोड़ की संपत्ति जब्त और एक आरोपी भगोड़ा घोषित

**नई दिल्ली।** सरकार ने ईडी की कार्रवाई पर लोकसभा में सोमवार को आंकड़े दिए। सरकार ने बताया कि क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मामलों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन निद. शालय ने 4189.89 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की।



■ ईडी ने अब तक क्रिप्टो धोखाधड़ी से जुड़े कई मामलों की गहराई से जांच की है

इन मामलों में एक आरोपी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी भी घोषित किया गया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। सरकार ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि ईडी ने अब तक क्रिप्टो धोखाधड़ी से जुड़े कई मामलों की गहराई से जांच की है। इन जांचों के दौरान न केवल हजारों करोड़ की संपत्ति जब्त या फीज की गई, बल्कि 29 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। इसके अलावा, जांच एजेंसी ने 22 आरोप पत्र भी दाखिल किए। यह कार्रवाई इस बात का संकेत है कि सरकार वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के दुरुपयोग को लेकर कितनी गंभीर है, विशेष रूप से तब जब हाल ही में वीडीए को पीएमएलए के दायरे में लाया गया। प्रवर्तन निदेशालय के अलावा आयकर विभाग भी क्रिप्टो निवेशकों पर पैनी नजर बनाए हुए है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने तलाशी और जब्ती अभियानों के दौरान वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के लेनदेन से जुड़ी 888.82 करोड़ रुपये की अघोषित आय का पता लगाया। विभाग ने अनुपालन को सख्ती से लागू करने के लिए उन करदाताओं को भी रडार पर लिया है जिन्होंने अपने आयकर रिटर्न में 'शेडयूल वीडीए' के तहत सूचना नहीं दी।

वित्त राज्य मंत्री ने बताया कि ऐसे 44057 करदाताओं को सीबीडीटी की ओर से नोटिस भेजे गए हैं, जिन्होंने वीडीए में निवेश या व्यापार तो किया, लेकिन उसकी रिपोर्टिंग नहीं की। संसद में सरकार ने साफ किया कि भारत में फिलहाल क्रिप्टो एसेट्स या वर्चुअल डिजिटल एसेट्स अनरेगुलेटेड हैं। हालांकि, सरकार वीडीए से जुड़े लेनदेन की निगरानी और जांच को मजबूत करने के लिए क्षमता बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। पंकज चौधरी ने इस बात पर जोर दिया कि क्रिप्टो एसेट्स की प्रकृति सीमा रहित है, इसलिए केवल घरेलू स्तर पर नियम बनाना पर्याप्त भी नहीं होगा। नियामकीय आर्बिट्रेज को रोकने के लिए वैश्विक समन्वय की जरूरत क्रिप्टो पर नियामकीय ढांचे के भविष्य पर बात करते हुए वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि नियामकीय आर्बिट्रेज को रोकने के लिए मजबूत अंतर्राष्ट्रीय समन्वय की आवश्यकता है। नियामकीय आर्बिट्रेज एक ऐसी

## म्यांमार ने साइबर अपराध के आरोपी 1178 चीनी नागरिक वापस भेजे

**बीजिंग।** चीन के जन सुरक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि इस महीने की शुरुआत से म्यांमार के म्यावाडी में टेलीकॉम धोखाधड़ी के मामलों में शामिल कुल 1178 चीनी नागरिकों को वापस लाया गया है। मंत्रालय ने अपने आधिकारिक वीचैट अकाउंट पर एक बयान में कहा कि एक दिसम्बर से संदिग्धों को चीनी पुलिस की निगरानी में थाईलैंड के रास्ते समूहों में सौंपा गया है। यह हस्तांतरण 14 नवम्बर को चीन, कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम के बीच हुई एक मंत्री स्तरीय बैठक के बाद हुआ। बैठक में शामिल देशों ने सहयोग को गहरा करने और सीमा पार टेलीकॉम धोखाधड़ी पर मिलकर कार्रवाई शुरू करने पर सहमति जताई थी।



**अहमदाबाद। इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानें रद्द होने से प्रभावित हुए हवाई यात्री भारतीय रेलवे द्वारा चलाई जा रही एक विशेष ट्रेन में सवार होने की तैयारी करते हुए।**

## बेनिन ने नाइजीरिया की मदद से तख्तापलट की कोशिश की नाकाम

**अबुजा।** पश्चिम अफ्रीकी देश बेनिन में नाइजीरियाई सेना ने वहां के सुरक्षा बलों की सहायता करते हुए तख्तापलट की कोशिश को नाकाम किया है। बेनिन के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में बताया कि बेनिन ने नाइजीरिया से तुरंत हवाई सहायता देने और नाइजीरियाई सैनिकों को भेजने की मदद मांगी थी, ताकि देश के संविधान और संस्थाओं की रक्षा की जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बेनिन के अनुरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबु ने नाइजीरियाई सशस्त्र बलों को बेनिन में तख्तापलट की कोशिश करने वाले समूह को रोकने में मदद करने का तुरंत आदेश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### हम आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करेंगे: थाई प्रधानमंत्री

**बैंकॉक।** थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने सोमवार को कहा कि कंबोडिया के साथ सीमा पर चल रही झड़पों के जवाब में थाईलैंड राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए 'आत्मरक्षा के अपने वैध अधिकार' का इस्तेमाल करेगा। चर्नविराकुल ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव के बाद टेलीविजन पर दिए गए संबोधन में कहा कि सभी मामलों में स्थिति के अनुसार सैन्य अभियान चलाए जाएंगे। इसमें सावधानी बरती जाएगी और मानवीय सिद्धांतों का पालन किया जाएगा।

### कंबोडिया के साथ ताजा सीमा संघर्ष में थाईलैंड के सैनिक की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड की कंबोडिया से लगती विवादित सीमा पर हुई ताजा झड़प में एक थाई सैनिक की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। लंबी सीमा साझा करने वाले इन दो पड़ोसी देशों के बीच चल रहे संघर्ष ने महीनों से चले आ रहे तनाव को एक बार फिर बढ़ा दिया है। थाईलैंड की सेना ने बताया कि कंबोडियाई सैनिकों ने सोमवार तड़के उबोन रत्चथानी प्रांत में थाई सेना पर गोलीबारी की, जिसके कारण जवाबी गोल. ीबारी हुई जिसमें उनके एक सैनिक की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

### तुर्की में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** तुर्की में सोमवार को 5.5 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने दी। स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 01:21 बजे आए भूकंप का केन्द्र, 92.1 किमी की गहराई पर 36.91 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 30.89 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया। भूकंप में किसी प्रकार के जानमाल का नुकसान होने की खबर नहीं है।

### रोमानिया में सिउकू ने जीता बोखारेस्ट के महापौर का चुनाव

**बुखारेस्ट।** रोमानिया की नेशनल लिबरल पार्टी के सिप्रियन सिउकू ने बुखारेस्ट के महापौर के लिए हुए चुनाव में जीत दर्ज करते हुए राजधानी का सबसे बड़ा पद हासिल कर लिया। रोमानिया के स्थाई चुनावी प्राधिकरण के के अनुसार सभी 1289 मतदान केंद्रों की गिनती पूरी होने के बाद सिउकू को 36.16 प्रतिशत वोट मिले। बुखारेस्ट के 589000 से जयादा निवासियों ने वोट डाले, जो पंजीकृत मतदाताओं का 32.71 प्रतिशत था। सिउकू ने 2000 में राजनी. ति में कदम रखा था और बाद में स्थानीय प्रशासन में शामिल हो गए थे शुरू में उन्होंने स्थानीय पार्षद के तौर पर काम किया।

# क्वाड के जरिये भारत से सहयोग बढ़ाने पर जोर

## अमेरिकी सांसदों ने जारी किया वार्षिक रक्षा नीति विधेयक, चीन की चुनौती का सामना करने का मुद्दा

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिकी वार्षिक रक्षा नीति विधेयक में भारत के साथ सहयोग को व्यापक बनाने पर जोर दिया गया है। इसमें क्वाड के जरिये सहयोग बढ़ाने की बात भी कही गई है, ताकि एक स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखा जा सके और चीन की चुनौती का सामना किया जा सके। सांसदों ने 2026 के वित्तीय वर्ष के लिए 'नेशनल डिफेंस आथोराइजेशन एक्ट' विधेयक जारी किया। इसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों के बारे में कांग्रेस की राय बताई गई है।

इसमें कहा गया है कि रक्षा मंत्री को ऐसे प्रयास जारी रखने चाहिए जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों को मजबूत करें, ताकि चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में अमेरिका का 'तुलनात्मक लाभ' बढ़ाया जा सके। इन प्रयासों में भारत के साथ क्वाड के जरिये अमेरिकी सहयोग का विस्तार शामिल है। इसमें द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग, सैन्य अभ्यासों में भागीदारी, रक्षा व्यापार का विस्तार और मानवीय सहायता तथा आपदा प्रतिक्रिया में सहयोग शामिल हैं, ताकि एक स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखा जा सके। इसके अलावा, इसमें भारत के साथ समुद्री सुरक्षा पर अधिक सहयोग की संभावना पर जोर दिया गया है। क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया



**चीन के आक्रामक व्यवहार का सामना करने के लिए 2017 में यह समूह बनाया गया था**

शामिल हैं। चीन के आक्रामक व्यवहार का सामना करने के लिए 2017 में यह समूह बनाया गया था। रक्षा नीति विधेयक में यह भी कहा गया है कि रक्षा मंत्री को विदेश मंत्री के साथ तालमेल बनाकर एक योजना बनानी चाहिए और चलानी चाहिए, ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की रक्षा औद्योगिक क्षमताओं के बीच सहयोग मजबूत हो सके। यह पहल सभी देशों के रक्षा उद्योगों को मजबूत करेगी। इसमें उनकी क्षमता बढ़ाना, उत्पादन और कर्मचारियों को बढ़ाना, आपूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना, विभिन्न देशों की प्रणालियों को एक-दूसरे के साथ काम करने योग्य बनाना और देशों के बीच तालमेल बढ़ाना शामिल है।

## 6 खाड़ी देशों ने ईरान को दी चेतावनी

**वाशिंगटन।** गल्फ कोआपरेशन काउंसिल (जीसीसी) ने ईरान के उस बयान पर गंभीर आपत्ति जताई है, जिसमें उसने 3 विवादित आइलैंड्स पर अपना दावा पेश किया था। ईरान ने दावा किया था कि यूएई के तीन द्वीप ग्रेटर टनब, लेसर टनब और अबू मूसा उसके हैं। उसने सऊदी अरब और कुवैत के संयुक्त दुर्रा आफशोर आयल फील्ड पर अधिकार जताया था। इसके साथ ही ईरान ने बहरीन की संप्रभुता पर सवाल उठाए थे।

■ यूएई के तीन द्वीप ग्रेटर टनब, लेसर टनब और अबू मूसा पर दावा पेश किए जाने से बने जंग के आसार

जीसीसी में सऊदी अरब, ओमान, यूएई, कतर, बहरीन और कुवैत शामिल हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघेई और संसदीय अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने दावा किया था कि ये आइलैंड ईरानी क्षेत्र हैं। जीसीसी के महासचिव जासेम अल-बुदैवी ने कहा कि ईरान के बयान गलत, भ्रामक और बेबुनियाद आरोपों से भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान अंतर्राष्ट्रीय नियमों के खिलाफ हैं। खास तौर पर वे नियम, जिनमें किसी देश के आंतरिक मामलों में दखल न देने और पड़ोसियों के साथ अच्छे रिश्ते रखने की बात कही गई है। अल-बुदैवी ने कहा कि ईरान की टिप्पणियां जीसीसी के उन प्रयासों को नुकसान पहुंचाती हैं, जो वह ईरान के साथ रिश्ते सुधारने के लिए कर रहा है। उन्होंने बताया कि खाड़ी देश हमेशा ईरान के साथ बेहतर संबंध रखना चाहते हैं और क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए सहयोग करते हैं। जीसीसी ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का पालन करने की जरूरत दोहराई। इनमें संप्रभुता का सम्मान, विवादों का शांतिपूर्ण हल और बल प्रयोग से बचना शामिल हैं। उन्होंने यह याद दिलाया कि ईरान ने जून में कतर पर हमला करके पहले भी इन सिद्धांतों का उल्लंघन किया था। अल-बुदैवी ने यह भी कहा कि जीसीसी देशों और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच हुई बैठकों में दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता पर बातचीत की थी। जीसीसी ने अंत में ईरान से अपील की कि वह झूठे बयान देना बंद करे और संवाद और भरोसा बढ़ाने के प्रयासों में बाधा न डालें। ग्रेटर टनब, लेसर टनब और अबू मूसा नाम के द्वीप पर्शियन गल्फ (अरब सागर का हिस्सा) में स्थित हैं। 1971 में यूएई के गठन से ठीक पहले ईरान ने इन द्वीपों पर नियंत्रण कर लिया था।

# सीरिया में शरणार्थी बने रहने को मजबूर लोग

**दमिश्क।** एक साल पहले बशर-अल असद की सरकार गिरने के बाद सीरिया में लंबे वक्त से चला आ रहा गृह युद्ध तो खत्म हो गया, लेकिन कई सीरियाई परिवार अब भी घर लौटने के इंतजार में हैं। इदलीब और अलेप्पो के शिविरों में सालों गुजारने के बाद जब ए परिवार अपने-अपने शहर लौट रहे हैं तो उन्हें अपने घर की जगह सिर्फ मलबे का ढेर मिल रहा है।

उनके लिए अपने शहर को पहचान पाना मुश्किल है, इसलिए यह वापसी बेमानी साबित हो रही है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की एक रिपोर्ट बताती है कि अलेप्पो की उत्तरी सीमा पर मौजूद ऐन दकनेह गांव में जो मोहल्ले कभी सैकड़ों लोगों का ठिकाना हुआ करते थे, वे अब टूटी-फूटी दीवारों, खंडहरों और मलबे के ढेर में तब्दील हो गए हैं। ऐन दकनेह के रहने वाले 40 वर्षीय यूसुफ मोहम्मद दीब तुर्किए की सीमा के करीब मौजूद बाब अल-सलाम शिविर से लौटने के बाद कहते हैं कि जब वह यहां लौटे तो उन्हें तबाही के सिवा कुछ नहीं दिखा। घर से दूर 10 साल बिताने वाले मोहम्मद दीब कहते हैं कि पूरा गांव तहस-नहस हो चुका है और

■ हमारे पास गुजारा करने के लिए कमाई का कोई जरिया नहीं है

अब वहां कुछ नहीं बचा। रहने के लिए कोई घर नहीं, और युद्ध रुकने के बावजूद भी वह एक शि. विर में ही हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनआरए) के अनुसार, 30 लाख से ज्यादा सीरियाई शरणार्थी युद्ध रुकने के बाद से देश-विदेश से अपने घर लौटे हैं। वापसी के बाद हालांकि उन्हें न तो जीने लायक बुनियादी ढांचा मिला है, न विद्यालय मिले हैं, न स्वास्थ्य सेवाएं मिली हैं और न ही पर्याप्त रोजगार। शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की उप-उच्चायुक्त केली क्लेमेंट्स के अनुसार, बिजली, पानी, विद्यालय और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे जरूरी बुनियादी ढांचे में निवेश के बिना सीरिया लोगों के लौटने के बाद उनकी व्यवस्था नहीं कर पाएगा। इदलीब के रहने वाले 63 वर्षीय इल्हाम जिलाक कहते हैं कि हम अपने घर लौटना चाहते हैं, लेकिन हमारे सब घर तबाह हो चुके हैं। मैं और मेरे सब भाई बूढ़े हो चुके हैं। हमारे पास गुजारा करने के लिए कमाई का कोई जरिया नहीं है।

# पीली रेखा है गाजा-इजरायल की नई सीमा: इजरायली सेना

**यरुशलम।** इजरायली सेना प्रमुख आयल जमीर ने कहा कि नई बनाई गई 'एलो लाइन' इजरायली गाजा पट्टी की 'नई सीमा रेखा' है। दो माह पहले 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम के बावजूद इजरायली सेना ने गाजा के कुछ हिस्से पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है।

इस हिस्से की सीमा को ही 'पीली रेखा' कहा जा रहा है। जमीर ने गाजा में बैत हनून और जबलिया के दौरे के दौरान कहा कि पीली रेखा एक नई सीमा रेखा है, जो हमारे समुदायों के लिए एक रक्षा पंक्ति और परिच. ालन गतिविधि की रेखा के तौर पर काम करती है। उन्होंने कहा कि सेना ने 'गाजा पट्टी के बड़े हिस्सों पर नियंत्रण' कर लिया है और इजरायली सेना उन इलाकों में बनी रहेगी। जमीर ने कहा कि सेना 'हमास को खुद को फिर से स्थापित करने की अनुमति नहीं देगी' और 'अचानक हमले के परिदृश्यों' के लिए तैयारी कर रही है। इसे उन्होंने सेना की आने वाली कई वर्षों की योजना का एक मुख्य आधार बताया। उन्होंने कहा कि जब तक गाजा में आखिरी मृत बंधक, पुलिस अधिकारी रैन ग्विली के अवशेषों को घर नहीं लाया जाता, तब तक मिशन पूरा नहीं होगा। हमास ने ग्विली के अलावा सभी 20 जीवित बंधकों और 27 मृत बंधकों के शवों को लौटा दिया है। इस दौरान इसरायली सैनिकों ने दर्जनों फिलिस्तीनियों की गोली मारकर यह कहते हुए हत्या की है कि वे संदिग्ध थे जिन्होंने 'पीली रेखा' पार की थी।

## गाजा में इजरायली सेना ने की फलस्तीनी लड़ाकों की हत्या

**गाजा।** दक्षिणी गाजा के राफा के मवासी इलाके में इजरायली सेना की गोलीबारी में एक फलस्तीनी लड़की की मौत हो गई। एम्बुलेंस और आपातक. ालीन सेवाओं ने बताया कि लड़की की मौत मवासी में इजरायली सेना के तैनाती क्षेत्रों के बाहर हुई। इजरायली रक्षा बलों ने कहा कि दक्षिणी गाजा में सैनिकों ने एक आतंकवादी की पहचान की, जो पीली रेखा पार कर सैनिकों के पास आया था और तत्काल खतरा पैदा कर रहा था कि और उन्होंने 'आतंकवादी को मार गिराया।' इस बीच, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि दवाओं और चिकित्सा आपूर्ति का भंडार 'विनाशकारी' शून्य स्तर पर बना हुआ है।

# थाइलैंड ने की कंबोडिया पर एयर स्ट्राइक

## 45 दिन पहले ही ट्रम्प ने कराया था सीजफायर

**वाशिंगटन।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क गई है। थाईलैंड ने एक बार फिर कंबोडिया की सीमा पर एयर स्ट्राइक की है। इससे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों देशों के बीच युद्धविराम कराया था। इसके बाद थाईलैंड ने अब सीजफायर का उल्लंघन करते हुए एयर स्ट्राइक की है। हालांकि, दोनों देशों ने एक-दूसरे पर सीजफायर का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

एक थाई सैन्य अधिकारी ने कहा कि कंबोडियाई सैन्य ठिकानों पर किए गए हवाई हमले सोमवार सुबह हुए उस हमले का जवाब थे, जिसमें एक थाई सैनिक की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हुए थे। थाई सेना ने कहा कि पूर्वी प्रांत उबोन रत्चाथानी के दो क्षेत्रों में हिंसा भड़क गई थी। इसमें एक थाई सैनिक की मौत हो गई है और चार घायल हुए हैं। इसी के जवाब में थाईलैंड ने कंबोडिया पर एयर स्ट्राइक की। एक बयान में कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने हवाई हमलों की पुष्टि करते हुए कहा, 8 दिसम्बर 2025



■ पूर्वी प्रांत उबोन रत्चाथानी के दो क्षेत्रों में हिंसा भड़क गई थी

की सुबह लगभग 05:04 बजे, थाई सैन्य बलों ने प्रेह विहियर प्रांत के अन सेस क्षेत्र में कंबोडियाई बलों पर हमला किया। बयान में कहा गया कि कंबोडिया ने पलटवार नहीं किया। कंबोडिया ने यह भी कहा कि वो थाई पक्ष की ओर से की गई अमानवीय और बर्बर कार्रवाइयों की कड़े से कड़ी निंदा करता है। साथ ही कंबोडिया ने कहा कि थाईलैंड की ओर से किया गया यह हमला 26 अक्टूबर को हुए सीजफायर का उल्लंघन है। थाई सेना ने कहा कि कंबोडिया ने सोमवार तड़के लगभग 3 बजे (स्थानीय समय) थाई सीमा को निशाना बनाना शुरू किया। इसी के बाद एक अलग बयान में, कंबोडियाई सेना ने आरोप लगाया कि थाई सेना ने लगभग 5:04 बजे सुबह (स्थानीय समय) कंबोडियाई बलों पर हमला किया। दोनों देशों के बीच जुलाई में सीमा विवाद भड़क गया था। इसी के बाद 5 दिन तक दोनों के बीच युद्ध हुआ। इसी के बाद मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और ट्रम्प की मध्यस्थता में युद्धविराम समझौता हुआ। दोनों नेताओं ने अक्टूबर में कुआलालंपुर में दोनों देशों के बीच शांति समझौता कराया। दोनों देशों के बीच जुलाई में झड़पे बढ़ गई थी। दोनों पड़ोसियों ने एक दूसरे पर राकेट दागे थे। इन हमलों में कम से कम 48 लोगों की मौत हुई और लगभग 3 लाख लोग अस्थायी रूप से विस्थापित हो गए।

# पुतिन के भारत दौरे पर चीन की अहम प्रतिक्रिया

## विदेश मंत्रालय ने तीनों देशों के बीच सहयोग पर जोर दिया, ग्लोबल साउथ का अहम हिस्सा बताया

**बीजिंग।** चीन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। साथ ही तीनों देशों को ग्लोबल साउथ का अहम हिस्सा बताते हुए कहा कि अच्छे त्रिपक्षीय संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति-स्थिरता में सहायक साबित होंगे।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान पुतिन की यात्रा पर पहली बार प्रतिक्रिया दी। गुओ ने कहा कि चीन, रूस और भारत उभरती अर्थव्यस्थाएं हैं। हम पुतिन की भारत यात्रा को बहुत करीब से देख रहे थे, हमारे रूस के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। चीन द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए रूस और भारत के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। भारत दौरे से पहले एक इंटरव्यू में पुतिन ने कहा था कि भारत और चीन हमारे करीबी दोस्त हैं। हम इस रिश्ते को काफी अहमियत देते हैं। भारत और चीन के रिश्ते 2020 में लद्दाख में सैनिक तनाव के बाद काफी प्रभावित हुए थे, लेकिन अब दोनों देश धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं। इस पर चीन ने कहा कि वह भारत के साथ रिश्तों को लंबी अवधि और रणनीतिक दृष्टि से आगे बढ़ाना चाहता है, ताकि दोनों देशों को फायदा मिले और एशिया समेत पूरी दुनिया में शांति और समृद्धि बढ़े। चीनी मीडिया ने भी पुतिन के बयानों को प्रमुखता से दिखाया, खासकर वह हिस्सा जिसमें उन्होंने अमेरिका के आरोपों का जवाब दिया। अमेरिका कहता रहा है कि भारत रूस से बड़ी मात्रा में सस्ता तेल खरीद रहा है, लेकिन पुतिन ने इन आरोपों को खारिज किया। चीन खुद भी रूस का सबसे बड़ा तेल और गैस खरीदार है और उसने भी अमेरिका की उन मांगों को ठुकराया है, जिसमें रूस से ऊर्जा खरीद बंद करने को कहा जाता है। पुतिन 4 से 5 दिसम्बर तक भारत में थे। यह उनकी 2021 के बाद पहली भारत यात्रा थी। इस दौरान भारत और रूस के बीच कई महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनका उद्देश्य व्यापार, ऊर्जा, रक्षा और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना है।



■ हम पुतिन की भारत यात्रा को बहुत करीब से देख रहे थे, हमारे रूस के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं

